

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 124 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 12 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## कनाडा के स्कूल में गोलीबारी: हमलावर समेत 10 की मौत

ब्रिटिश कोलंबिया के टंबलर रिज हाई स्कूल में हुई सामूहिक गोलीबारी, कई घायल; जांच जारी



समाज जागरण

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में मंगलवार (स्थानीय समय) को टंबलर रिज स्थित एक हाई स्कूल में हुई सामूहिक गोलीबारी में हमलावर समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। यह जानकारी रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने दी।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, हाई स्कूल के अंदर छह लोगों की मौत हुई और एक अन्य व्यक्ति अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। संदिग्ध हमलावर भी मृत पाया गया, जिसकी मौत खुद को पहुंचाई गई चोट के कारण हुई। इसके अलावा, एक घर से भी दो शव बरामद हुए हैं, जिनका इस घटना से संबंध होने का संदेह है। घायल सभी लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

**मुख्य हाइलाइट्स**

मृतकों की संख्याः हमलावर समेत 10।

स्थानः टंबलर रिज हाई स्कूल, ब्रिटिश कोलंबिया।

जांचः गोलीबारी के कारणों और संदिग्ध हमलावर की पृष्ठभूमि की जांच जारी।

सुरक्षा अलटः एक्टिव शूटर अलर्ट हटा दिया गया।

स्थानीय प्रतिक्रियाः MLA लैरी न्यूफेल्ड ने प्रभावित परिवारों और समुदाय को संवेदनाएं व्यक्त की।

"टंबलर रिज सेकेंडरी स्कूल में हुई दुखद और बहुत परेशान करने वाली घटना के बाद मेरी दुआएं स्टूडेंट्स, परिवारों, टीचर्स और पूरी कम्युनिटी के साथ हैं।" – MLA लैरी न्यूफेल्ड

उपशीर्षकः बेसिक शिक्षा में 77,622 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक निवेश, हर जिले में दो मॉडल स्कूल और बालिकाओं के लिए नए आवासीय विद्यालय

# योगी सरकार का मेगा एजुकेशन प्लान: 150 मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल होंगे तैयार

समाज जागरण

मुख्य खबरः लखनऊ। विधानसभा में पेश वर्ष 2026-27 के बजट में प्रदेश की बेसिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा के ढांचे में व्यापक सुधार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपए का अभूतपूर्व निवेश करने की योजना बनाई है।



शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह राशि परिषदीय विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित होगी। कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले सभी छात्रों को निःशुल्क यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूते-मोजे और स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिए 650 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

सरकार प्रत्येक जिले में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। प्रदेश के 75 जिलों में कुल 150 ऐसे स्कूल प्रस्तावित हैं, जिन्हें डिजिटल कक्षाओं और आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। इसके अलावा, प्रत्येक जनपद में एक मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय भी विकसित होगा, ताकि ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों को समान गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके।

बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिन विकास खंडों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नहीं हैं, वहां नए आवासीय विद्यालय स्थापित करने के लिए 580 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा शुरू करने के लिए 358 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

स्मार्ट स्कूल के रूप में प्राथमिक विद्यालयों को विकसित करने के लिए 300 करोड़ रुपए और अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में सुरक्षा सुधार एवं अधोमानक संस्थानों के सुदृढ़ीकरण के लिए भी 300 करोड़ रुपए बजट में शामिल हैं।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह बजट केवल धनराशि का प्रावधान नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, समान और संस्कारयुक्त शिक्षा पहुंचाने का स्पष्ट संकल्प है। उनका कहना था कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करना सरकार की प्रतिबद्धता है।

**मुख्य हाइलाइट्स**

निःशुल्क शिक्षा सामग्रीः कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्रों को यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूते-मोजे और स्टेशनरी उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री मॉडल स्कूलः हर जिले में 2 मॉडल स्कूल, प्रदेश में कुल 150, डिजिटल कक्षाओं और आधुनिक सुविधाओं से लैस।

मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालयः ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के लिए समान गुणवत्ता की शिक्षा।

बालिका शिक्षाः कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के अभाव वाले क्षेत्रों में नए आवासीय विद्यालय, 580 करोड़ रुपए का प्रावधान।

शिक्षक स्वास्थ्य सुरक्षाः परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा, 358 करोड़ रुपए।

स्मार्ट स्कूल और सुरक्षाः डिजिटल बोर्ड और कक्षा उपकरण, 300 करोड़ रुपए; सुरक्षा ऑडिट और अधोमानक स्कूलों के सुधार पर 300 करोड़ रुपए।

## पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने कहा कि उनके मूल्यों पर आधारित सिद्धांत और विचार देश की हर पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे।



**प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा,**

"मातृभूमि के अनन्य उपासक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। मूल्यों पर आधारित उनके सिद्धांत और विचार देश की हर पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे।"

उन्होंने आगे कहा,

"सर्वस्व समर्पण उस चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होती है। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने इसी भावना से देश के जन-जन को सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।"

**पीएम मोदी ने इस अवसर पर संस्कृति श्लोक भी साझा किया:**

"यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः। यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू कस्मै देवाय हविषा विधेम॥"

अथः "जिस राष्ट्र की महिमा का गान हिमालय करता है, जिसकी कीर्ति नदियों के साथ समुद्र तक प्रवाहित होती है और जिसकी भुजाओं के समान दिशाएं उसे नमन करती हैं, उस राष्ट्र को हम अपना सर्वस्व समर्पित करें।"

## शिवराज सिंह चौहान का बड़ा ऐलान: ग्रामीण भारत में 10 लाख करोड़ का निवेश

अगरतला। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में आयोजित सम्मेलन में ग्रामीण भारत के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना के तहत अगले 10 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में 10 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

## 'आपने भारत माता को बेच दिया' राहुल गांधी का PM मोदी पर तीखा हमला

समाज जागरण

लोकसभा में यूनियन बजट पर बहस के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखी आलोचना की। उन्होंने भारत-वर ट्रेड डील को लेकर सरकार पर "भारत माता को बेचने" का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री दबाव में काम कर रहे हैं।



**राहुल गांधी ने कहा,**

"उन्होंने उनकी गर्दन पकड़ ली है, और उनकी आँखों में डर साफ दिख रहा था। अमेरिका के साथ जुड़ाव बराबरी के आधार पर होना चाहिए।"

उन्होंने यह भी कहा कि वर-चीन की दुश्मनी में भारतीय डेटा एक अहम स्ट्रेटेजिक एसेट है, और अमेरिकी डॉलर की सुरक्षा के लिए इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। गांधी ने इकोनॉमिक सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया स्थिरता से अस्थिरता की ओर बढ़ रही है।

इसके साथ ही उन्होंने भारत की एनर्जी सिक्योरिटी, किसानों के हित, डिजिटल ट्रेड, डेटा लोकलाइजेशन, टैक्स लिमिट और सोर्स कोड डिस्क्लोजर नियमों पर सवाल उठाए।

**राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर भी सन्देश दिया, "भारत आपके नौकर नहीं है,"**

इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपने हितों और संसाधनों की रक्षा खुद करेगा।

## सरकार ने पिछले साल के मुकाबले 9 परसेंट ज्यादा वसूला टैक्स, रिफंड में तेज गिरावट

नई दिल्ली. भारत सरकार की टैक्स कलेक्शन FY26 में मजबूत बनी हुई है और डायरेक्ट टैक्स से होने वाली कमाई में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 1 अप्रैल से 10 फरवरी FY26 के बीच नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 19.43 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 9.4 प्रतिशत ज्यादा है.

यह आंकड़ा बताता है कि सरकार को कॉरपोरेट टैक्स और पर्सनल इनकम टैक्स दोनों से मजबूत सपोर्ट मिल रहा है और टैक्स कंप्लायंस में सुधार हुआ है.



### कॉरपोरेट टैक्स और पर्सनल टैक्स में कितना कलेक्शन

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के डेटा के मुताबिक 10 फरवरी तक नेट कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 8.89 लाख करोड़ रुपये रहा है. इसमें सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. वहीं नेट नॉन कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन, जिसमें पर्सनल इनकम टैक्स शामिल है, 10.03 लाख करोड़ रुपये रहा है और इसमें 5.9 प्रतिशत की बढ़त हुई है.

## ट्रंप ने खामेनेई की पीठ पर घोंपा छुरा?

तेहरान : ईरान और अमेरिका ऊपर-ऊपर से बातचीत का दिखावा कर रहे हैं लेकिन अंदर ही अंदर दोनों देश खतरनाक प्लानिंग कर रहे हैं. हाल ही में इस संघर्ष को लेकर ऐसी खबर सामने आ रही है, जिसे सुनकर मिडल ईस्ट के कई देशों की धड़कनें बढ़ जाएंगी. अमेरिका ने पीठ पीछे ईरान को घेरना शुरू कर दिया है. कतर, जॉर्डन और सऊदी अरब जैसे देशों के सैन्य अड्डों पर अमेरिकी फाइटर जेट्स और खतरनाक पैट्रियट मिसाइल सिस्टम का जो जमावड़ा देखा गया है.


आपके बैंक से केवाईसी अपडेट का अलर्ट आया है? कोई बात नहीं - केवाईसी को अप-टू-डेट रखने से आपको बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी बिना रुकावट के।



आपका केवाईसी अपडेट करना है नूडल्स बनाने जितना आसान!

कैसे?

अगर 'केवाईसी में कोई बदलाव नहीं है' या 'सिर्फ पते में बदलाव हुआ है' तो एक सेल्फ-डिक्लरेशन देकर इसे अपडेट किया जा सकता है।

- पंजीकृत ईमेल/ मोबाइल नंबर
- ऑनलाइन बैंकिंग/ मोबाइल बैंकिंग
- एटीएम
- बैंक के कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)
- पत्र, आदि।

केवाईसी जानकारी में अन्य बदलाव इनकी मदद से करें:

- आधार ओटीपी आधारित ई-केवाईसी
- वीडियो केवाईसी (जहाँ उपलब्ध हो)

या

आपका अपडेट किया हुआ **ऑफ़िशियली वैलिड डॉक्युमेंट (ओवीडी)*** बैंक की शाखा में जमा करके।

*ओवीडी: पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी कार्ड/आधार कार्ड/ नरेगा जॉब कार्ड/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी पत्र

केवाईसी अब कराई जा सकती है जल्दी और आसानी से बैंक द्वारा अधिकृत माध्यमों से ही केवाईसी अपडेट कराएं।

**क्या आप जानते हैं?** एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है, सीकेवाईसीआर के ज़रिए।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।

क्यूआर कोड स्कैन करें।

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935




जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

## एक आत्मकथा से व्यथित सरकार




भारत की सरकार एक रिटायर्ड जनरल की आत्मकथा से व्यथित है. थरथर कांप रही है, क्योंकि इस आत्मकथा से सरकार के शौर्य, पराक्रम और झूठ का पदार्फास होता दिखाई दे रहा है. मेरा दुर्भाग्य है कि जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की किताब 'फोर स्टार आफ डेस्टिनी' की जब प्री बुकिंग हो रही थी तब मेरे पास किताब खरीदने के लिए 3296 ड्ड नहीं थे.होते तो मैने इसे पढ लिया होता.

सेवानिवृत सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे पर मुझे क्या पूरे देश को गर्व है. अविभाजित महाराष्ट्र में 22 अप्रैल 1960 को जन्मे मनोजको उनकी सेवाओं के लिए इसी सरकार से परम विशिष्ट, अति विशिष्ट सेवा पदक दिए गए हैं और आज यही सरकार मनोज नरवणे की आत्मकथा से कांप रही है.

मनोज मुकुंद नरवणे खुशनसीब हैं कि लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी जैसे सुधी पाठक उनकी उस किताब को मिले जो अब छपकर भी नहीं छपी. सरकार के डर से प्रकाशक पेगुइन ने भी झूठ बोलना शुरू कर दिया कि किताब छपी ही नहीं है. पेगगुइन का डर समझा जा सकता है. एक प्रकाशक में इतना साहस नहीं होता कि वो किसी संप्रभु और तानाशाह सरकार से टकरा सके. पेगुइन पर दया आती है.

बहरहाल किस्सा ये है कि राहुल गांधी ने एक फौजी जनरल की किताब को ऐसी बोफोर्स तोप में बदल दिया है जो मोदी सरकार के परखच्चे उडाने में समर्थ है. जनरल नरवणे ने किताब लिखते समय शायद इस बात की कल्पना भी नहीं की होगी कि वे जो सच लिख रहे हैं वो एक दिन देश की लूली-लंगडी सरकार की नींद हराम कर देगा.

मेरा दुर्भाग्य ये है कि मैं नरवणे साहब की आत्मकथा पढ नहीं सका, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि एक जनरल ने अपनी आत्मकथा में जो भी लिखा होगा वो पूरी ईमानदारी से लिखा होगा. दर असल आत्मकथा लिखना बहुत आसान काम नहीं है. मैने महात्मा गांधी से लेकर बेचन शर्मा उग्र तक की आत्मकथाएं पढीं हैं. मै खुद एक लेखक होने के नाते जानता हूँ कि आत्मकथा लिखना उतना आसान नहीं है जितना सुबह सुब, सूरज का उगना. आत्मकथा तो एक कोशिश है पत्थर पर मोमबत्ती से खुद को उकेरने की.

मजे की बात ये है कि एक तरफ राहुल गांधी जनरल नरवणे को उदघृत कर सरकार को कटघरे में खडा कर रहे हैं वही दूसरी ओर सरकार राहुल गांधी को, जनरल नरवणे को और पेगुइन को झूठ साबित करने में लगी है. हकीकत ये है कि न जनरल नरवणे झूठे हैं न राहुल गांधी. झूठा पेगुइन भी नहीं है किंतु सरकार के दबाब में झूठ बोलने के लिए मजबूर है. पर आज के डिजिटल और ए आई के युग में झूठ छिपता नही है.

सरकार में इतना साहस नहीं कि वो जनरल नरवणे की किताब पर प्रतिबंध लगा दे. सरकार में इतना साहस नहीं है कि वो कथित गलतबयानी के लिए एक जनरल को गिरफ्तार करा ले. सरकार फंस गई है. एक तरफ एपस्टीन फाइल सरकार के चरित्र पर प्रश्नचिन्ह लगा रही हैतो दूसरी तरफ फोर स्टार आफ डेस्टिनी सरकार के चरित्र को बेनकाब कर रही है.

मैने इधर-उधर से 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी'के बारे में जितना पढा है उसके आधार पर मैं कह सकता हूँ कि ये आत्मकथा भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की प्रेरक आत्मकथा है। यह पुस्तक एक युवा कैडेट से लेकर चार-सितारा जनरल बनने तक की उनकी यात्रा को साझा करती है और सैन्य नेतृत्व, अनुशासन तथा राष्ट्र सेवा पर दुर्लभ अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।

फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी जनरल मनोज मुकुंद नरवणे–भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख–की प्रभावशाली और अत्यंत व्यक्तिगत आत्मकथा है। इस पुस्तक में जनरल नरवणे पाठकों को अपने असाधारण सफर पर ले जाते हैं–अपने प्रारंभिक जीवन और प्रशिक्षण के दिनों से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी और सम्मानित सेनाओं में से एक का नेतृत्व करने तक।

सरल लेकिन रोचक शैली में लिखी गई यह पुस्तक पदों और तमगों से आगे बढ़कर सैन्य जीवन के मानवीय पक्ष को उजागर करती है। इसमें उनके करियर के अहम पड़ाव, सीमाओं पर सामना की गई चुनौतियाँ, महत्वपूर्ण नेतृत्व निर्णय, और वे मूल्य शामिल हैं जिन्होंने उनके नेतृत्व को आकार दिया–अनुशासन, ईमानदारी, साहस और जिम्मेदारी।

यह पुस्तक भारतीय सेना के सर्वोच्च स्तर पर कार्यप्रणाली की पर्दे के पीछे की झलक भी देती है, जिससे यह रक्षा-रुचि रखने वालों, भावी अधिकारियों, नेतृत्व सीखने वालों और भारत के सैन्य इतिहास में रुचि रखने वाले सभी पाठकों के लिए एक आवश्यक पठन बन जाती है। फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी केवल एक व्यक्ति की उन्नति की कहानी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सेवा, बलिदान और प्रतिबद्धता को समर्पित एक श्रद्धांजलि है।

**@ राकेश अचल**

# योगी के बजट से 2027 की बिसात, आंकड़ों के सहारे सियासी दांव

उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट केवल अगले वित्त वर्ष की आय-व्यय योजना नहीं है, बल्कि इसे 2027 के विधानसभा चुनाव की सबसे ठोस राजनीतिक पटकथा के रूप में देखा जा रहा है। 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये के इस बजट के जरिए सरकार ने यह साफ संकेत दिया है कि वह चुनाव से पहले विकास, सुरक्षा और कल्याण तीनों मोर्चों पर अपने दावों को आंकड़ों के साथ जमीन पर उतारकर पेश करना चाहती है। पिछले बजट के मुकाबले करीब 12.9 प्रतिशत बढ़े इस आकार को सत्ता पक्ष ह्लविश्वास का बजटह्व बता रहा है, जबकि इसके भीतर छिपा राजनीतिक संदेश यह है कि सरकार न तो संसाधनों की कमी से जूझ रही है और न ही चुनाव से पहले खर्च बढ़ाने से पीछे हट रही है।

सरकार ने सबसे पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपने मजबूत पक्ष के रूप में सामने रखा है। 2024-25 के त्वरित अनुमान के अनुसार 30.25 लाख करोड़ रुपये की जीएसडीपी और 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर यह दिखाने की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या वाला राज्य नहीं, बल्कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। 2016-17 में जहां जीएसडीपी करीब 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं आठ-नौ वर्षों में इसके ढाई गुना से अधिक होने को सरकार स्थिर शासन और निवेश के अनुकूल माहौल का नतीजा बता रही है। 2027 के चुनाव में यह आंकड़ा खासतौर पर शहरी मतदाताओं, कारोबारियों और निवेश से जुड़े वर्गों के सामने रखा जाएगा, ताकि यह संदेश जाए कि सत्ता में बदलाव विकास की रफ्तार को रोक सकता है।

प्रति व्यक्ति आय को लेकर दिए गए आंकड़े भी इसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं। 2016-17 में 54,564 रुपये रही प्रति व्यक्ति आय के 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये होने और 2025-26 में इसके 1,20,000 रुपये तक पहुंचने के अनुमान को सरकार आम आदमी की जिंदगी से जोड़कर पेश कर रही है। यह संदेश खास तौर पर मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लिए है, जो महंगाई, बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य खर्च को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित रहता है। सरकार का दावा है कि आय बढ़ने का मतलब सिर्फ आंकड़ों में सुधार नहीं, बल्कि उपभोग और जीवन स्तर में बदलाव है।

गरीबी के मोर्चे पर 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा 2027 के लिहाज से सबसे बड़ा सामाजिक कार्ड माना जा रहा है। मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, शौचालय और बिजली कनेक्शन जैसी योजनाओं से जुड़े करोड़ों लाभार्थियों को एक साथ रखकर सरकार यह दिखाना चाहती है कि गरीब सिर्फ योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति का केंद्र है। चुनावी रणनीति में यह वर्ग इसलिए अहम है क्योंकि यह सीधे सरकार से जुड़ाव महसूस करता है और उसके फैसले अक्सर स्थिर रहते हैं।

रोजगार को लेकर बजट में पेश किए गए आंकड़े विपक्ष के सबसे मजबूत मुद्दे का जवाब माने जा रहे हैं। बेरोजगारी दर 2.24 प्रतिशत बताकर सरकार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में रोजगार की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। पुलिस विभाग में 2017 से अब तक 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां, 1 लाख 58 हजार पदोन्नतियां, 60 हजार से ज्यादा प्रशिक्षणाधीन जवान और 83 हजार से अधिक पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को एक साथ जोड़कर सरकार यह दिखाना चाहती है कि सरकारी नौकरियां सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रहीं। शिक्षा क्षेत्र में 34 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति भी इसी दिशा में रखा गया कदम है, क्योंकि शिक्षक समुदाय ग्रामीण और कस्बाई राजनीति में राय बनाने की अहम भूमिका निभाता है।

युवाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने की रणनीति भी बजट में साफ दिखती है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बिना गारंटी और बिना ब्याज ऋण देकर हर साल 1 लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका राजनीतिक मतलब यह है कि सरकार उन युवाओं को भी साधना चाहती है, जिन्हें सरकारी नौकरी की सीमित सीटों से निराशा हुई है। अगर यह योजना आंशिक रूप से भी सफल होती है, तो 2027 तक लाखों परिवार सीधे इससे जुड़ सकते हैं।

कृषि क्षेत्र के आंकड़े ग्रामीण राजनीति को ध्यान में रखकर चुने गए हैं। 3 लाख 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र में सरकार का सबसे मजबूत चुनावी हथियार माना जा रहा है। गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी से करीब 3000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त लाभ का दावा किसानों को यह याद दिलाने के लिए है कि भुगतान सीधे खाते में पहुंचा है। गेहूं, धान और मोटे अनाज की लाखों मीट्रिक टन खरीद और हजारों करोड़ रुपये के भुगतान के आंकड़े न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दिखाने की कोशिश हैं। नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली की व्यवस्था ग्रामीण मतदाताओं के लिए सीधा संदेश है कि सिंचाई लागत सरकार उठाने को तैयार है।

महिलाओं को लेकर बजट में दिए गए आंकड़े 2022 के चुनावी अनुभव से निकले हुए माने जा रहे हैं, जहां महिला मतदाताओं का झुकाव निर्णायक साबित हुआ था। मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ, सेफ सिटी परियोजना, महिला पुलिस बीट, सीसीटीवी नेटवर्क और वर्किंग वूमेन हॉस्टल जैसे प्रावधान यह दिखाते हैं कि सरकार महिला सुरक्षा और सम्मान को केवल कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा मानती है। महिला मतदाता भावनात्मक और व्यावहारिक दोनों आधारों पर निर्णय करती हैं, और बजट में यह संदेश उसी दिशा में जाता है।

कानून-व्यवस्था से जुड़े आंकड़े भी 2027 की चुनावी कहानी का अहम हिस्सा हैं। डकैती, लूट, हत्या और अपहरण जैसे अपराधों में 40 से 80 प्रतिशत तक कमी के दावे के जरिए सरकार यह स्थापित करना चाहती है कि उत्तर प्रदेश अब पहले जैसा असुरक्षित नहीं है। पुलिस भवनों, आवास और संसाधनों पर हजारों करोड़ रुपये के प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सुरक्षा ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। यह संदेश शहरी मतदाताओं, व्यापारियों और महिलाओं के लिए खास तौर पर अहम है।

कुल मिलाकर 2026-27 का बजट एक ऐसा दस्तावेज बनकर सामने आया है, जिसमें हर बड़ा आंकड़ा 2027 के मतदाता को ध्यान में रखकर चुना गया है। विकास, कल्याण, सुरक्षा और पहचान चारों को जोड़कर सरकार ने यह दिखाने की कोशिश की है कि सत्ता की निरंतरता ही स्थिरता की गारंटी है। आने वाले महीनों में यही बजट गांव-गांव, शहर-शहर होने वाली राजनीतिक बहसों का आधार बनेगा, जहां सरकार इन आंकड़ों के सहारे भरोसा मांगेगी और विपक्ष इन्हीं आंकड़ों को चुनौती देने की कोशिश करेगा।



**अजय कुमार**

# जनरल नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा और दिल्ली पुलिस की जांच

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी।

यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम, और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इस्की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी।

प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है।

लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था। अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की।

इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी।

अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। परंतु यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं।

इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था। यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है। परंतु क्या असहजता ही किसी रचना को रोकने का पर्याप्त कारण हो सकती है।

लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल सामान्य नागरिकों तक सीमित नहीं है। जिन लोगों ने राज्य की सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई हैं, उनका अनुभव और दृष्टिकोण भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होना चाहिए। निश्चित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा एक गंभीर विषय है और किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन सावधानी से होना चाहिए। परंतु सुरक्षा और सेंसरशिप के बीच की रेखा बहुत महीन होती है। जब सुरक्षा के नाम पर हर असुविधाजनक प्रश्न को दबाया जाने लगे, तब वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बन जाती है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस मामले में न तो लेखक ने अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और न ही प्रकाशक ने यह कहा कि सामग्री गलत है। प्रकाशक ने केवल इतना कहा कि पुस्तक अभी सार्वजनिक नहीं है। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्या सामग्री में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक होने में है। यही विरोधाभास इस पूरे विवाद को और गहरा बनाता है।

डिजिटल युग में किसी रचना को पूरी तरह रोक पाना लगभग असंभव है। एक बार यदि वह किसी रूप में बाहर आ गई, तो उसे नियंत्रित करना कठिन हो जाता है। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिबंध और देरी कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं। जिस पुस्तक को कुछ कार्यालयी फाइलों में दबाकर रखा गया था, वह अब कहीं अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, वह भी बिना किसी आधिकारिक संदर्भ और विमर्श के। इससे गलत व्याख्याओं और अफवाहों की संभावना भी बढ़ जाती है।

अंततः यह प्रश्न बना रहता है कि समाधान क्या है। क्या बेहतर यह नहीं होता कि पुस्तक को आवश्यक संपादन और स्पष्ट चेतावनियों के साथ प्रकाशित होने दिया जाता, ताकि पाठक उसे पूरे संदर्भ में समझ सकें। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

यह प्रकरण केवल एक आत्मकथा का नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें राज्य की शक्ति और नागरिक समाज की जिज्ञासा आमने-सामने खड़ी होती हैं। इतिहास बताता है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। वह कभी दस्तावेज के रूप में, कभी स्मृति के रूप में और कभी डिजिटल प्रति के रूप में सामने आ ही जाता है। प्रश्न केवल यह है कि क्या हम उसे खुली बहस और परिपक्व संवाद के साथ स्वीकार करेंगे या डर और नियंत्रण के माध्यम से उसे और रहस्यमय बना देंगे। जनरल नरवणे की आत्मकथा आज भले ही औपचारिक रूप से प्रकाशित न हो, परंतु उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि कहानियां केवल अनुमति से नहीं,



**महेन्द्र तिवारी**

# साहस और विनम्रता जीवन की सच्ची महक, लोभ पर नियंत्रण आवश्यक।

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा 'इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी'

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता, संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है' जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# भव्य शिव महापुराण के चौथे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, भारत सिटी में भक्तिमय वातावरण



**समाज जागरण**

संदीप गर्ग, नोएडा/गाजियाबाद। गाजियाबाद स्थित भारत सिटी सोसाइटी में आयोजित भव्य शिव महापुराण कथा के चौथे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा पंडाल में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा परिसर 'हर हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु पूरे जोश और भक्ति भाव के साथ कथा के समापन तक डटे रहे।

श्री श्री 108 श्री महंत स्वामी श्री राजेन्द्रानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में चल रही शिव महापुराण कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। महाराज जी ने भगवान शिव की महिमा, भक्ति के महत्व और जीवन में सकारात्मक सोच के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और शिव स्तुति से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

हाल ही में सोसाइटी में घटी दुर्घटना से निवासी मानसिक रूप से आहत थे, लेकिन इस आध्यात्मिक आयोजन ने सभी के मन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया है। बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा कथा में शामिल होकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं।

आयोजन समिति के अनुसार, शिव महापुराण कथा के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। भारत सिटी में यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य भी कर रहा है।

# फर्जी बैनामा कर 87.66 लाख की ठगी, थाना जेवर पुलिस ने दो अभियुक्त किए गिरफ्तार




**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि का फर्जी बैनामा करने और लाखों रुपये की ठगी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी द्वारा थाना जेवर में तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तों ने धोखाधड़ी करते हुए कूट रचित दस्तावेज तैयार किए और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से छेड़छाड़ कर भूमि का फर्जी बैनामा कर उससे 87,66,000 रुपये ठग लिए। तहरीर के आधार पर थाना जेवर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

मामले की जांच के दौरान थाना जेवर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए प्रकाश में आए अभियुक्त रत्ना उर्फ रतन सिंह पुत्र स्व. विक्रम सिंह तथा सोनू पुत्र राकेश को खुर्जा अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त रतन सिंह निवासी ग्राम महोबली, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर का है, जो वर्तमान में थाना खुर्जा देहात, जनपद बुलंदशहर क्षेत्र में रह रहा था। दूसरा अभियुक्त सोनू ग्राम साहब नगर, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर का निवासी है।

पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में अभियुक्तों का पूर्व आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

थाना जेवर पुलिस का कहना है कि भूमि संबंधी धोखाधड़ी के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार, थाना दादरी पुलिस की कार्रवाई

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना दादरी पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त हर्ष पुत्र ज्ञानेन्द्र सिंह को थाना क्षेत्र के तुलसी विहार से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल .32 बोर एवं एक जिंदा कारतूस .32 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम तुस्याना, थाना इकोटेक तृतीय, जनपद गौतमबुद्धनगर का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बताई गई है।

# उत्तर प्रदेश बजट 2026-27 पर एनईए में मंथन, उद्योगों को मिलेगी नई रफ्तार: विपिन मल्हन



**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन (एनईए) के कार्यालय बी-110ए, सेक्टर-6 नोएडा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वार्षिक बजट 2026-27 पर उद्यमियों ने विस्तृत चर्चा की। बैठक में बजट के औद्योगिक, तकनीकी और रोजगार संबंधी प्रावधानों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया।

एनईए अध्यक्ष श्री विपिन कुमार मल्हन ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत बजट में औद्योगिक कॉरिडोर, लॉजिस्टिक्स, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट विस्तार जैसी योजनाएं उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी और लागत प्रभावी संचालन का लाभ देंगी। राज्य में बड़े निवेश आकर्षित करने और नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने लाखों नए रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। एमएसएमई, हथकरघा और वस्त्र उद्योग के लिए 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान छोटे और मध्यम उद्योगों को सशक्त आधार प्रदान करेगा।

तकनीकी क्षेत्र पर जोर देते हुए मल्हन ने कहा कि राज्य में डेटा सेंटर क्लस्टर और तकनीकी अवसंरचना विकसित करने की घोषणा आईटी और डिजिटल उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए नीतिगत समर्थन जारी रखने पर बल दिया गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का बजट 2026-27 औद्योगिक निवेश, तकनीकी नवाचार, एमएसएमई सशक्तिकरण और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर और अधिक सशक्त बनाने तथा दीर्घकालिक आर्थिक विकास को गति देने की रणनीति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

बैठक में एनईए अध्यक्ष श्री विपिन कुमार मल्हन के साथ महासचिव श्री वी.के. सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राकेश कोहली, उपाध्यक्ष श्री धर्मवीर शर्मा, उपाध्यक्ष श्री सुधीर श्रीवास्तव, सचिव श्री आलोक गुप्ता, श्री वीरेंद्र नरूला, श्री राजन खुराना, श्री राज कुमार गुप्ता तथा श्री अजय अग्रवाल सहित अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।

उद्यमियों ने उम्मीद जताई कि यह बजट प्रदेश में विकास की रफ्तार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

# 14 फरवरी को होगा 25 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह




**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडाः ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया ओपा सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ओम प्रकाश अग्रवाल एवं श्रीमती पूनम अग्रवाल के कर कमलों द्वारा 25 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा। अमन अग्रवाल ने बताया यह सामाजिक एवं सेवा भाव से प्रेरित कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। समारोह का आयोजन साइट-4, डी-48, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं को सम्मानपूर्वक वैवाहिक जीवन में प्रवेश कराना तथा समाज में सामाजिक एकता, सहयोग और सेवा भावना को प्रोत्साहित करना है।

आकाश अग्रवाल ने बताया ओपा सेवा फाउंडेशन द्वारा पिछले कई वर्षों से समाजहित में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े अनेक कार्यक्रम शामिल हैं। यह सामूहिक विवाह समारोह भी उसी सेवा श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मीडिया प्रभारी मुकुल गोयल ने बताया फाउंडेशन की ओर से क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों से इस पुनीत कार्य में सहभागिता करने एवं नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की गई है। सभी जोड़ो को 325 घरेलू सामान ( बेड, फ्रिज, टीवी, पंखा , सिलाई मशीन, घड़ी, कपड़े, अंगूठी, कूलर , संदूक, म्यूजिक सिस्टम , ) आदि समान दिये जाएँगे ।

प्रेस कांफ्रेंस में ओमप्रकाश अग्रवाल , पूनम अग्रवाल , रामावतार अग्रवाल , मोतीलाल अग्रवाल , अमन अग्रवाल , आकाश अग्रवाल, कृति अग्रवाल, राशि अग्रवाल, मनोज सिंघल , मुकुल गोयल , कमल बंसल , विनोद अग्रवाल, जी पी गोस्वामी , मनोज गुप्ता , मुकेश अग्रवाल, गौरव बंसल , बंटी अग्रवाल, राहुल नंबरदार , गिरीश गुप्ता, अशोक अग्रवाल , आनंद प्रकाश आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

# भाकियू (भानु) प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण के नवनियुक्त सीईओ कृष्ण करुणेश से की शिष्टाचार भेंट



**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री कृष्ण करुणेश से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया।

प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ से आग्रह किया कि वे ग्राउंड लेवल सर्वेक्षण के लिए स्वयं गांवों का दौरा कर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें, ताकि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो सके। यूनियन पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि नोएडा क्षेत्र के कई गांवों में सफाई व्यवस्था, सीवर सिस्टम, नालियों की स्थिति और अन्य बुनियादी सुविधाएं अत्यंत दयनीय हैं। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भाकियू (भानु) ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त सीईओ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और विकास कार्यों में तेजी आएगी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज चौधरी, एनसीआर अध्यक्ष सुनील अवाना, एनसीआर उपाध्यक्ष ऋषि अवाना, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल बैसोया, नोएडा महानगर अध्यक्ष राजवीर मुखिया तथा एनसीआर मीडिया प्रभारी सोनू अवाना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक समाज जागरण
नेशनल अखबार में
विज्ञापन देने के लिए
संपर्क करें।

# दिल्ली-एनसीआर के सबसे बड़े यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूनार्मेंट 'एमपीएल-सीजन 5' का भव्य आगाज




**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। दिल्लीझ एनसीआर के कॉलेज और यूनिवर्सिटी छात्रों के बीच आयोजित होने वाला सबसे बड़ा टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट महर्षि प्रीमियर लीग एक बार फिर पूरे उत्साह के साथ शुरू हो गया है। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित एमपीएल के पांचवें सीजन का शुभारंभ भव्य ओपनिंग सेरेमनी के साथ किया गया। खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों की तालियों से मैदान का माहौल पूरी तरह क्रिकेटमय नजर आया।

उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। डीन अकादमिक डॉ. तृप्ति अग्रवाल, डिप्टी रजिस्ट्रार संदीप शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी शिवम् यादव, स्पोर्ट्स मैनेजर सलमान साजिद सहित सभी डीन और डिप्टी डीन की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर एमपीएल सीजन-5 की साढ़े पांच फीट ऊंची आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। ट्रॉफी के मंच पर आते ही खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच उत्साह चरम पर पहुंच गया।

**16 नामी संस्थानों की भागीदारी**

इस बार एमपीएल पहले से भी बड़ा हो गया है। दिल्लीझएनसीआर के 16 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और कॉलेज इस टूनार्मेंट में भाग ले रहे हैं, जिनमें जाकिर हुसैन कॉलेज, एमिटी सोशल साइंस व एमिटी लॉ स्कूल (नोएडा), आईआईटीएम जनकपुरी, एमयूआईटी नोएडा व लखनऊ, गैलगोटियास यूनिवर्सिटी, एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज, वेंकटेश्वर कॉलेज (दिल्ली), दिल्ली टेक्निकल कैंपस, वीआईपीएस (दिल्ली), शारदा यूनिवर्सिटी, बीपीआईटी, बेनेट यूनिवर्सिटी, जेएसएस और ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। मजबूत टीमों की मौजूदगी से इस सीजन में रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है।

**ओपनिंग डे पर शानदार मुकाबले पहले दिन चार मैच खेले गए।**

एमिटी स्कूल ऑफ साइंस ने एमयूआईटी को 57 रनों से हराया। शारदा यूनिवर्सिटी ने जाकिर हुसैन कॉलेज को 58 रनों से मात दी।

दोनों मुकाबलों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों का संतुलित व शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

महर्षि यूनिवर्सिटी के अनुसार, एमपीएल केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को एक मंच पर लाने का अवसर है, जहां खेल के साथ-साथ टीमवर्क, लीडरशिप और आत्मविश्वास का भी विकास होता है। दिल्ली-एनसीआर के खेल प्रेमियों और छात्रों के लिए एमपीएलझसीजन 5 के आगामी मुकाबले और भी रोमांचक रहने वाले हैं। क्रिकेट का यह महाकुंभ अब पूरी रफ्तार पकड़ चुका है।

## अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, थाना दनकौर पुलिस की कार्रवाई

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना दनकौर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त आजाद पुत्र विजय



को ऐश सोसाइटी गोल चक्कर के पास से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम बल्लूखेड़ा, थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्धनगर का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद अवैध शस्त्र और कारतूस को कब्जे में लेकर आगे की जांच की जा रही है। थाना दनकौर पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नोएडा स्टेडियम में शीरोज हैंगआउट कैफे का नए रूप में उद्घाटन, एसिड अटैक सर्वाइवर्स को मिला सशक्त मंच




**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा। नोएडा स्टेडियम में एसिड अटैक सर्वाइवर्स द्वारा संचालित शीरोज हैंगआउट कैफे का नए स्वरूप में भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ श्री ऋषि आनंद अपनी टीम के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

यह कैफे आधार हाउसिंग फाइनेंस की सीएसआर पहल के सहयोग से नए रूप में विकसित किया गया है। शीरोज हैंगआउट कैफे में एसिड अटैक सर्वाइवर्स स्वयं कार्य करती हैं, कैफे का संचालन संभालती हैं और आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी नई पहचान बना रही हैं। यह कैफे उनके लिए रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन चुका है।

कार्यक्रम के दौरान एक और महत्वपूर्ण पहल "शीरोज स्टोर" की वेबसाइट भी लॉन्च की गई। शीरोज स्टोर एक हैंडीक्राफ्ट स्टोर है, जहां सर्वाइवर्स अपने हाथों से बनाए उत्पादों को तैयार कर बेचती हैं। वेबसाइट लॉन्च होने से अब उनके उत्पाद देशभर में अधिक लोगों तक पहुंच सकेंगे, जिससे उनकी आय और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी।

इस मौके पर "द शीरोज टीवी" के लिए श्री ऋषि आनंद का विशेष इंटरव्यू भी रिकॉर्ड किया गया। यह इंटरव्यू एसिड अटैक सर्वाइवर्स अंशु और मौसमी ने लिया, जिसमें उन्होंने महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और समाज में सकारात्मक बदलाव को लेकर अपने विचार साझा किए।

उल्लेखनीय है कि शीरोज हैंगआउट कैफे और इससे जुड़ी सभी पहलें छांव फाउंडेशन द्वारा संचालित की जा रही हैं। फाउंडेशन का उद्देश्य एसिड अटैक सर्वाइवर्स को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है।

यह पहल न केवल महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है।

# आईएमएस नोएडा में गोल्डन गोल कप: क्वार्टर फाइनल में जेएसएस कॉलेज की धमाकेदार एंट्री



**समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर-62 स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय गोल्डन गोल कप ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पूरे दिन चले मैचों में टीमों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन की शुरूआत प्रथम राउंड से हुई, जिसमें बेनेट यूनिवर्सिटी और आईएमएस टीम-ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले चरण में जगह बनाई। दोनों टीमों ने सटीक पासिंग, मजबूत डिफेंस और आक्रामक रणनीति के दम पर विरोधियों को मात दी। वहीं, दो टीमों की अनुपस्थिति के चलते डीजी वॉरियर्स और गलगोटिया यूनिवर्सिटी को वॉकओवर दिया गया।

दूसरे राउंड के मुकाबले बेहद एकतरफा लेकिन रोमांचक रहे।

गोल हंटर ने एमयूआईटी नोएडा को 7-0 से हराया।

जेएसएस कॉलेज ने जेएमएस एकेडमी को 3-1 से पराजित किया।

दिल्ली वॉरियर्स ने सिम्बायोसिस को 4-0 से शिकस्त दी।

आजाद एफसी ने पीवीएफसी को 3-0 से हराया।

अंतिम मुकाबले में बेनेट यूनिवर्सिटी ने आईएमएस टीम-ए को 6-0 से पराजित कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। आईएमएस नोएडा की स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर रीना मैसी ने बताया कि बुधवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में जेएसएस कॉलेज ने गोल्डन एफसी को 7-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने जानकारी दी कि इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले बृहस्पतिवार को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर है और दर्शकों को भी उच्च स्तरीय फुटबॉल का आनंद मिल रहा है।

# कबड्डी के फाइनल में भिड़ेंगे, टीएमयू के सीसीएसआईटी और फिजिकल के खिलाड़ी

**खास बातें**

*नर्सिंग को फिजिकल एजुकेशन ने 30 अंकों से हराया*

*फिजिकल के आर्यन प्रताप सिंह का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन*

*सीसीएसआईटी ने इंजीनियरिंग को 23 अंकों से दी मात*

*सीसीएसआईटी की गौरव के बूते फाइनल में दस्तक*



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी कॉलेज विजेता रहे। ये दोनों टीमें अब फाइनल में भिड़ेंगी। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के मुकाबले में नर्सिंग कॉलेज ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। फर्स्ट हाफ में फिजिकल एजुकेशन ने 26-8 से बढ़त बनाकर रखी। सेकेंड हाफ में भी 62-32 से फिजिकल एजुकेशन की टीम आगे रही और अंततः 30 अंकों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। फिजिकल एजुकेशन की ओर से आर्यन प्रताप सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सीसीएसआईटी और इंजीनियरिंग कॉलेज के सेमीफाइनल मुकाबले में सीसीएसआईटी कॉलेज ने टॉस जीतकर रेड चुना। फर्स्ट हाफ में सीसीएसआईटी ने 23-12 और सेकेंड हाफ में 58-35 से आगे रही और अंततः 23 अंकों से मैच जीत लिया। सीसीएसआईटी के गौरव शर्मा का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।

इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में फिजिकल एजुकेशन और एग्रीकल्चर कॉलेज के बीच एग्रीकल्चर ने टॉस जीतकर रेड चुना। फर्स्ट हाफ में फिजिकल एजुकेशन ने 26-19 से बढ़त बनाए रखी। सेकेंड हाफ में भी 45-39 से फिजिकल एजुकेशन आगे रही और अंततः 6 अंकों से मैच जीत लिया। नर्सिंग कॉलेज और लॉ के बीच लॉ ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। फर्स्ट हाफ में नर्सिंग ने 32-12 और सेकेंड हाफ में 49-29 से बढ़त बनाए रखी और अंततः 20 अंकों से मैच जीत लिया।

सीसीएसआईटी और पैरामेडिकल के बीच पैरामेडिकल ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना फर्स्ट हाफ में 34-16 से सीसीएसआईटी आगे रही। दूसरे हाफ में सीसीएसआईटी ने 32-27 से बढ़त बनाते हुए 25 अंकों से मैच जीत लिया। मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज में मेडिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर रेड करने का निर्णय लिया। फर्स्ट हॉफ के बाद दोनों ही टीमों का स्कोर 22-22 था। दूसरे हॉफ में भी दोनों टीमों ने आखिरी मिनट तक हार नहीं मानी और मैच में बने रहे, परन्तु आखिरी रेड में इंजीनियरिंग के खिलाड़ी राहुल दुबे ने प्वाइंट लेकर अपनी टीम को 46-45 से जीत दिलाई।

# नियमित अभ्यास एवं आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है-डॉ. टीएस पाल

**समाज जागरण**

चंदौसी। सभी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू होने वाली है।जिसके लिए बच्चों को चिंतित होना स्वाभविक है।उनके अंदर उठने वाली जिज्ञासाएं आम बात है,जैसे प्रश्न पत्र कैसा आएगा ? मैं अच्छे से पेपर सॉल्व कर पाऊंगा या नही? परीक्षा केंद्र का माहौल केसा होगा ? क्योंकि उनके कैरियर की दिशा एवं दशा यही से मिलेगी।उनको मेडिकल ,इंजीनिरिंग, प्रशासनिक या बैंकिंग आदि किस क्षेत्र में जाना है यही से तय होता है। साथ ही अपने माता-पिता की जो अपेक्षाएं उनसे होती है,उनका भी ख्याल रखना पड़ता है।आखिर परीक्षा में अच्छे अंक कैसे प्राप्त करें इसके लिए शैक्षिक सलाहकार डॉ टीएस पाल ने बताया किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिये नियमित अभ्यास एवं आत्मविश्वास होना बहुत जरूरी है। बोर्ड परीक्षा 2026 में 95 प्रतिशत से अधिक अंकों का लक्ष्य रखते हुए एनसीईआरटी की किताबों का गहन अध्ययन एवम पिछले वर्षों के पेपर्स का अभ्यास अनिवार्य है। महत्वपूर्ण विषयों के लिए कक्षा के नोट्स का उपयोग करें।अंतिम सप्ताह



में कठिन विषयों के लिए शॉर्ट नोट्स और फ्लोचार्ट का उपयोग करें। उत्तरों को व्यवस्थित और साफ-सुथरा लिखें। मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करें।प्रत्येक विषय के लिए एक निश्चित समय स्लॉट निर्धारित करें और उसका पालन करें।

शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए सात से आठ घंटे की नींद लें और जंक फूड खाने से बचें। अंतिम समय की तैयारी में मॉक टेस्ट पिछले 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें। परीक्षा केंद्र के लिए एडमिट कार्ड,आईडी कार्ड और स्टेशनरी पहले से तैयार रखें।नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास ही आपको 95 प्रतिशत से अधिक अंक दिलाने में मदद करेगा।

परीक्षा की तैयारी हेतु परीक्षा के लिए उपयोगी सामग्री जैसे प्रवेश पत्र, पेन, पेंसिल,हैडिंग,रबर,पानी की बोतल साथ ले जाएं.परीक्षा हॉल में आधा घंटा पहले पहुंचे.प्रश्न पत्र में दिए निदेर्शों और प्रश्नों को गहनता से जरूर पढ़े.अगर कोई प्रश्न समझ में न आए या परीक्षा में किसी प्रश्न पर अटक जाने पर घबराएं नहीं, बल्कि उसको छोड़ बाकी पर ध्यान दें और अंत में उस पर वापस आने के लिए समय छोड़ें.पेपर खत्म होने के बाद उसके चिंतन,मंथन पर ज्यादा समय न दें.बल्कि अगले पेपर पर ध्यान दें.टाइम टेबल बनाएं और उसका पालन करें।अपने वीक पॉइंट्स पर ज्यादा ध्यान दें,पढ़ाई के लिए शांत जगह चुनें,बीच-बीच में ब्रेक लें, एवम योगा या कसरत जरुर करें, पर्याप्त नींद लें,मोबाइल पर सोशल मीडिया से बचें,लगातार अध्ययन करें ,नोट्स ज्यादा पढें, कमजोर विषय पर ज्यादा ध्यान दें,रोजाना का टारगेट बनाकर पढ़ाई करें,तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें।पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र हल करें.पर्याप्त आहार लें एवं पानी पिये,खाली पेट परीक्षा में न बैठें।सभी परीक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं।

# महिला सहित चार लोगों पर घर में घुसकर गालीगलौंच व मारपीट कर घायल करने का लगाया आरोप

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने ही परिवार की एक महिला सहित चार लोगों पर घर में घुसकर गालीगलौंच व मार पीट कर घायल करने का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कारवाही शुरू कर दी है।

रोशनी पत्नी खूब सिहँ निवासी ग्राम नारायण पुर रामजी उर्फ तेलीपुरा थाना नगीना ने नगीना पुलिस को तहरीर देकर परिवार के ही सीता पुत्र भुक्कन सिंह, नौवाहर पुत्र सीता कृष्णपाल पुत्र सोता और श्रीमती रवीना पत्नी कृष्णपाल आदि पर आरोप लगाया है कि ये लोग किसी बात को लेकर 2 फरवरी206 की शाम लगभग 05.00 बजे मेरे घर आये और मेरे साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे मारपीट में मेरे काफी चोट आई है तथा मारपीट करने के बाद मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।पीड़िता ने तहरीर देकर महिला सहित चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने का कष्ट करे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस)115(2), भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) 352, भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) 351(3) की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कारवाही शुरू कर दी है।

# कावड़ियों की ट्रैक्टर ट्राली खाई में गिरी, चार घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावली कांवड़ यात्रा के दौरान बीती रात कोटावाली शिविर के सामने एक बड़ा हादसा हो गया। अमरोहा से हरिद्वार जल लेने जा रहे कांवड़ियों से भरा एक महिंद्रा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के बाईं ओर खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में चार श्रद्धालु घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी श्रद्धालु अमरोहा जिले के थाना रजबपुर क्षेत्र के ग्राम मंगूपुरा के निवासी हैं। घायलों की पहचान खेमपाल (35 वर्ष) पुत्र हरि सिंह, ओमवती (72 वर्ष) पत्नी ईश्वरी प्रसाद, गीता (40 वर्ष) पत्नी गजेंद्र और दयावती (45 वर्ष) पत्नी मनोज कुमार के रूप में हुई है। हादसे की



सूचना मिलते ही मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देरी किए एंबुलेंस के जरिए सभी घायलों को मंडावली स्थित ओम चौधरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। गौरतलब है कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार लगातार मुस्तैद हैं। वे दिन-रात कड़ी मेहनत करते हुए क्षेत्र में भ्रमणशील हैं और कांवड़ियों की सुरक्षा पर पूरी तरह नजर बनाए हुए हैं। पुलिस की इस तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# घायल सारस का 30 घंटे बाद रेस्क्यू वन विभाग ने पकड़कर उपचार के लिए भेजा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर धामपुर। राज्य पक्षी सारस टीचर्स कॉलोनी में घायल अवस्था में मिला। आशंका है कि यह हवा में उड़ते समय किसी मांझे या बिजली के तार की चपेट में आने से घायल हुआ। कॉलोनी में गिरने के बाद स्थानीय निवासियों ने रविवार को वन विभाग को इसकी सूचना दी जिसके बाद रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।वन विभाग की टीम ने रविवार शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया लेकिन अंधेरा होने के कारण इसे रोकना पड़ा। सोमवार सुबह अभियान फिर से शुरू किया गया। लगभग 30 घंटे तक चले इस ऑपरेशन के दौरान घायल होने के बावजूद सारस लगातार टीम को चकमा देता रहा। कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने जाल का उपयोग कर दोपहर तक सारस को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।रेस्क्यू के बाद घायल सारस को उपचार के



लिए वन विभाग की नर्सरी भेजा गया है। डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि पशु चिकित्सकों की टीम सारस का उपचार करेगी और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि प्राथमिक जांच में सारस के घायल होने का कारण मांझा या बिजली का तार ही प्रतीत हो रहा है।रेस्क्यू अभियान के दौरान सारस का जोड़ा भी आसपास मौजूद था और घायल साथी को पकड़े जाते देख बेचैन दिखा। इस घटना को देखने के लिए कॉलोनी के बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चीनी मांझे पर प्रतिबंध लगाने के सख्त निदेर्शों के बावजूद ऐसे हादसों पर चिंता व्यक्त की गई।वन विभाग की टीम ने घायल सारस को उपचार के लिए अपने साथ ले लिया है। उपचार के बाद स्वस्थ होने पर सारस को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ने की योजना बनाई जाएगी।

# कांवड़ यात्रा के दौरान प्रशासन अलर्ट मोड पर कावड़ यात्रा में तैनात पुलिस बल का निरीक्षण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद कावड़ यात्रा के मद्दे नजर प्रशासन अलर्ट मोड पर है बुधवार दोपहर 1:00 बजे उप जिला अधिकारी और क्षेत्राधिकार ने थाना मंडावली वह नजीबाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान तैनात पुलिस बल का निरीक्षण किया अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान एसडीएम और सीओ ने कांवड़ मार्ग पर लगाए गए बैंकिंग पुलिस विकेट यातायात व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की




उपस्थिति की जांच की उन्होंने यह भी देखा कि कांवड़ियों के अभागन में किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं आ रही और आपात स्थिति से बचने के लिए पर्याप्त इंतजाम है या नहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लागू किए गए डायवर्सन प्लान की भी समीक्षा की गई एसडीएम और सीओ ने समस्त संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा की कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में हजारों छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षकों ने किया माता-पिता का पूजन।

**प्रवेश कुमार/समाज जागरण**

पबांसा/ संभल तहसील क्षेत्र के कैलादेवी स्थित बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में बुधवार को मातृ पितृ पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने माता-पिता का पूजन विधि विधान के साथ किया तथा आरती की। इसके साथ ही इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ।

कैला देवी के बाबा रतनगिरि आदर्श इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्रों की विदाई सम्मान समारोह के दौरान विशेष तरीके से माता-पिता का पूजन एवं उन्हें सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

हजारों छात्र छात्राओं ने अपने माता-पिता को पंक्तिबद्ध तरीके से आसन पर बिठाकर उनका पूजन किया, तथा आरती कर आशीर्वाद पाया।

माता-पिता ने कहा धन से बड़ी शिक्षा है अपने-अपने बच्चों को शुभ आशीर्वाद दिया और उज्जवल



भविष्य की कामना की। जहां कुछ देर के लिए माहौल भक्ति मय हो गया।

जिसके पश्चात इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विदाई के दौरान छात्र-छात्राएं भावुक नजर आए। जहां उन्होंने विद्यालय में किसी भी प्रकार की गलती पर अध्यापकों से क्षमा प्रार्थना की।

जिसके पश्चात सभी अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, तथा इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट फाइल देकर सम्मानित किया गया। कैला देवी स्थित बाबा रतन गिरि आदर्श इण्टर कॉलेज के प्रबंधक अजयपाल सिंह यादव व प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने शॉल ओढ़ाकर कर मीडिया को भी सम्मानित किया

कार्यक्रम में युवा भारत पतंजलि के जिला प्रभारी यशपाल सिंह शास्त्री जिला विज्ञान समन्वयक राजू सिंह यादव विद्यालय प्रबंधक अजयपाल सिंह तथा विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव, वीरेश यादव, के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।

# मदरसा मदीनतुल उलूम कोटकादर में दो रोजा जलसा व दस्तार बंदी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर रायपुर सादात।मदरसा इस्लामिया अरबिया मदीनतुल उलूम जामा मस्जिद कोटकादर में दो रोजा जलसा व तकरीब बुखारी शरीफ और दस्तार बंदी हुआ।

जिसमे जलसे की पहली नशिस्त इशा की नमाज के बाद निजामत मौलाना सलीम साहनपुरी,सदारत मुफ्ती उवैस अकरम,ने अंजाम दिए,और पहली नशिस्त में मुफ्ती रिफाकत साहब उसताज हदीस दारुल उलूम वक़्फ देवबंद ने खिताब किया व कारी आफताब आलम उस्ताज शोबा ए तजवीदो किरात दारुल उलूम देवबंद ने तिलावत ए कलाम ए पाक से आगाज किया,और नात ए पाक हमजा अयाज बिजनौरी ने गुन गुनाई।और ठाकुरद्वारा से आए मौलाना मोहम्मद शाहनवाज साहब ने पहली नशिस्त में खिताब किया। मौलाना शाहनवाज ने अपने बयान में बताया आमाल में वजन पैदा करने के लिए दो चीजों का होना जरूरी है।,1 इखलास,2 शरीअत व सुन्नत के मुताबिक इख्लास के साथ किया गया थोड़ा सा अमल भी अल्लाह की निगाह में बड़ी अहमियत का हामिल होता है। और आगे कहा कि अपनी



नौजवान बेटियों को बिना बुर्के के घर से बाहर न निकाले।और मुफ्ती मोहम्मद खालिद मेरठ व मुफ्ती इफि्तखार किरतपुरी ने भी खिताब किया।,दूसरे दिन सदारत मौलाना मोहम्मद असलम साहब ओर तिलावत ए कलाम ए पाक का आगाज दारुल उलूम देवबंद से आए मौलाना कारी शफीकुर्रहमान साहब उसताज शोबा ए तजवीदो किरात दारुल उलूम देवबंद ने किया।और कन्नौज से आए शायर मुफ्ती तारिक जमील ने नात ए पाक का हदया पेश किया।उसके बाद रामपुर से आए मौलाना मोहम्मद अंसार साहब ने बयान किया ने पर्दे पर रोशनी डाली, संभल से आए मौलाना मुफ्ती अब्दुल गफूर साहब ने भी इस्लाही मुआशरे पर खिताब करते हुए कहा कुरान और हदीस पर अमल करते रहो और अपने बच्चों को मदरसे में तालीम हासिल के लिए भेजा करें। उसके बाद मौलाना मोहम्मद असलम साहब ने मुल्क में अम्नों अमान के लिए दुआ कराई। आखिर में मौलाना मुनाजिर हसन साहब नाजिम मदरसा हाजा ने आने वाले सभी महमानों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर मुफ्ती ताइब, मौलाना लईक मौलाना इम्तियाज मुफ्ती रिजवान,मौलाना शाकिर, मुफ्ती अफफान, मौलाना उसामा, मौलाना मुस्तजाब, मुफ्ती आफाक, मौलाना अफजल, मौलाना शानै आलम, हकीम कारी याहया अंसारी (पत्रकार)कारी शमीम,कारी फुरकान,कारी महबूब,कारी तय्यब, कारी अब्दुल कदीम, कारी तौफीक, कारी हसन, कारी सद्दाम, कारी अरशद कारी जुबैर कारी तस्लीम, कारी शाहनवाज, कारी मोहसिन, कारी महताब,हाफि ज खलील,आदि उलामा ने शिरकत की।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 180 हिंदू जोड़े और 27 मुस्लिम जोड़ों का विवाह

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज सुबह - लगभग 11:00 बजे नगर के गोवर्धन वाटिका में 180 हिंदू जोड़े हिंदू संस्कृति के अनुसार पंडित एस एस परिहार द्वारा एवं 27 मुस्लिम जोडों का विवाह कारी इरशाद द्वारा मुस्लिम रिवाज अनुसार कराया गया जहां पर सभी विवाह करने वाले जोड़ों के खाते में 60000 एवं 25000 का वैवाहिक सामान दिया गया कार्यक्रम में सरकार की ओर से भोज की व्यवस्था की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी और उनकी पत्नी रही सभी वैवाहिक जोड़ों को मुख्य अतिथि द्वारा आशीर्वाद दिया



गया कार्यक्रम में सभी नव दंपतियों के साथ उनके परिजन एवं क्षेत्रवासी काफी संख्या में मौजूद रहे प्रदेश में योगी सरकार द्वारा पिछले काफी समय से गरीब परिवारों की सामूहिक विवाह कारजन स्थिति को देखते हुए सरकार की ओर से सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वर्ष में कई बार यह कार्यक्रम प्रदेश के अनेक स्थानों पर किया जाता है जो मुख्यमंत्री की एक अनूठी और संस्कारी योजना मानी जा रही है जिससे कई गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह सरलता पूर्वक संपन्न हो रहे हैं।

# बहू ने ही रची थी घर में लूट की झूठी कहानी, मां और भाई के साथ मिलकर उड़ाए जेवर

**स्वॉट और पुलिस टीम ने किया फर्जी लूट का पदार्फाश, भाई की शादी के लिए की थी जेठानी के गहनों की चोरी**

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर चांदपुर थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम मंडोरा जट में हुई कथित लूट की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने मंगलवार को चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिस बहू ने चाकू से हमला कर लूट होने का शोर मचाया था, वही इस पूरी साजिश की मास्टरमाइंड निकली। पुलिस ने आरोपी महिला, उसकी मां और भाई को गिरफ्तार कर चोरी किए गए शत-प्रतिशत आभूषण बरामद कर लिए हैं।

खुद को घायल कर गढ़ी थी कहानी

बता दें कि 07 फरवरी को ग्राम मंडोरा जट निवासी योगेंद्र सिंह की पुत्रवधू शिवानी ने सूचना दी थी कि दो अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और गर्दन पर चाकू से वार कर जेवर लूट लिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर स्वॉट, सर्विलांस और थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई थी।

पूछताछ में टूटी आरोपी शिवानी

विवेचना के दौरान जब पुलिस ने शिवानी के बयानों की जांच की, तो उसमें कई विरोधाभास मिले। कड़ाई





पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि शिवानी की मां संजो देवी और भाई गोलू उर्फ पंकज (निवासी विसाट, थाना हल्दौर) ने मिलकर यह योजना बनाई थी। उन्हें भाई गोलू की शादी के लिए रुपयों और गहनों की जरूरत थी। शिवानी ने चोरी के बाद गहने अपने भाई को दे दिए थे, जिन्हें पुलिस ने विसाट गांव में गन्ने के खेत से बरामद कर लिया है।

से पूछताछ करने पर वह टूट गई और सच उगल दिया। शिवानी ने बताया कि उसने अपनी जेठानी आरती की अलमारी का ताला ट्रैक्टर-ट्रॉली के लोहे के गुल्ले से तोड़कर करीब 14 तोला सोना और 100 ग्राम चांदी के जेवर चोरी किए थे। चोरी को लूट का रूप देने के लिए उसने चाकू से अपनी गर्दन पर हल्की चोट भी खुद ही बनाई थी।

पुलिस टीम को शाबाशी इस चुनौतीपूर्ण केस को सुलझाने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, स्वॉट टीम प्रभारी हिमांशु गोस्वामी और उनकी टीम शामिल रही। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल (यूपी-20-सीएच-6398) और ट्रैक्टर का गुल्ला भी बरामद किया है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# गुन्नौर चिकित्सा अधीक्षक व प्रधान के बीच हाईवोल्टेज ड्रामा थाने पहुंचा विवाद

**समाज जागरण**

गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार सुबह करीब 11:15 बजे उस समय हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया जब संविदा चिकित्सक और समाजवादी पार्टी के विधायक परिवार के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। संविदा चिकित्सक द्वारा विधायक की पुत्री की कथित लेट-लतीफी पर सवाल उठाए जाने से विवाद बढ़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया, जबकि पुलिस ने विधायक के दामाद का शांति भंग में चालान कर दिया। बताया जा रहा है कि सीएचसी गुन्नौर में कार्यरत एक



संविदा चिकित्सक ने ड्यूटी में देरी को लेकर विधायक की पुत्री, जो स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी बताई जा रही हैं, से आपत्ति जताई थी। इस पर विवाद बढ़ गया और चिकित्सक के पति भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि चिकित्सक के पति ने प्रभारी चिकित्साधिकारी से तीखी बहस कर दी, जिससे अस्पताल परिसर में हंगामे जैसी स्थिति बन गई।

तीखी तकरार के दौरान सीएचसी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इलाज कराने आए मरीज और तीमारदार तमाशबीन बने रहे। करीब आधे घंटे तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

विवाद की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। हालांकि एहतियातन पुलिस ने विधायक के दामाद के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी स्थिति की जानकारी ली है। प्रभारी चिकित्साधिकारी का कहना है कि अस्पताल में अनुशासन बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं पुलिस का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई है और भविष्य में ऐसी घटना न हो, इस पर नजर रखी जा रही है।

# पुलिस ने पिता व दोनो पुत्रों के विरुद्ध नामदज मुकदमा किया पंजीकृत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। दुकान से सामान लेने को लेकर हुई कहा सुनी के बाद गालीगलौंच व मार पीट में दुकानदार की तहरीर पर नगीना पुलिस ने पिता व दोनो पुत्रों के विरुद्ध नामदज मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कारवाही शुरू कर दी है।

अ० मुनाफ, मौ० आसिफ, मौ० चौधराना थाना नगीना ने नगीना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह सोमवार 09 फरवरी 2026 को अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी मौहल्ले के ही रहने वाले इमरान पुत्र बुल्ला मेरी परचून की दुकान से सामान लेने के लिए आये जिस पर मेरे साथ इमरान ने सामान को लेकर दुकान के बाहर गाली गलोच व कहासुनी हो गयी तो इमरान ने अपने परिवार के दो लडको को बुला कर मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी, जिसमें मुझको पड़ोस में रहने वाले सकी व अन्य व्यक्तियों द्वारा बचाया गया। मारपीट में प्रार्थी को मुंह पर चोटे आयी है। जाते जाते इमरान व उसके परिवार के दोनों लड़के मुझे जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस)115(2), भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) 352, भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) 351 (3) की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कारवाही शुरू कर दी है।

# पीड़िता को 10 साल बाद मिला इंसाफ

## -गैर इरादतन हत्या के चार आरोपियों को 10-10 वर्ष की कठोर कारावास की सुनाई सजा

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर धामपुर। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में बिजनौर पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा गैर इरादतन हत्या के आरोपी 4 अभियुक्तों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 88,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि 8 जुलाई 2016 को वादिया द्वारा थाना धामपुर पर तहरीर दी कि अभियुक्तगण नन्दलाल, घनश्याम, केशव पुत्रगण बनवारी व ईश्वर पुत्र नन्दलाल निवासीगण ग्राम परमावाला थाना धामपुर द्वारा वादिया के पति के साथ गाली गलौच करते हुए ईंटों से मारपीट की गयी, जिससे वादिया के पति

के पेट में आई चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गयी। तहरीर के आधार पर थाना धामपुर पर मु.अ.सं. 446/2016 धारा 323/308/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा मा. न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गई और अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप सोमवार को न्यायालय एडीजे/एफटीसी-02 जनपद बिजनौर द्वारा मु0अ0सं0 446/2016 धारा 304/323/504/506/34 भादवि में अभियुक्तगणों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 88,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# कांवड़ियों की सेवा में जुटी नजीबाबाद नगर पालिका: कांवड़ियों के लिए रात्रि विश्राम शिविर का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा और सुविधा के लिए नगर पालिका परिषद नजीबाबाद द्वारा एक रात्रि विश्राम शिविर का आयोजन किया गया है। इस सेवा शिविर का विधिवत उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मौअज्जम और अधिशासी अधिकारी (एड) प्रिंस कुमार



ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

नगर के संतोषी माता मंदिर के समीप स्थित इस शिविर में शिव भक्तों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उद्घाटन के दौरान अध्यक्ष और ईओ ने कांवड़ियों को फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विदित हो कि प्रतिवर्ष कांवड़ियों का बड़ा जत्था संतोषी माता मंदिर मार्ग से होकर गुजरता है, जिसे देखते हुए पालिका प्रशासन ने यहाँ उनके ठहरने, स्वच्छ पेयजल और आराम की पुख्ता व्यवस्था की है।

श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए शिविर में निःशुल्क दवाई वितरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि लंबी यात्रा से थके कांवड़ियों को तत्काल राहत मिल सके। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मौअज्जम ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है और नगर पालिका उनके स्वागत व सुविधा के लिए पूरी तरह तत्पर है।

इस गरिमामय अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रिंस कुमार के साथ अफजाल अहमद, अजमल खान सहित पालिका के अनेक गणमान्य लोग और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ईंट भट्ठे पर मजदूर पर जानलेवा हमला, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

क्षेत्र के गांव लोहरीपुर निवासी एक युवक ने मतनावली गांव के तीन युवकों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच शुरू कर दी है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव लोहरीपुर निवासी मनीष पुत्र पालेराम ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह मतनावली गांव स्थित बलदेव ब्रिक फील्ड ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसी भट्ठे पर मतनावली गांव के ही कुछ युवक भी मजदूरी करते हैं। पीड़ित के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व किसी बात को लेकर उनका आपसी विवाद हो गया था, जिसे भट्ठे पर मौजूद लोगों ने सुलझा दिया था।आरोप है कि रोज की तरह काम करते समय मतनावली निवासी गौरव, शिवम पुत्र रमेश और मनीष पुत्र अमर सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज की और फिर धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले में मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसे देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने घायल मजदूर को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार का कहना तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अतिरिक्त दहेज की मांग,विवाहिता से मारपीट,ससुराल पक्ष पर आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के मोहल्ला इदरीश बैग बिहार निवासी एक विवाहिता महिला ने अपनी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट करने के मामले में पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।बुधवार को मोहल्ला इदरीश बैग बिहार निवासी नगमा पत्नी आसिफ ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी छोटी बहन इकरा की शादी एक वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला मौलालान निवासी नदीम पुत्र यामीन के साथ हुई थी। शादी के समय परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद शादी के कुछ ही दिनों बाद से पति नदीम अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर इकरा को प्रताड़ित करने लगा।आरोप है कि पति द्वारा पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर पति और ससुराल पक्ष के लोग आए दिन मारपीट और मानसिक उत्पीड़न करने लगे।आरोपियों ने इकरा के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी।सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए करनाल रेफर कर दिया। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है घटना के बाद पीड़िता की बहन नगमा ने पति नदीम सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों के विवाद में महिला से अभद्रता व मारपीट का आरोप

**समाज जागरण कांधला**

थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया। एक महिला ने पड़ोसी युवक पर घर में घुसकर बुरी नियत से दबोचने तथा विरोध करने पर परिजनों के साथ मिलकर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गांव हुरमजपुर निवासी पीड़ित महिला ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसका पुत्र घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले शहजाद के बच्चे भी वहां खेल रहे थे। खेल-खेल में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर शहजाद गुस्से में आ गया और पीड़िता के घर में घुस आया।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने घर में घुसकर उसे बुरी नियत से दबोच लिया। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी के परिवार की महिलाएं भी मौके पर पहुंच गईं। आरोप है कि इसके बाद आरोपी व उसके परिवार की महिलाओं ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए, तब आरोपी पक्ष मौके से फरार हो गया।पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद से वह काफी भयभीत है और परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। उसने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला महाविद्यालय में एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



बुधवार को नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना,एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मोहल्ला रायजादगान स्थित हीरा लाल शिव मंदिर परिसर में किया गया। शिविर के शुभारंभ से पूर्व स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। इसके बाद प्राचार्य प्रो. डॉ. बृजभूषण के नेतृत्व में सभी स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें, उठें का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. बृजभूषण ने स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसएस का लक्ष्य गीत ही शिविर के उद्देश्यों को दर्शाता है, जो समाज सेवा के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेविकाओं को चेतना, विचार, पवित्रता और निष्काम भाव से लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए, तभी समाज और राष्ट्र का विकास संभव है।शिविर के द्वितीय सत्र में राजनीति विज्ञान के प्रभारी डॉ. पंकज चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तिगत गुणों को निखारकर स्किल डेवलपमेंट किया जा सकता है। कुकिंग, कम्युनिकेशन, टूर एंड ट्रैवल गाइड जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकसित कर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर भी बना जा सकता है।विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



ब्लॉक क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौड़, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सविता सहित अन्य अधिकारियों ने फीता काटकर किया।प्रतियोगिता में जिले के पांचों ब्लॉकों के विजेता छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विभिन्न दौड़, कूद, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और कुश्ती प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय सिक्का की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।अनेक स्पर्धाओं में आकाश, भोली, विक्रम, प्राची, विजय, पिंकी, युवराज, आयशा, आर्यन, फैजा, सन्नी, पूनम, शबनम, नाहिद सहित अन्य खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला व्यायाम शिक्षक सचिन चौहान ने किया। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्राओं को मिशन शक्ति व साइबर सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की दर्जनों छात्राओं को थाना परिसर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आत्मरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्राओं को सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। बुधवार को थाने पर तैनात महिला हेड कांस्टेबल मिथिलेश ने छात्राओं को मिशन शक्ति योजना के उद्देश्य बताते हुए आत्मरक्षा के तरीके, आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के उपाय तथा साइबर ठगी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों से बचने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी और किसी भी परेशानी की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने की अपील की।कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि आज के समय में छात्राओं का जागरूक होना बेहद जरूरी है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त बनाना है। पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। किसी भी समस्या या खतरे की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें, आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की दर्जनों छात्राएं उपस्थित रहीं।

# कार की टक्कर से महिला घायल

**समाज जागरण**

कैराना। कार की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे नितिन अपनी मां मीरा के साथ बाइक द्वारा पानीपत की ओर से शामली में अपने घर जा रहा था। जब वह बाईपास रोड पर पहुंचे, तभी अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी, जिस कारण मीरा गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि उसका बेटा बाल–बाल बच गया। वहीं, कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि हादसे के संबंध में तहरीर आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट के मामले में छह पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। युवक के साथ मारपीट करने के मामले में छह अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी अशोक ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि 31 जनवरी की शाम करीब सात बजे वह नाई की दुकान पर गया था। आरोप है कि वहां बाइक सवार लगभग छह अज्ञात युवक पहुंचे, जिन्होंने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि यह घटना कैमरे में कैद हो गई है। मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# योगी सरकार का झूठा और किसान-विरोधी बजट

## -गन्ना किसानों को सिर्फ दिखावा, असल राहत नहीं, सवित मलिक राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान यूनियन

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**



योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को किसान यूनियन ने किसानों के साथ धोखा और चुनावी स्टंट करार दिया है। यह बजट गन्ना किसानों, छोटे-मझोले किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज करता है। उन्होंने कहा कि यह गन्ना किसानों के साथ अन्याय है। महज 30 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी को ऐतिहासिक बताना मजाक है। महंगाई और उत्पादन लागत (खाद, बीज, डीजल, मजदूरी) में कई गुना वृद्धि के बीच यह बढ़ोतरी किसानों की आय को बढ़ाने के बजाय घटा रही है। गन्ना किसान मांग कर रहे हैं कि न्यूनतम 500 रुपये प्रति क्विंटल तक मूल्य बढ़ाया जाए, लेकिन सरकार ने उनकी सुनवाई नहीं की। सरकार खुद दावा करती है कि पिछले वर्षों में 3 लाख करोड़ से ज्यादा भुगतान किया, लेकिन हकीकत यह है कि कई मिलों में आज भी लंबित बकाया बाकी है और भुगतान में देरी जारी है। यह पारदर्शी भुगतान का झूठा दावा है।उन्होंने बताया कि महिला गन्ना किसानों को पर्ची में प्राथमिकता देने का दावा भी खोखला है, जमीनी हकीकत में लाखों महिला किसान अभी भी बिचौलियों और मिल मालिकों के शोषण का शिकार हैं।गेहूं-धान-मोटे अनाज की खरीद के आंकड़े दिखाकर सरकार आत्ममुग्ध हो रही है, लेकिन एमएसपी को कानूनी गारंटी नहीं दी जा रही। प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सूखा और कीटनाशक से प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा नहीं मिल रहा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में क्लेम की राशि कम और प्रक्रिया जटिल है, लाखों किसान अभी भी इंतजार में हैं। सिंचाई, उन्नत बीज, भंडारण और बाजार तक पहुंच जैसी मूलभूत सुविधाओं पर ठोस निवेश की कमी है। बजट में बड़े-बड़े दावे हैं, लेकिन ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और किसानों के लिए कर्जमाफी जैसी मांगों पर खामोशी। यह बजट अमीरों, बड़े उद्योगपतियों और अदृश्य दोस्तों के लिए है, न कि अन्नदाताओं के लिए। उत्तर प्रदेश के करोड़ों किसान परिवारों को महंगाई, बेरोजगारी और कर्ज के बोझ तले दबाया जा रहा है।

# डीएम ने किया जाता वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण

**समाज जागरण**



शामली। डीएम अरविंद कुमार चौहान ने बुधवार को विकासखंड थानाभवन के ग्राम भैसानी इस्लामपुर में आयोजित छाया वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया, रिकॉर्ड की जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के उपरांत डीएम ने गांव में उन परिवारों के घर-घर जाकर संपर्क किया, जिन्होंने बच्चों का टीकाकरण नहीं कराया था। उन्होंने परिवारजनों को समझाते हुए कहा कि समय से टीकाकरण कराने से बच्चे स्वस्थ रहते हैं, इसलिए निर्धारित तिथियों पर टीकाकरण सत्र में पहुंचकर बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। निरीक्षण के दौरान एक बच्चे का एमसीपी कार्ड अपडेट न मिलने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद डीएम ने सीएचसी थानाभवन का निरीक्षण किया। उन्होंने दैनिक ओपीडी की जानकारी ली तथा इमरजेंसी कक्ष में भर्ती एक बुजुर्ग महिला का हालचाल जानकर उपचार की जानकारी प्राप्त की और समुचित इलाज के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एचआरपी गर्भवती महिलाओं के उपचार की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने एचआरपी रजिस्टर मांगा, जो कई बार कहने के बावजूद उपलब्ध न कराए जाने पर उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई और शाम तक रजिस्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने अस्पताल में उपचार कराने आए मरीजों से भी बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. अथर जमील, डॉ. करन चौधर, डॉ. कुमार गुंजन, तरन्नुम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार, फईम अहमद मौजूद रहे।

# निकासी को लेकर की मारपीट

**समाज जागरण**

कैराना। घर के पानी की निकासी को लेकर मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गांव मंगलपुर निवासी छोटा ने कोतवाली में रिपार्ट दर्ज कराई कि उसके घर के पानी की निकासी बाहर होती है। दस फरवरी को उसके भतीजे सुरेश व अंकुश ने पानी निकालने को लेकर उसके साथ गाली–गलौज की। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी की। पुकार सुनकर उसका पुत्र मौके पर पहुंचा, तो आरोपियों ने देख लेने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। सड़क हादसे में व्यक्ति के घायल होने के मामले में पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। शामली के गांव बंतीखेड़ा निवासी नितिन कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चार फरवरी की शाम करीब सात बजे वह दो बाइकों पर ससुराल से कैराना–कांधला अड्डे पर थे। जहां उसका ससुर राधेश्याम व गुलशेर एक साइड में खड़े थे। तभी एक कार ने उसके ससुर को अपनी चपेट में ले लिया, जिस कारण ससुर कार के नीचे कुचला गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। घायल का निजी हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि चालक की उम्र करीब 16–17 वर्ष थी। पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# डीआरएम ने किया शामली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित शामली रेलवे स्टेशन का डीआरएम दिल्ली पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने जल्द से जल्द अधूरे कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिये ताकि समय से नवीन रेलवे स्टेशन का उघटान किया जा सके।

दरअसल शामली रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत मेट्रो स्टेशन की तर्ज पर लिफ्टयुक्त फुट ओवरब्रिज, सुंदर प्लेटफार्म, विस्तारित टिन शेड, बैठने की बेहतर व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल सुविधा, अप्रोच रोड एवं बागवानी जैसे विकास कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जा रहे है। निर्माण कार्य समय से पूरा न होने के कारण अभी भी शामली रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण कार्यो का शुभारंभ नही हो सका। बुधवार को डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने शामली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जहां उन्होने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, रैंप, अस्पताल आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैंप में नाली पाये जाने पर उसको बंद करने के निर्देश दिये। इस दौरान अग्रवाल मित्र मंडल के सचिव अनुज बंसल ने नई प्रस्तावित रेलगाड़ी को हरिद्वार, ऋषिकेश और उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक विस्तारित करने का भी निवेदन किया गया। उनका कहना था कि इससे क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा धार्मिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा। इस दौरान रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने बुधवार को नवीन कलेक्ट्रेट परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परिसर में सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण से संबंधित प्रस्तावित कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि कार्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर उपयुक्त पौधे, हेज एवं घास की रोपाई कर परिसर को हरित एवं आकर्षक बनाया जाए। डॉ. ओंकार सिंह ने परिसर में फलदार, अलंकृत, औषधीय गुणों वाले एवं छायादार पौधों के साथ सामाजिक वानिकी से जुड़े वृक्ष लगाने की योजना के बारे में जानकारी दी। साथ ही पार्कों में हरी घास लगाने एवं पौधरोपण के लिए चिन्हित स्थानों के संबंध में डीएम को अवगत कराया गया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि नवीन कलेक्ट्रेट परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा, जिससे परिसर का वातावरण और अधिक स्वच्छ व हरित बनाया जा सके। इस दौरान एसडीएम शिवाजी, कृषि विज्ञान केंद्र शामली के सहायक निदेशक डॉ. ओंकार सिंह तथा वन विभाग के रेंजर राजेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# संविदा कर्मचारियों ने मानदेय भुगतान में देरी को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग )राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में हो रही देरी को लेकर कर्मचारियों ने प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं, जिन्हें जुलाई 2025 से नियमित रूप से समय पर मानदेय प्राप्त नहीं हो रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि एक माह का मानदेय दो माह या उससे अधिक समय बाद मिल रहा है। ई-पेमेंट पोर्टल लागू होने के बाद लिमिट शून्य, बिल फेल और बजट की अनुपलब्धता जैसे कारणों से भुगतान में लगातार विलम्ब हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि मानदेय में देरी के कारण अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आर्थिक तंगी से परेशान कुछ कर्मचारियों द्वारा आत्महत्या के प्रयास जैसी घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है। संगठन ने मांग की है कि सभी संविदा कर्मचारियों का मानदेय प्रत्येक माह की 7 तारीख तक अनिवार्य रूप से भुगतान किया जाए, लंबित मानदेय का तत्काल निस्तारण कराया जाए तथा तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

# किसानों की विभिन्न समास्याओं के समाधान को लेकर डीएम को सौंपा पत्र

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग)**

दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरीडोर एक्सप्रेस-वे से प्रभावित किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दिल्ली-देहरादून इको कॉरीडोर किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। समिति के अध्यक्ष ठाकुर वीर सिंह एवं सचिव विदेश मलिक ने बताया कि एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान जनपद के किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसके बाद कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं। किसानों ने मांग की कि हाईवे से उतरने वाले वर्षा के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि खेतों को नुकसान न पहुंचे।ज्ञापन में अंडरपास एवं बीयूबी के पास खाली स्थानों को फाइबर सीट से कवर कराने, बॉक्स कलवर्ट में जलभराव रोकने, किसानों के लिए कटिंग रोड की व्यवस्था करने तथा विभिन्न स्थानों पर सिंचाई के लिए पक्की नाली बनवाने की मांग की गई है। इसके अलावा नहर की नाली में छोटे पाइप डलवाने, अंडरपास में आरसीसी सड़क का पुनर्निर्माण कराने तथा लॉजिस्टिक एरिया से बाबरी-कांडी मार्ग तक सर्विस रोड की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने डीएम से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान से किसानों को राहत मिलेगी और खेती कार्य प्रभावित नहीं होगा।

# केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए भूमि पुनर्ग्रहण के प्रस्ताव को डीएम दी मंजूरी

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

जिला विद्यालय निरीक्षक एवं आयुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन के पत्र के संदर्भ में केंद्रीय विद्यालय शामली के निर्माण के लिए भूमि पुनर्ग्रहण के प्रस्ताव को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी शामली द्वारा प्रस्तुत पुनर्ग्रहण प्रस्ताव के आधार पर तहसील शामली के ग्राम काबडौत स्थित गाटा संख्या 179, जो बंजर श्रेणी (5-3-ड) में दर्ज है, कुल 2.9790 हेक्टेयर भूमि में से 2.0000 हेक्टेयर भूमि शिक्षा विभाग को केंद्रीय विद्यालय शामली के लिए आवंटित किए जाने के आदेश दिनांक 10 फरवरी 2026 को जारी किए गए। केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध होने से जनपद में शिक्षा सुविधाओं के विस्तार को बल मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कार सवार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के गोहरनी पेट्रोल पंप के निकट कार चालक द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी अभी तक शिनाख्त नही हो सकी है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

बुधवार को क्षेत्र के भैंसवाल रोड स्थित गांव गोहरनी के निकट पेट्रोल पंप के सामने एक तेज गति से आ रही कार सवार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और सिर जमीन में लगने से वह बेहोश हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके पर कार छोडकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन युवक के होश में न आने पर उसकी शिनाख्त नही हो सकी है। पुलिस ने बताया कि बाइक बिना नंबर की थी तो उसके आधार पर भी युवक की शिनाख्त नही हो पा रही है। फिलहाल कार को कब्जे में लेकर पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# तकनीक और रचनात्मकता का अनूठा संगमः बागपत के युवा अनस ने ए.आई. फैशन में बनाई नई पहचान

## एसपी ऑफिस रोड स्थित तकनीकी विशेषज्ञ ने पेश की मिसाल, मोबाइल रिपेयरिंग के हुनर को डिजिटल आर्ट से जोड़कर तैयार किए नए फैशन ट्रेंड्स।

**समाज जागरण बागपत।** डिजिटल क्रांति के इस दौर में अब प्रतिभाएं सिर्फ महानगरों की मोहताज नहीं रह गई हैं। बागपत जैसे शहरों के युवा भी अब नई तकनीकों को अपनाकर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। इसी कड़ी में एसपी ऑफिस रोड स्थित 'अजंता मोबाइल सेंटर' के संचालक, युवा तकनीकी विशेषज्ञ अनस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल फैशन की दुनिया में एक नई लकीर खींची है।



आमतौर पर लोग अनस को एक कुशल मोबाइल हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर एक्सपर्ट के रूप में जानते हैं, लेकिन डिजिटल दुनिया में वे ए.आई. टूल्स का इस्तेमाल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर के फैशन मॉडल्स और डिजाइन्स तैयार कर रहे हैं। उनका यह प्रयोग तकनीक और कला का एक बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरा है।

**जुनून को दी डिजिटल उड़ान**

इस विषय पर बात करते हुए अनस ने बताया कि मोबाइल रिपेयरिंग उनका पेशा है, लेकिन फैशन और स्टाइलिंग उनका जुनून। उन्होंने अपनी तकनीकी समझ का इस्तेमाल कर इस जुनून को एक नया रूप दिया है। वे आधुनिक ए.आई. सॉफ्टवेयर का उपयोग करके ऐसे 'वर्चुअल फैशन पोर्टफोलियो' तैयार कर रहे हैं, जो भविष्य के फैशन ट्रेंड्स की झलक दिखाते हैं।

**युवाओं के लिए बने प्रेरणा**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अनस का यह प्रयास साबित करता है कि अगर हुनर हो, तो संसाधनों की कमी आड़े नहीं आती। एक सामान्य मोबाइल तकनीशियन से डिजिटल क्रिएटर बनने का उनका यह सफर क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी लीक से हटकर कुछ नया करने के लिए प्रेरित कर रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय व्यापारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

# बाबा शाहमल जयंती पर डीएम ने दी श्रद्धांजलि खिलाड़ियों को सिंथेटिक मैट

## शहीद स्मारक बिजरौल में श्रद्धांजलि युवाओं को शिक्षा खेल और नशामुक्ति संदेश

**समाज जागरण बागपत।** 1857 की क्रांति के अमर बलिदानी बाबा शाहमल की 229वीं जयंती पर ग्राम बिजरौल स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के सदस्य तथा



प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने बाबा शाहमल के साहस, त्याग और देशभक्ति को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खापों के चौधरियों ने दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, शिक्षा में पिछड़ापन और युवाओं में बढ़ती नशाखोरी जैसे गंभीर मुद्दों पर विचार विमर्श किया। सभी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूत करने और नशामुक्त समाज बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी की पहल से शहीद स्मारक परिसर के बहुउद्देशीय हॉल में कबड्डी खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक मैट की व्यवस्था की गई। अब ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधा मिलेगी जिससे वे जिला, मंडल और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। इसे क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है। जिलाधिकारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और खेल जीवन में सफलता की मजबूत नींव हैं। सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने वाले युवा ही गांव और जनपद का भविष्य उज्ज्वल बनाते है। इस दौरान आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, बाबा शाहमल के पैतृक परिवार से यशपाल चौधरी, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने बाबा शाहमल के बलिदान को नमन करते हुए उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में बारहवीं छात्राओं को विदाई सम्मान

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच छात्राओं को मिला सम्मान और उज्ज्वल भविष्य संदेश

**समाज जागरण बड़ौत।**

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्राओं के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्राओं ने मिलकर यादगार पल साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या अंजू ने किया। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। समारोह में फतेहपुर पुट्ठी की प्रधानाचार्या रेखा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय से मिली शिक्षा और संस्कार छात्राओं के जीवन की मजबूत नींव बनेंगे और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे। इस अवसर पर छात्राओं ने गीत, नृत्य




और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। विदाई के भावुक माहौल के बीच छात्राओं ने अपने विद्यालय के अनुभव साझा किए, जिससे वातावरण भावनात्मक हो उठा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए भारती को मिस फेयरवेल, फलक को मिस ब्यूटी और तनिक्षा को मिस इंटेलिजेंट का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन निशात खानम ने किया। इस दौरान प्रियंका जैन, अनीता, प्राची, अलका सहित विद्यालय परिवार के सदस्य तथा विपिन और रितेश उपस्थित रहे। अंत में सभी ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# अमेरिका ट्रेड बिल के विरोध में आज किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा अमेरिका ट्रेड बिल के विरोध में गुरुवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के जिला प्रभारी विनोद चौधरी ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया है। संगठन की ओर से जारी सूचना के अनुसार धरना प्रदर्शन सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की चिंताओं और मांगों से अवगत कराया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रस्तावित ट्रेड व्यवस्था से देश के किसानों के हित प्रभावित हो सकते हैं। इसी को लेकर संगठन ने विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। संगठन के जिला स्तर के कार्यकताओं को कार्यक्रम की तैयारी और व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रभारी विनोद चौधरी ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार आवाज उठाता रहेगा और जरूरत पड़ने पर आगे भी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसानों के भविष्य से जुड़ा हुआ है और इसमें सभी की भागीदारी जरूरी है।

# श्री समोशरण महामंडल विधान में भक्ति भाव से की पूजा

**समाज जागरण**

बागपत। भावलिंगी संत, श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर मुनिराज के सान्निध्य में ऋषभ सभागार गांधी रोड बड़ौत में आयोजित श्री समोशरण महामंडल विधान के चौथे दिन जैन श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जिनेंद्र भगवान की आराधना की। पच्चीस दिव्य समोशरण में विराजमान चौबीस तीर्थंकर भगवान का जैन श्रद्धालुओं ने गर्म प्रासुक जल से अभिषेक किया। मुख्य चक्रवर्ती नितिन जैन और सौधर्म इंद्र नरेश जैन, मुख्य समोशरण पर आचार्य श्री सहित सुशोभित थे।चौबीस समोशरण पर चक्रवर्तियों की छवि देखते ही बनती थी। व्याख्यान वाचस्पति डॉक्टर श्रेयांस



जैन एवं ब्रह्मचारी आशीष जैन भोपाल के निर्देशन में शांतिधारा का सौभाग्य श्री श्रवण जैन बावली वालो को प्राप्त हुआ। कुबेर इंद्र अजय जैन और यज्ञनायक बिजेन्द्र जैन ने इस अवसर पर भावविभोर होकर नृत्य किया।विधान की पूजन में नवदेवता पूजन, भगवान शांतिनाथ पूजन और आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज की पूजन अष्ट द्रव्यों से की गई तथा मंडल पर 56 अर्ध समर्पित किए गए। संगीतकार केशव म्यूजिकल ग्रुप भोपाल द्वारा गाए भजन पंखुड़ा ओ पंखुड़ा को विशेष रूप से सराहा गया।शुद्ध भोजन की व्यवस्था विपुल जैन सर्राफ परिवार की ओर से की गई। विधान के मध्य मंगल प्रवचन देते हुए आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने कहा कि भगवान ऋषभदेव से लेकर महावीर पर्यंत 24 तीर्थंकरों के समोशरण का विस्तार अलग-अलग है। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव का समवसरण 12 योजन अर्थात 96 मील का था, जो आगे-आगे घटते क्रम में भगवान महावीर का 1 योजन अर्थात 8 मील का रह गया था। प्रत्येक समोशरण में मानस्तंभों की ऊँचाई भगवान की ऊँचाई से 12 गुनी ऊँची होती है। इस मानस्तंभ का दर्शन करते ही मानी का मान गलित हो जाता है। सम्यग्दृष्टि भव्यजीव ही प्रभु के समोशरण में प्रवेश कर सकते है। मिध्यादृष्टि नहीं इसमें जा सकते। समोशरण की यह विशेषता होती है कि अंधे,लूले,लंगड़े सभी क्रम से 20 हजार सीढ़ी पार कर ऊपर पहुंच जाते है और निरोगी हो जाते है।यह सब तीर्थंकर प्रकृति के पुण्य का ही प्रभाव है। संध्याकाल में परमपूज्य आचार्य विमर्श सागर महाराज के सान्निध्य में गुरुभक्ति, महाआरती एवं धार्मिक नृत्य नाटिकाओं का आयोजन मयूर आर्ट ग्रुप दिल्ली द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से, भगवान आदिनाथ ज्ञान कल्याणक के अवसर पर जिनागम पंथ दिवस, नगर के ऋषभ सभागार में धूमधाम से मनाया जायेगा।इस अवसर पर मुकेश जैन, विपुल जैन, अजय जैन, प्रवीण जैन, अनिल जैन, अजय जैन, विक्रम जैन, अनुज जैन, अशोक जैन, नवीन जैन, संजय जैन, मुकेश जैन टेंट, राकेश जैन आदि उपस्थित थे।

# अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर एम डी जैन इंटर कॉलेज में हुआ अभिनंदन

**समाज जागरण**

सिरसागंजः- माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश ने प्रति वर्ष शिक्षक दिवस पर प्रदान किए जाने वाले शिक्षक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। सरकार द्वारा राज्य के माध्यमिक एवं राजकीय विद्यालयों के 15 शिक्षकों के नाम की सूची जारी की गई है। जिसमें जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज,



संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। उनके चयन से जिले के शिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है।

विद्यालय में अश्वनी जैन के अभिनंदन समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन में किया गया। नीरज जैन ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। वह जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक भी हैं और उन्होंने अपने व जिले के विभिन्न विद्यालयों में एक हजार से अधिक विज्ञान प्रदर्शनियां एवं गतिविधियां आयोजित की हैं। उनके द्वारा विद्यालय में सभी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है। हेमचन्द्र जैन ने बताया कि जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग से पहली बार राज्य स्तर पर शिक्षक का चयन हुआ है। यह जनपद के लिए गौरव का क्षण है।

अश्वनी कुमार जैन ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कर्तव्य केवल किताबें पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना भी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ नितिन मिश्र एवं अमित जैन ने किया। इस अवसर पर संदीप जैन, राजकुमार, संजीव जैन, सुनील जैन, मनोज जैन, शैलेन्द्र जैन, सत्यपाल सिंह, प्रशांत जैन, नितिन जैन, अंजय जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, राजीव जैन, निर्भय जैन, परेश जैन, निशान्त जैन, योगेश श्रीवास्तव, धीरज जैन, राजेश सक्सेना, मनीष जैन, नवनीत प्रकाश जैन, विपुल जैन, हरिशंकर, सत्यकाम सिंह, मनोज शाक्य, विपुल, श्रीमती सुकीर्ति चतुर्वेदी, प्रीती जैन, स्वाती जैन, रंजना जैन, सारिका कुलश्रेष्ठ, साधना मोडवेल, अंजली जैन, साक्षी, किरण आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब बागपत ने राजकीय कन्या कॉलेज में मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

बागपत। लायंस क्लब बागपत ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में वर्ष 2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने का एक समारोह आयोजित किया। यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में क्लब की निरंतर सक्रियता और युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। यह प्रयास छात्राओं की कठिन परिश्रम को सम्मान देने तथा उन्हें आगे की पढ़ाई एवं जीवन में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने का माध्यम बना। कार्यक्रम में लायंस क्लब बागपत के अध्यक्ष लायन अजय शर्मा, सचिव लायन विजय पाल यादव कार्यक्रम चेयरमैन मोहन चौहान उर्फ मोंटी सहित अन्य प्रमुख सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर राजपाल शर्मा, गजेंद्र



सिंह बली, महेश शर्मा, नीरज नैन, डॉ महेंद्र सिंह धामा, पदम चौहान, हाजी यासीन, महबूब खान सहित क्लब के अन्य सम्मानित लायन सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। लायंस क्लब बागपत शिक्षा , स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। क्लब के अध्यक्ष लायन अजय शर्मा ने कहा कि हमारे होनहार विद्यार्थियों की सफलता हमारी सामूहिक उपलब्धि है। उनकी मेहनत को सम्मानित कर हम शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं। क्लब भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं का उत्साह वर्धन करता रहेगा। समारोह में बड़ी संख्या में क्लब सदस्यों, शिक्षकों एवं छात्राओं की उपस्थिति रही, जिसने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। सभी उपस्थित जनों ने इस पहल की सराहना की और क्लब की सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की प्रशंसा की।

# अविका डेयरी पर छापा रिफाइंड तेल वनस्पति घी के नमूने सीज

## खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई में 147 किलो संदिग्ध तेल घी जब्त

**समाज जागरण बागपत।** जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार को अविका डेयरी फूड लिमिटेड यूपीएसआईडीसी बागपत पर छापेमार कार्रवाई करते हुए रिफाइंड ऑयल और वनस्पति घी के नमूने लिए तथा 147 किलोग्राम उत्पाद को सीज कर दिया। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा जिलाधिकारी बागपत के निर्देशों के अनुपालन में की गई। सहायक आयुक्त खाद्य डीपी सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर उत्पादों की जांच की और गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर नमूने संग्रहित किए। कार्रवाई के दौरान कुल 147 किलोग्राम रिफाइंड ऑयल और वनस्पति घी जिसकी अनुमानित



कीमत 28003 रुपये बताई गई है को सीज कर सुरक्षित रखा गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि गुणवत्ता मानकों में कमी पाई जाती है तो संबंधित फर्म के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद में मिलावटी और घटिया खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान टीम में सहायक आयुक्त खाद्य डीपी सिंह तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकिता श्रीवास्तव मौजूद रहीं। अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया।

# जिले की रैंकिंग फिर हुई धाराशाई, प्रदेश में 56 वे स्थान पर पहुंचा

**समाज जागरण**

बागपत। पिछले माह के 72वी रैंक से ऊपर उठकर जिला 56वे स्थान पर तो पहुंचा, मगर विकास के आधार पर यह रैंक बेहद खराब है। योजनाओं की प्रगति और विकास की राशि अटकी होने के कारण जिला पिछले एक साल से गर्क में पहुंच गया है। बुधवार को सीएम डेस्क बोर्ड की रैंकिंग में जनपद 56वे स्थान पर जा पहुंचा है। जिसमें विकास कार्यों में 54वा और राजस्व कार्यों में जिले का 49वा स्थान है। बता दें कि सीएम डेस्क बोर्ड रैंकिंग में ललितपुर का शीर्ष स्थान है। हालात इतने खराब है कि पिछले एक साल से जिला टॉप 20 की लिस्ट में भी अपना स्थान नहीं बना पाया है।



विकास विभाग में राज्य वित्त की राशि खर्च करने में डी श्रेणी मिली है। इसके अलावा कृषि विभाग की पीएम कुसुम योजना, ग्राम्य विकास विभाग की डे एनआरएलएम योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में भी डी श्रेणी लाकर विभागों ने जिले की लुटिया को डुबोया है। उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग के बावजूद इन विभागों के अधिकारियों की लापरवाही जारी है।

# महादेवी इंटर कॉलेज गोना में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। महादेवी इंटर कॉलेज गोना में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन वीरेंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य कविता शर्मा ने हिमांशु यादव, सना खान, अर्शी खान, देविका, प्रिया शर्मा व अन्य को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके अलावा फेयरवेल पार्टी में बच्चों को अपने कैरियर में समाज सेवा और देश सेवा करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अनेक कार्यक्रमों के साथ सभी का खूब मनोरंजन किया। साथ ही अपने अनुभव साझा किए और जूनियर विद्यार्थियों



को अनुशासित ढंग से शिक्षा ग्रहण करते रहने की प्रेरणा दी। वीरेंद्र यादव ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ते रहने की शुभकामना दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में सफलतापूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# युवक की हत्या कर इको लूटने वाले को पीसीआर पर ले गाड़ी की बरामद

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने युवक का अपहरण व हत्या हत्या कर इको लूटने के अभियुक्त को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया। उससे काफी देर तक पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र पाल थाना दक्षिण ने 20 नवंबर को युवक सलमान अली निवासी भटपुरा एरवा कटरा जनपद औरैया का अपहरण कर हत्या कर देने व उसकी ईको गाड़ी लूटने के अभियुक्त मनीष पुत्र राम नरायन को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया। वह निलोई थाना जसवन्त नगर जनपद इटावा का रहने वाला है।

पुलिस ने उसे काफी देर तक पूछताछ की। पुलिस ने उसकी निशान देही पर लूटी गई ईको गाड़ी को बरामद किया है। पुलिस ने गाड़ी पैमेश्वर गेट बरी चौराहा की तरफ जंगल से बरामद किया। युवक के पिता ने थाना दक्षिण में मुकदमा दर्ज कराया था।विवेचना में मनीष पुत्र राम नरायन निवासी निलोई थाना जसवन्त नगर जनपद इटावा, राजकुमार पुत्र सोबरन सिंह उर्फ सोरन सिंह



निवासी खोंडा थाना सहपऊ जनपद हाथरस,अभिषेक पुत्र दशरथ सिंह निवासी ग्राम हरदोई थाना सैफई जनपद इटावा, व रामवीर उर्फ वीरा पुत्र अर्जुन सिंह निवासी हरदोई थाना सैफई जनपद इटावा का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने पहले राजकुमार बाद में रामवीर को मुठभेड़ में पकड़ा। दबिश के कारण भय से अभियुक्त मनीष व अभियुक्त अभिषेक ने न्यायालय जनपद इटावा न्यायालय जनपद फिरोजाबाद में आत्मसमर्पण किया था।

# लाखो रुपये की शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

## ट्रक व मोबाइल बरामद

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद, थाना टूण्डला पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक अन्तर्राज्यिय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है

उसके कब्जे से करीब 92 लाख रु0 की अवैध अंग्रेजी शराब व 01 ट्रक व मोबाइल बरामद किया है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अवैध रुप से शराब की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में दिनांक 10-02-2026 को समय करीब 21.55 बजे थाना टूण्डला पुलिस टीम एवं एसओजी /सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त मदनलाल पुत्र जगदीश निवासी मौहल्ला मेघवालों का वास रामसर थाना रामसर जनपद बाड़मेर (राजस्थान) को गुरु गोरखनाथ ढाबा से पहले एनएच-19 सर्विस रोड वृहद ग्राम नगला महादेव थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के कब्जे से 01 ट्रक जिसमें 753 पेटी भिन्न-भिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त मदनलाल के विरुद्ध थाना टूण्डला पर धारा 60/ 63/72 आबकारी अधिनियम व 318(4) बीएनएस0 अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह पंजाब के संगरुर जिले से ट्रक के सही नम्बर RJ-09-GC-2359 की जगह ट्रक की नम्बर प्लेट पर अधूड़ी नम्बरों की नम्बर प्लेट 9-GC-235 लगाकर अंग्रेजी शराब लेकर आता था, तथा लाई गयी अंग्रेजी शराब को बिहार में ले जाकर सप्लाई करता था। बिहार में शराब बंदी होने के कारण इससे भारी मुनाफा कमाता था।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# कर्मचारी यूनियन की प्रस्तावित हड़ताल के मद्देनजर धारा 163 लागू

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 11 फरवरी (सुरेश जोरासिया) जिलाधीश शांतनु शर्मा ने हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन द्वारा 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्तः शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेवाओं को सुचारू रूप से जारी रखने के आदेश दिए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार बस स्टैंड, सिरसा तथा सब डिपो डबवाली सहित उनके कार्यशाला परिसरों के 200 मीटर के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों का किसी भी प्रकार का अवैध जमावड़ा, किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस या प्रदर्शन का आयोजन व किसी व्यक्ति या समूह द्वारा ऐसे किसी भी पदार्थ/वस्तु को साथ रखना जो हथियार के रूप में प्रयोग हो सके अथवा ज्वलनशील, विस्फोटक या संक्षारक सामग्री का उपयोग, जिससे सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता हो, आदि गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। ये आदेश 11 फरवरी की मध्यरात्रि से प्रभावी होगा तथा हड़ताल समाप्त होने या स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेगा।

# हक, हुनर, और हौसला: दिव्यांगजनों के लिए बदला बजट का नजरिया

**– केंद्रीय बजट 2026-27: दिव्यांगजनों पर 30% ज्यादा निवेश**
**–डा. वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री**

**समाज जागरण**

नई दिल्ली: केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी दस्तावेज के रूप में देखा जा रहा है। दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD) के बजट में लगभग 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि न केवल आंकड़ों की बढ़ोतरी है, बल्कि यह उस बदले हुए सरकारी नजरिये का संकेत है जिसमें दिव्यांगजन अब सहानुभूति के पात्र नहीं, बल्कि अधिकारों के साथ विकास की मुख्यधारा के साझीदार माने जा रहे हैं। वर्ष 2025-26 में 1,275 करोड़ के बजटीय प्रावधान को बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 1,669.72 करोड़ किया जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सरकार दिव्यांगजनों के समावेशी, गरिमापूर्ण और आत्मनिर्भर भविष्य के प्रति गंभीर है।



देश में दिव्यांगजन आबादी में बीते वर्षों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत दिव्यांगता की श्रेणियों को 7 से बढ़ाकर 21 किए जाने से जरूरतों का दायरा और व्यापक हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में बजट 2026झ27 में घोषित दिव्यांग सहारा योजना को एक निर्णायक हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है, जिसके तहत ALIMCO को आधुनिक, उच्च गुणवत्ता वाले और तकनीक-आधारित सहायक उपकरणों के निर्माण के लिए सशक्त किया जा रहा है। केंद्र सरकार के मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम ALIMCO, जिसके पास करड प्रमाणन, सात विनिर्माण इकाइयाँ और अब तक 35 लाख से अधिक लाभार्थियों का अनुभव है, अब अक-एकीकृत गतिशीलता उपकरणों, ई-ब्रेल तकनीक, श्रवण एवं संज्ञानात्मक सहायक उपकरणों के उन्नत उत्पादन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। इसके लिए स्टार्ट-अप्स और वैश्विक तकनीकी संस्थानों के साथ अनुसंधान एवं नवाचार आधारित साझेदारियाँ भी की जा रही हैं, जिससे आयात पर निर्भरता घटेगी और ADIP जैसी योजनाओं के तहत सस्ती व सुलभ सहायता सुनिश्चित होगी।

बजट में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्रों के उन्नयन और आधुनिक Assistive Technology Mart के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि अंतिम व्यक्ति तक सहायता समय पर और सम्मान के साथ पहुंच सके। इसके साथ-साथ दिव्यांगजन कौशल योजना के माध्यम से कौशल विकास को रोजगार से सीधे जोड़ा गया है। यह योजना उन क्षेत्रों पर केंद्रित है जहां भविष्य की संभावनाएं सबसे अधिक हैं—जैसे हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, जिसका आकार 2030 तक 19-20 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, तेजी से बढ़ता OTT और मीडिया क्षेत्र, तथा ग्रीन जॉब्स जैसे नए अवसर। समावेशी शिक्षण पद्धति, ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के बाद सहयोग के जरिये यह योजना दिव्यांगजनों के लिए स्थायी आजीविका का रास्ता खोलती है। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बजट 2026-27 एक नया भरोसा लेकर आया है। NIMHR, NIEPID और NIEPMD जैसे संस्थानों के सुदृढ़ीकरण, न्यूरो-डाइवर्जेंट व्यक्तियों के लिए उन्नत निदान एवं पुनर्वास सेवाओं तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से दिव्यांग कल्याण को नई ऊँचाई देने की तैयारी है।

कुल मिलाकर, बजट 2026-27 दिव्यांगजनों के लिए रहम या रियायत का दस्तावेज नहीं, बल्कि हक, हुनर और हौसले के साथ आगे बढ़ने का रोडमैप है। यह बजट कल्याण से सशक्तिकरण की ओर बढ़ते भारत की उस तस्वीर को मजबूत करता है, जहां समावेशी विकास ही विकसित भारत की असली पहचान है।

# हरियाणा: दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की चौथी किस्त जारी, 9.22 लाख महिलाओं को मिला लाभ

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत बड़ा कदम उठाते हुए 9,22,452 महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में चौथी किस्त के रूप में 193 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं।

सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक इस योजना के अंतर्गत चार किस्तों में कुल 634 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि फरवरी 2026 से 1100 रुपये की राशि सीधे लाभार्थी के बचत बैंक खाते में जमा की जाएगी, जबकि शेष 1000 रुपये सरकार द्वारा संचालित सावधि जमा (FD) खाते में जमा किए जाएंगे, जिससे महिलाओं के लिए भविष्य की बचत सुनिश्चित हो सके।

राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना महिलाओं की आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जिससे प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा तंत्र और मजबूत होगा।

# ‘हर घर – हर गृहिणी’ योजना: 12.62 लाख महिलाओं को 38.97 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की हर घर झ्र हर गृहिणी योजना के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए नवंबर और दिसंबर माह के लिए एलपीजी सिलेंडर रिफिल कराने वाली 12.62 लाख बीपीएल परिवारों की महिलाओं को 38.97 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई है।

इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाना है। योजना के तहत पात्र महिलाएं हर महीने 500 रुपये की सब्सिडी दर पर गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकती हैं, जिससे रसोई गैस का खर्च काफी कम हो जाता है।

इससे पहले 17 जनवरी को सरकार ने 6,08,842 से अधिक लाभार्थियों को 18.56 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की थी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, योजना के तहत अब तक 14.38 लाख महिलाओं को कुल 223.31 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। सरकार का कहना है कि यह पहल न केवल स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देती है, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य, समय की बचत और आर्थिक सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# सीआईए डबवाली, साइबर सेल व थाना सदर डबवाली की बड़ी कार्रवाई

- पुजारी पर हुए जानलेवा हमले की गुत्थी सुलझाई
- 50,000 रुपये की सुपारी लेकर दिया था वारदात को अंजाम
- मुख्य साजिशकर्ता सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**समाज जागरण**

डबवाली/कालांवाली 11 फरवरी (सुरेश जोरासिया) कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा संगीन अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में डबवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है । सीआईए स्टाफ डबवाली, साइबर सेल डबवाली, थाना सदर डबवाली व चौकी गोरीवाला पुलिस की संयुक्त टीम ने पुजारी पर हुए हत्या के प्रयास के मामले की गुत्थी सुलझाते हुए तीन आरोपियों को काबू किया है ।

आरोपियों की पहचानः- महावीर उर्फ धोलू पुत्र ओमप्रकाश निवासी गंगा( मुख्य साजिशकर्ता), मनदीप पुत्र मंगत राम निवासी नूरपुर सादुलशहर निवासी गंगानगर (राज.) व रवि कुमार पुत्र प्रेम कुमार निवासी सादुलशहर गंगानगर (राज.)।

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डबवाली में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए डीएसपी कपिल अहलावत ने बताया कि दिनांक 28.01.2026 को शिकायतकर्ता चन्द्र प्रकाश पुत्र मनीराम निवासी गंगा जिला सिरसा ने बयान दिया कि वह केशव ढाणी गांव गंगा में हनुमान मंदिर में पुजारी है । जो वह रात को मंदिर में ही रुकता है । 28 जनवरी की सुबह 5.30 बजे वह शौच के लिए मंदिर के बाहर शौचालय में गया तो बाहर से किसी के बुलाने की आवाज आई । जब वह बाहर आया तो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रस्सी से उसका गला घोंटने का प्रयास किया गया । जो डर की वजह से वह बेहोश हो गया । जो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सदर डबवाली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 व 3(5) के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डबवाली के निदेर्शानुसार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कपिल अहलावत के नेतृत्व में सीआईए स्टाफ डबवाली, साइबर सेल डबवाली, थाना सदर डबवाली व चौकी गोरीवाला की एक विशेष टीम का गठन किया गया । संयुक्त टीम ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया ।

साजिश के तहत हमलाः- आरोपियों से की गई प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता आरोपी महावीर जो पहले गांव गंगा में मनरेगा में मेट के तौर पर काम करता था, जो अब सादुलशहर में डीजे का काम कर रहा है । जो पारिवारिक मामले में हुई कहासुनी की रंजिश के तहत उसने वहीं पर उसके पास काम करने वाले आरोपियों मनदीप, रवि कुमार को हमला करने के लिए 50,000 रुपये दिए थे। जो उक्त आरोपियों द्वारा सहयोगियों के साथ मिलकर 15 जनवरी को शिकायतकर्ता चन्द्र प्रकाश की रेकी की गई और 27 जनवरी को एक कार में सवार होकर मंदिर के पास पहुंचे परंतु किसी कारणवश वारदात को अंजाम नहीं दे सके । जो अगले दिन 28 जनवरी को फिर से उन्होंने योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया । गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि इस साजिश में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा सके । डबवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने या संगीन अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा । अपराधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# 22 जिलों में डे-केयर कैंसर सेंटर शुरू, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बड़ी पहल

**समाज जागरण**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा को लागू करते हुए आज प्रदेश के 17 जिलों में डे-केयर कैंसर सेंटरों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इससे पहले राज्य के 5 जिलों में ये सुविधाएँ पहले से ही चल रही थीं और आज के उद्घाटन के साथ कुल 22 जिलों में यह सुविधा उपलब्ध हो गई है।

मुख्यमंत्री ने इसे कैंसर उपचार में क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा है कि इस पहल का उद्देश्य रोगियों को अपने घर के नजदीक ही किफायती और गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया कराना है।




इन डे-केयर सेंटरों में प्रमुख रूप से फॉलो-अप कीमोथेरेपी, पेलिएटिव केयर (दर्द निवारक देखभाल), लक्षण प्रबंधन और उपचार के बाद देखभाल जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा नियमित कैंसर स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं ताकि बीमारी का पहले चरण में पता चल सके और रोगियों को उचित मार्गदर्शन मिले।

यह योजना राष्ट्रीय गैर-संक्रामक रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NP-NCD) के तहत भी चल रही है और इसके साथ कैंसर देखभाल को जिला स्तर पर अधिक सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

**मुख्य बिंदुः**
- हरियाणा के 22 जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर अब कार्यरत।
- इससे पहले 5 जिलों में पहले से यह सुविधा मौजूद थी।
- बजट में की गई यह घोषणा अब जमीन पर लागू हो चुकी है।
- सेवाओं में कीमोथेरेपी, पेलिएटिव केयर और रोगी समर्थन शामिल।

यह पहल हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं के व्यापक विस्तार का प्रतीक है, जो कैंसर मरीजों को सहज, सस्ता और स्थानीय स्तर पर इलाज उपलब्ध कराएगी।

# हरियाणा सरकार का संकल्प: अंत्योदय से सर्वांगीण विकास तक

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि विकास की रोशनी अंतिम छोर तक पहुंचे और कोई भी नागरिक पीछे न छूटे। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक सीधे सहायता पहुंचाई जा रही है।




उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार के क्षेत्र में विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं ताकि समावेशी विकास को गति मिल सके।

हरियाणा सरकार का यह दृष्टिकोण सामाजिक न्याय और समान अवसर के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका उद्देश्य प्रदेश को समग्र और संतुलित विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है।

# हरियाणा में बनेगी देश की पहली ‘झूला सेफ्टी पॉलिसी’, सुरक्षा को मिलेगा नया आयाम

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि राज्य सरकार देश की पहली झूला सेफ्टी पॉलिसी तैयार करेगी। यह नीति झूलों और विभिन्न मनोरंजन साधनों को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से लागू की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मेलों, पार्कों, मनोरंजन स्थलों और अन्य सार्वजनिक आयोजनों में लगाए जाने वाले झूलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। प्रस्तावित पॉलिसी के तहत तकनीकी मानकों, नियमित निरीक्षण, लाइसेंसिंग और सुरक्षा प्रमाणन जैसी व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।

सरकार का मानना है कि यह नीति लागू होने के बाद झूलों और मनोरंजन उपकरणों के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी तथा आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

झूला सेफ्टी पॉलिसी को देश में अपनी तरह की पहली पहल बताया जा रहा है, जिससे अन्य राज्यों को भी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रेरणा मिलेगी।

# ‘दिल्ली मिनी भारत’ — विविधता और संस्कृति का उत्सव

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने राजधानी की सांस्कृतिक विविधता को उसकी सबसे बड़ी पहचान बताते हुए कहा है कि दिल्ली सच में मिनी भारत है, जहां देश के हर राज्य की संस्कृति, परंपरा और उत्सव की झलक देखने को मिलती है।

सरकार के अनुसार, यह सुनिश्चित किया गया है कि राजधानी में हर संस्कृति को सम्मान और मंच मिले। चाहे गुजरात का गरबा हो, असम की बिहू हो या विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस समारोह, दिल्ली सबको अपनाती है और पूरे उत्साह से सभी पर्व मनाती है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का संकल्प है कि राजधानी को उसकी सांस्कृतिक समृद्धि और विविधता की पहचान के साथ आगे बढ़ाया जाए। सरकार का मानना है कि यही विविधता दिल्ली की ताकत है और सामाजिक सौहार्द का आधार भी।

दिल्ली में आयोजित होने वाले बहुसांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल विभिन्न राज्यों के लोगों को अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को भी सशक्त बनाते हैं।

# दादूवाल हरियाणा कमेटी का बजट पास होने में रुकावट डाल रहे हैं :- जत्थेदार झींडा

**हरियाणा कमेटी का बजट पास होने के बाद गुरुद्वारों के धार्मिक प्रचार और मैनेजमेंट का काम तेज होगा।**

**समाज जागरण**

कालांवाली 11 फरवरी (सुरेश जोरासिया) हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का बजट पास होने में पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल रुकावट डाल रहे हैं। जिससे हरियाणा कमेटी के सारे कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। बजट पास हुए बिना कमेटी कोई काम नहीं करवा सकती। यह बात हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने आज गांव पाना में गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब में साहिबजादा अजीत सिंह की जयंती पर आयोजित प्रोग्राम में हिस्सा लेने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए कही। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के सदस्य भाई बिंदर सिंह खालसा,अमृतपाल सिंह ओढ़ा और कुलदीप सिंह जोगेवाला के साथ-साथ पूर्व एसजीपीसी सदस्य जगदेव सिंह मटदादू, जत्थेदार हरबंस सिंह पाना, परमजीत सिंह खालसा, जत्थेदार जगराज सिंह खोखर, जगतार सिंह तारी और कई पंथक नेता मौजूद थे ।जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि बलजीत सिंह दादूवाल ने कमेटी का बजट पास करने के खिलाफ गुरुद्वारा कमिशन में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। जिससे हरियाणा कमेटी को कार्य करने में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बलजीत सिंह दादूवाल ने अपने कार्यकाल में बहुत गैर-कानूनी खर्चे किए हैं, अब हम संगत की मदद से उनका हिसाब लेंगे। इसके अलावा जब वे धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन थे, तो उन्होंने गुरु घर के पैसे लेकर बहुत बड़े खर्चे किए थे, जो उन्हें नहीं करने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बजट पास होने के बाद हरियाणा कमेटी धर्म प्रचार की लहर को और तेज करेगी। इसके अलावा गुरुद्वारों के प्रबंधों को बेहतर किया जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस समय उनके साथ 35 सदस्य हैं, जो हरियाणा कमेटी के अच्छे कार्यों में उनका पूरा साथ दे रहे हैं। दीदार सिंह नलवी के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरदार नलवी प्रधान बनना चाहते हैं लेकिन मैं उन्हें प्रधान नहीं बना सकता, बल्कि चुने हुए सदस्य ही उन्हें प्रधान बना सकते हैं। अगर उनके पास बहुमत है तो उन्हें प्रधान बनने से कोई नहीं रोक सकता।



**11केएलएल01.: जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा गांव पाना में गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब में सिख संगत को संबोधित करते हुए।**

इस दौरान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब में मौजूद सिख संगत को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पंजाबी के सम्मान और प्रचार-प्रसार के लिए काम करना चाहिए। हमें अपने घरों में पंजाबी बोलनी चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढिड़ां पंजाबी भाषा से जुड़ी रहें। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों के भविष्य के लिए चाहे कोई भी भाषा सिखाएं, पंजाबी भाषा को प्राथमिकता के आधार पर सिखाना चाहिए।

# सीमा हैल्पिंग फाउण्डेशन दिल्ली द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मान, नारीशक्ति व देशभक्ति काव्य तथा आपदा-प्रबंधन का किया गया भव्य आयोजन

**1.इंस्पेक्टर विक्की कुमार द्वारा आपदा-प्रबंधन पर विशेष सत्र आयोजित कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।**
**2. मशहूर कवयित्री सीमा रँगा द्वारा किया गया काव्यपाठ**

**समाज जागरण**
**हरियाणा/कृष्ण चतुर्वेदी**

हरियाणा के किनाना गाँव के जागृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को सीमा हैल्पिंग फाऊंण्डेशन द्वारा मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।सीमा हैल्पिंग फाऊंडेशन की संस्थापिका सीमा रंगा, प्रिंसिपल विनोद नैन ,वाइस प्रिंसिपल सतबीर एवं स्कूल का पूरा स्टाफ कविता ,कृष्णा,पूनम,पूजा, प्रियंका और मनीषा आदि मौजूद रहे। प्रथम पुरस्कार कामना पुत्री राजेश, प्रतिभा पुत्री सुनील दत्त,और द्वितीय प्रीति पुत्री प्रदीप को सम्मानित किया गया।




इस मौके पर इंस्पेक्टर विक्की कुमार ने छात्रों एवं स्टाफ हेतु स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आपदाओं से बचने के बारे में जानकारी दी गई जैसे प्राथमिक उपचार,रक्तस्राव नियंत्रण, रोगियों को ले जाने, सॉफ्ट टिश्यू की चोटों का अस्पताल-पूर्व उपचार।भूकंप आने पर क्या किया जाए व क्या क्या सावधानियां बरती जाए ।आग लगने पर कैसे सुरक्षित निकला जाए और कैसे घर के दूसरे सदस्यों की जान बचाई जाएंबाढ़ से बचने के उपाय व कुछ घरेलू सामान से बचाव उपकरण बना कर बाढ़ से कैसे बचा जाए । दिल का दौरा पड़ने पर कैसे सीपीआर दी जाए और रोगी की जान बचाई जाएं।दुर्घटना होने पर पीड़ित के खून के बहाव को रोकना ,पट्टी बांधना, हड्डी टुटने पर स्थिरता प्रदान करना ।घरेलू सामान का इस्तेमाल करके स्ट्रेचर बनाना सिखाया गया।

सीमा रंगा ने देशभक्ति व नारी शक्ति पर कविताओं के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया और बताया ग्रामीण इलाकों में बच्चों में प्रतिभा कूट कूट कर भरी हुई है ।बस उसे पहचानने की जरूरत है।

# हरियाणा: शहरों में नए स्कूल खोलने पर होगा सर्वे, सीएम के निर्देश

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राज्य स्तरीय दिशा कमेटी की बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नए स्कूल खोलने की संभावनाओं को लेकर विस्तृत सर्वे कराया जाए, ताकि बच्चों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों को उनके निवास क्षेत्र के पास ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो। कई शहरों में बढ़ती आबादी और नए विकसित हो रहे सेक्टरों को देखते हुए शिक्षा ढांचे के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही है।



बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि सर्वे के माध्यम से ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जाए जहां स्कूलों की कमी है या छात्रों को दूरस्थ विद्यालयों में जाना पड़ता है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाकर नए स्कूल खोलने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

सरकार की इस पहल को शिक्षा सुविधाओं के विकेंद्रीकरण और समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे अभिभावकों और छात्रों दोनों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# भारतीय टेंट पेगिंग टीम ने 2026 विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई, हरियाणा पुलिस के एएसआई जितेंद्र सिंह का शानदार प्रदर्शन

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। भारतीय टेंट पेगिंग टीम ने जॉर्डन के अकाबा में आयोजित क्वालीफाइंग चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल कांस्य पदक हासिल किया और 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर देश का नाम रोशन किया है।

इस उपलब्धि में हरियाणा पुलिस के एएसआई जितेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल टीम बल्कि विभाग का भी गौरव बढ़ाया।




इंटरनेशनल टेंट पेगिंग फेडरेशन (ITPF) द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से टीम के विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन की पुष्टि की गई है। हरियाणा के डीजीपी श्री अजय सिंघल ने एएसआई जितेंद्र सिंह को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

यह सफलता भारतीय खेल प्रतिभा और समर्पण का प्रतीक है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान को और मजबूत कर रही है।

# दिल्ली के युवा क्रिकेट स्टार उद्धव मोहन ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से की मुलाकात

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और दिल्ली के उभरते क्रिकेट सितारे उद्धव मोहन ने आज दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की।

उद्धव मोहन ने टीम की ऐतिहासिक छठी विश्व कप जीत के बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



**कार्यक्रम में सांसद श्री मनोज तिवारी भी उपस्थित रहे।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अपने युवा खिलाड़ियों और उनकी प्रेरणादायक यात्रा पर गर्व महसूस करती है। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी न केवल राजधानी बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

दिल्ली सरकार युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# रामगढ़ बाजार में मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की हत्या का सफल अनावरण

## थाना पन्नूगंज पुलिस की कार्यवाही में हत्या कारित करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**

पन्नूगंज/ सोनभद्र। दिनांक 27/28.01.2026 की रात्रि में थाना पन्नूगंज क्षेत्रान्तर्गत रामगढ़ बाजार में अज्ञात व्यक्ति द्वारा हमला कर मानसिक से विक्षिप्त व्यक्ति मंगरू पुत्र अज्ञात, उम्र लगभग 35 वर्ष, की हत्या की गई थी, जो कस्बा रामगढ़ में भीख मांगकर जीवनयापन करता था तथा प्रायः सड़क किनारे सो जाता था। उक्त घटना के संबंध में ग्राम चौकीदार रामबली पुत्र गुलाब, निवासी ग्राम रामगढ़, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र द्वारा दाखिल तहरीर के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0-21/2026धारा 103 (1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।



पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा लगातर चेकिंग व अन्य कार्यवाही की जा रही थी कि दिनांक 10.02.2026 को मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर करवनिया नहर मझिगाईं पुलिया के पास से अभियुक्त विकाश कुमार उर्फ विक्की पुत्र सरवन चेरो निवासी ग्राम केवाल थाना कोन जनपद सोनभद्र, हालपता पचोखर थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 26 वर्ष, को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर से जैकेट, पैन्ट व जूता तथा शीशा (जिससे मृतक की हत्या की गई थी) को एक झोले से बरामद किया गया।

अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि वह पूर्व में 1-2 बार चोरी की घटनाएँ कर चुका है, किन्तु पकड़ा नहीं गया था तथा चोरी कर अपने जेब खर्च का प्रबंध करता था। वह अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ अपने ससुराल ग्राम रइया गोसाई (पन्नूगंज बाजार के समीप) थाना-पन्नूगंज जनपद सोनभद्र में रहता है, अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 27.01.2026 को वह दिन में रामगढ़ बाजार आया था, जहाँ उसने शहजादा स्कूल, रामगढ़ के पास स्थित दुकान के समीप मृतक मंगरू को भीख में प्राप्त धनराशि गिनकर अपनी जेब में रखते देखा। उसी समय उसके मन में चोरी करने का विचार आया।

दिनांक 27/28.01.26 की रात्रि में अभियुक्त चोरी करने के उद्देश्य से रामगढ़ बाजार गया। शहजादा स्कूल के पास पहुँचने पर उसने देखा कि मंगरू कम्बल ओढ़कर सोया हुआ है। अभियुक्त ने उसकी जेब से पैसे निकालने का प्रयास किया, तभी मंगरू जाग गया और अभियुक्त का हाथ पकड़ लिया तथा विरोध करने लगा। उसी समय किसी वाहन के आने का आभास होने पर मुझको पकड़े जाने का भय हुआ। इस पर मैंने अपनी पहनी हुई पैंट से एक शीशा (काँच का टुकड़ा) निकाल कर मंगरू के गले पर वार कर दिया, जिससे उसके गले से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा।

अभियुक्त ने शीशे पर लगा खून मृतक के जैकेट में पोंछ दिया और वहाँ से भाग गया।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद रक्त रंजित काले रंग का शीशा/काँच का टुकड़ा (आलाकतल), 01 अदद प्लास्टिक का झोला, 01 जोड़ी प्लास्टिक का जूता, 01 मैरून रंग का जैकट 01 काले रंग की पैंट (सभी पर रक्त के धब्बे लगे हुए थे।) गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः 1. प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह, हे0का0 सुशील सिंह, का0 ओम प्रकाश यादव, का0 दीपक गिरी, म0का0 ममता यादव थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र।

# मुख्यमंत्री पोर्टल का मजाक बना रहा माध्यमिक शिक्षा विभाग, लगा रहा फर्जी आख्या

**आख्या निस्तारण में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय लापरवाह**

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। विकास खंड नगवां के सुअर सोत में बन रहे राजकीय इंटर कॉलेज निर्माण में भारी अनियमितता बरतने और मानक के विपरीत कार्य कराने को लेकर आईजीआरएस पर शिकायत की गई थी जिसका संदर्भ संख्या 4002 0026001217 है जिसकी जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सीएनडीएस विभाग के अवर अभियंता और जिला समन्वयक समग्र शिक्षा को जांच कर आख्या रिपोर्ट देने को कहा गया था विभाग द्वारा निरीक्षण में कोई कमी नहीं मिलने की आख्या रिपोर्ट लगा दी गई इसमें कहा गया है कि इंटर कॉलेज निर्माण में 1:6 के मसाला से ईट की चुनाई की जा रही है और निर्माण मानचित्र के हिसाब से ही हो रहा है।



जबकि शिकायत घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल दो नंबर का ईट के प्रयोग आदि की की गई थी इसके विपरित जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा झूठी मनगढ़ंत कहानी लिखकर मामले का इतिश्री कर दिया गया है। विभाग निरीक्षण के दौरान न तो शिकायत कर्ता से बात की न तो मौके पर बुलाया गया नहीं विभाग के निरीक्षण का कोई इमेज आख्या में लगाया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग द्वारा बिना निरीक्षण किए ही जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से आख्या लगाई गई है।और ये लिखा गया है कि द्वेष की भावना से शिकायत की गई है शिकायत करना द्वेष कैसे हो गया विभाग स्पष्टीकरण दे। इस मामले को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से सेल फोन पर वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने ने फोन रिसीव नहीं किया। फोन रिसीव नही करने और आईजीआरएफ पर फर्जी आख्या निस्तारण में जिला विद्यालय निरीक्षक पहले से ही संदेह में है। शिकायत कर्ता ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# यूजीसी बिल लागू करने के लिए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वकीलों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**- महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपा**

**सदर संवाददाता/ अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के वकीलों द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट पर यूजीसी बिल कानून के समर्थन में प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपा गया ।



डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि उच्च शिक्षा में समान अवसर और सामाजिक न्याय की मांग को लेकर जिला धिकारी सोन भद्र कार्यालय परिसर में डीबीए कार्यकताओं के साथ प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई और राष्ट्रपति के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपा गया। उन्होंने यूजीसी बिल कानून को उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि लंबे समय से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में समान अवसर नहीं मिल पा रहा है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एड ने आरोप लगाया कि कुछ संगठन यूजीसी बिल को लेकर भ्रम फैलाकर छात्रों को गुमराह कर रहे हैं, जिससे सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने जोर दिया कि यह कानून शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने, अवसरों की समानता सुनिश्चित करने और छात्रों के अधिकारों की रक्षा करने में सहायक होगा।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने प्रशासन से मांग की कि यूजीसी बिल कानून को बिना किसी देरी के प्रभावी किया जाए। साथ ही, यदि किसी स्तर पर विरोध या अड़चन उत्पन्न हो रही है, तो सरकार छात्रों के हित में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे।

प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में पवन कुमार सिंह, प्रदीप कुमार मौर्य, हीरालाल पटेल, सत्यप्रकाश कुशवाहा, राजेश यादव, राजेश कुमार मौर्य, महेंद्र कुशवाहा, कमलेश सिंह, चतुर्भुज शर्मा, कामता यादव, सुरेश कुशवाहा, रामगुल्ली यादव, राजेंद्र यादव, रविंद्र पटेल संतोष कुमार, संतोष पटेल, शाहनवाज आलम खान, प्रदीप सिंह, शैलेन्द्र कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# दुष्कर्म के दोषी मुमताज अंसारी को बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**- 80 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**

**- जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी**

**- अर्थदंड की धनराशि में से 65 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी**

**- करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व 16 वर्ष की नाबालिग किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म का मामला**

**सदर संवाददाता/ अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व 16 वर्ष की नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी मुमताज अंसारी को 20 बर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 80 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 65 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।



अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने शाहगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 24 अप्रैल 2019 को प्रातः 4 बजे उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को मुमताज अंसारी पुत्र अजमुद्दीन अंसारी निवासी रामगढ़, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र जो शाहगंज में किराए के मकान में रहकर गाड़ी चलाने का कार्य करता है ने बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने की नियत से भगा ले गया। इस तहरीर पर शाहगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म, अपहरण व पॉक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी मुमताज (38) वर्ष को बीस वर्ष का कठोर कारावास एवं 80 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 65 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात को लेकर ओबरा थाना में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रस्तावित शिव बारात को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से ओबरा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में यह बात सामने आई कि नगर में लगभग एक दशक से शिव बारात का आयोजन निरंतर होता आ रहा है और हर वर्ष आपसी समन्वय एवं सहयोग से इसे सफल बनाया गया है। इसी क्रम में इस वर्ष भी बारात के निर्धारित मार्ग, साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा तथा संभावित संवेदनशील बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि बारात मार्ग पर जहां-जहां कंक्रीट सड़क बनी है, वहां पूर्व तैयारी के साथ समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। मार्ग में पड़ने वाले अस्थायी विद्युत कनेक्शनों एवं तारों की स्थिति का पूर्व परीक्षण कर आवश्यक सावधानी बरती जाए, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

बैठक में उपस्थित सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आयोजन को सफल बनाने हेतु संयुक्त सहभागिता एवं सहयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर उमाशंकर सिंह, सुशील कुशवाहा, विजय आदित्य, कृष्ण बिहारी त्रिवेदी, राकेश सिंह, शिवनारायण, जे.पी. सिंह, राकेश कांत टोटल, विजेंद्र गुप्ता, अजय तिवारी, शशिधर सिंह, कन्हैयालाल गुप्ता, सुरेश सिंह, विनोद यादव, विनय शंकर, पिंटू प्रसाद, सीमा देवी, नीरज कुमार राय, विजय दुबे, अभिषेक अग्रहरी, राजबहादुर सिंह, कृष्णानंद सिंह तथा उमेश सिंह पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक का समापन सामाजिक सौहार्द, आपसी समन्वय एवं शांतिपूर्ण आयोजन के संकल्प के साथ किया गया।

# रेलवे इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूनार्मेंटः DTM 11 ने 10 विकेट से जीता, इंटर डिपार्टमेंट टूनार्मेंट का पहला मुकाबला DTM 11 के नाम

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन रेलवे फुटबॉल ग्राउंड पर इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मो तौसीफ उल्लाह एवं विशिष्ट अतिथि रंजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर और तिरंगा गुब्बारे छोड़कर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रेलवे विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी दर्शक दीर्घा में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना तथा आपसी भाईचारे के साथ खेलने का संदेश दिया। टूनार्मेंट का पहला मैच DTM 11 और DSTE 11 के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में DTM 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए DSTE 11 ने निर्धारित 6 ओवर में 73 रन बनाए। टीम के लिए चोपन थाना अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने सर्वाधिक 34 रनों का योगदान दिया, जिसमें 3 छक्के और 1 चौका शामिल था। एच.आर. मिश्रा ने 11 रन बनाए। मैच समाप्त होने के बाद अखिलेश मिश्रा बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' शील्ड से सम्मानित किया गया। 74 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए DTM 11 की टीम ने मात्र 5 ओवर



में ही जीत हासिल कर ली। सूरज ने 51 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि राकेश कुमार ( TI ) ने 22 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच के दौरान उपस्थित रहे अभिषेक कुमार सिंह (ATM चोपन), सतीश कुमार श्रीवास्तव (DSTE), संजय कुमार (AEN) धर्मेंद्र कुमार (ASC), वी के द्विवेदी, डी एन महतो, एच आर मिश्रा, आर के गुप्ता उपस्थित रहे। उमेश सिंह (CIT) ने उद्घाटन के अवसर पर बताया कि हर साल की तरह इस बार भी टूनार्मेंट का आयोजन DTM चोपन रेलवे के सौजन्य से फुटबॉल ग्राउंड पर किया जाता रहा है। इसमें रेलवे इंटर डिपार्टमेंट की कई टीमों ने भाग लिया है। श्री सिंह ने कहा कि खिलाड़ी उत्साहपूर्वक और खेल भावना के साथ खेलते हैं। रेलवे कर्मचारी इस टूनार्मेंट का साल भर इंतजार करते हैं और इसे लेकर चर्चा करते रहते हैं। उमेश सिंह ने विश्वास दिलाया कि इस बार भी प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच बेहतर खेल देखने को मिलेगा। इस दौरान ग्राउंड में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे जिन्होंने खेल का लुफ्त उठाया और दर्शकों ने कहा कि रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में हमेशा खेल का आयोजन होते रहना चाहिए उन्होंने माना कि पहले की अपेक्षा ग्राउंड में काम खेल होता है लेकिन जो रेलवे द्वारा टूनार्मेंट कराया जाता है वह काफी सराहनीय और अच्छा होता है। राकेश कुमार (कार्यकारणी खेल आयोजक) ने बताया कि खेल के सफल आयोजन में संतोष कुमार, कपिल कुमार, रोमी गिरी, विजय विश्वकर्मा, सूरज कुमार, सुजीत कुमार, एस पी सिंह, सी पी गुप्ता व अन्य का अहम योगदान रहता है।

# असना के आंगनबाड़ी कार्यकर्ती की सड़क दुर्घटना में मौत।

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। प्राप्त जानकारी के अनुसार करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत खराही/ ऐलाही गांव की आंगनवाड़ी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिसकी सूचना पर पुलिस ने सूचना पाकर जिला अस्पताल में अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अंतर्गत खैराही/ऐलाही गांव निवासी



कलावती देवी उम्र लगभग 50वर्ष पत्नी चेतनारायण जो वर्तमान में आसना गांव में आंगनवाड़ी के कार्य पर कार्यरत थी। जो बीती रात लगभग 8:30 एक अनियंत्रित बाइक की चपेट में आ गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उनको जिला अस्पताल के लिए ले जाने लगे जहां अस्पताल में देखकर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया यह सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएम की कार्यवाही में जुट गई।

**दैनिक "समाज जागरण" में प्रकाशित खबर का असर,**

# सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान हुई निलंबित

## आदिवासियों ने अंगूठा लगवाकर गल्ला नहीं देने का लगाया था आरोप

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। विकास खंड नगवां के ग्राम पंचायत बांकी की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर विभागीय कार्यवाही से हड़कंप मच गया है विभाग ने कोटे की दुकान को सस्पेंड कर दिया है।



आप को बता दे कि एक सप्ताह पूर्व बांकी ग्राम पंचायत के सियरिया टोला के आदिवासी महिलाओं, पुरुषों ने कोटेदार पर अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देने का आरोप लगाया था ग्रामीणों का कहना था कि कोटेदार अंगूठा लगवाकर पर्ची देता है कहता है कि अबकी बार गल्ला नहीं आया है अगली बार गल्ला मिलेगा इसी प्रकार दो तीन महीने का अंगूठा लगाने के बाद एक बार का गल्ला देता है कोटेदार की चोरी करने का तरीका साफ था कि अंगूठा लगाने के बाद गल्ला खारिज हो जाता है अगर जांच भी की जाय तो पकड़ में भी नहीं आएगा इस मामले को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कोटेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की थी।

इस मामले को दैनिक "समाज जागरण" ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर जिलाधिकारी बीएन सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता को जांचकर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था जिलापूर्ति अधिकारी ने जांच टीम गठित कर आख्या रिपोर्ट देने को कहा था जांच सही पाए जाने पर कोटे की दुकान को निलंबित कर दिया है इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया है। इस कार्यवाही की पुष्टि पूर्ति अधिकारी नगवां द्वारा की गई है। और ये कार्यवाही अन्य भ्रष्ट कोटेदारों के लिए सबक भी है।

# समर्पण दिवस के रूप में मना पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**- पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करेंः डॉक्टर धर्मवीर तिवारी**

**- रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में हुआ आयोजन**

**सदर संवाददाता/ अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि पंडित जी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है।

डॉक्टर तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



(11 फरवरी) को भारतीय जनता पार्टी और अन्य संगठनों द्वारा समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन राष्ट्र सेवा के लिए उनके समर्पण को याद करने और उनके विचारों को आत्मसात करने का अवसर है।

आज आत्मनिर्भर भारत अभियान गांवों के गरीबों, किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्ग के भविष्य के निर्माण का माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय अर्थव्यवस्था पर जोर देना दीन दयाल उपाध्याय के दृष्टिकोण की व्यावहारिकता और व्यापकता का प्रमाण है। यहीं वजह है कि प्रधानमंत्री जी ने खुद कहा, ह्लवोकल फॉर लोकलह्व के मंत्र के साथ देश उनके दृष्टिकोण को साकार कर रहा है ह्न कोविड-19 महामारी के बीच भारत ने आत्मनिर्भरता का परिचय देते हुए विश्व को टीके मुहैया कराए। आत्मनिर्भरता की शक्ति से देश ने 'समग्र मानवतावाद' के दर्शन को भी सिद्ध किया है।

इस मौके पर मौजूद लोगों ने भी पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने पंडित जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सभासद विनोद सोनी, अखिलेश कश्यप, राहुल, सत्यम, संजय,रवि, राजू, रोहित, विशाल आदि मौजूद रहे।

# "हमारे आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम का भव्य आयोजन, निपुण बच्चों को किया गया सम्मानित

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। बीआरसी घोरावल के प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन घोरावल नगर पंचायत सूरज श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य नीरज श्रीवास्तव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडी पीओ, बाल विकास परियोजना घोरावल उपस्थित रहे। यह आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास परियोजना के संयुक्त तत्वा



वधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रांगण एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित बाल वाटिका के अंतर्गत अध्ययनरत प्रत्येक न्याय पंचायत के 5-6 वर्ष के निपुण बच्चों को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करना रहा। संचालन दीनबंधु त्रिपाठी द्वारा किया गया, जबकि व्यवस्था संचालन में एकेडमिक टीम घोरावल के एआरपी धनंजय द्विवेदी, एआरपी मयंक दुबे, एआरपी ओम प्रकाश, एआरपी अनिल प्रजापति एवं अखिलेश सिंह का सहयोग रहा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष संजय मिश्रा, अनिल सिंह, शिवशंकर, अशोक सन्यासी सहित प्रत्येक न्याय पंचायत के नोडल शिक्षण संकुल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं बाल वाटिका के निपुण बच्चों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# सीडीओ ने किया चोपन ब्लॉक का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित सचिव को नोटिस

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। मुख्य विकास अधि कारी (सीडीओ) जागृति अवस्थी ने बुधवार को चोपन विकास खण्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लॉक परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, कार्यालय अभिलेखों तथा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण में अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सीडीओ ने उपस्थित ब्लॉक सचिवों की उपस्थिति पंजिका की भी जांच की, जिसमें सभी सचिव उपस्थित पाए गए, जबकि सचिव वीरेंद्र सिंह अनुपस्थित मिले। अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और स्पष्टीकरण प्राप्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई। वहीं सचिव आकांक्षा जायसवाल को अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति में तेजी लाने, लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमित उपस्थिति, अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा योजनाओं की गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी अजीत यादव, संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ब्लॉक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अनपरा की साइबर टीम द्वारा फ्रॉड की गई ₹ 26,500/- धनराशि पीड़ित के मूल खाते में कराई वापस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। आवेदक आनन्द कुमार चतुर्वेदी पुत्र माता प्रसाद चौबे, निवासी बोसनगर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 02.09.2024 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन क्रिप्टो ट्रेडिंग में अधिक लाभ का प्रलोभन देकर कुल ₹26,500/- की ठगी कर ली गई थी।उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 तथा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल (cybercrime.gov.in)) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना अनपरा सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित खातों में फ्रॉड की गई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा आवश्यक डिजिटल साक्ष्य एकत्रित कर सम्बन्धित बैंक शाखा से ईमेल/पत्राचार के माध्यम से समन्वय स्थापित किया गया। तत्पश्चात विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर ₹26,500/- (छब्बीस हजार पाँच सौ रुपये) की सम्पूर्ण होल्ड धनराशि को आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया।

# विकास खंड हरहुआ मे प्री प्राइमरी शिक्षा पर जोर देने हेतु कार्यक्रम के तहत 75 निपुण बच्चों को ब्लॉक स्तर पर पुरस्कृत किया गया

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। आज ब्लॉक संसाधन केंद्र हरहुआ पर 'हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित उपाध्याय व खंड विकास अधिकारी हरहुआ बद्री प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजीव सिंह नोडल अध्यापक द्वारा प्री प्राइमरी शिक्षा पर विस्तृत दिशा निर्देश का वर्णन कर समझाया ।

खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार द्वारा प्री प्राइमरी शिक्षा पर जोर देने हेतु आंगनबाड़ी एवं अध्यापकों को प्रेरित किया गया।




इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी दिलीप केसरी ,नोडल एसआरजी राजीव कुमार सिंह, नोडल शिक्षक, कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्त्री व समस्त नोडल प्रभारी सहित विकासखंड हरहुआ के प्रत्येक नया पंचायत से पांच निपुण बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पांडेय पूर्व एआरपी विकासखंड हरहुआ के द्वारा किया गया।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। बीआरसी आराजीलाइंस में बुधवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0महेंद्र सिंह पटेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी आराजी लाइंस श्री शशिकांत श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम के रूपरेखा तथा इस कार्यक्रम की आवश्यकता पर प्रकाश डाल के किया गया। राजीव सिंह द्वारा वाल वाटिका संचालन के उद्देश्य विभाग द्वारा बाल वाटिका को उपलब्ध कराए गए सुविधाएं जैसे लर्निंग कॉर्नर वंडर बॉक्स आउटडोर प्ले मैटेरियल्स के बारे में विस्तार से उपस्थित अभिभावकों को अवगत कराया गया ।कार्यक्रम में विभिन्न न्याय पंचायत से आए स्कूल रेड़ीनेस के कुल 80 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चों को निपुण होने का प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार के रूप में स्टेशनरी प्रदान






कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी श्री सुरेंद्र यादव जी ने विभाग में आपसी समन्वय स्थापित कर शासन की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया ।कार्यक्रम का समापन सुजीत कुमार सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी आराजीलाइन श्री सुरेंद्र यादव तथा संचालन अरविंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री चंद्रमणि पाण्डेय एआरपी श्वेता सिंह सुनीता सिंह नेहा द्विवेदी,अनिल कुमार तिवारी परमा विश्वास, सुनील कुमार, नोडल शिक्षक संकुल एवं विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रधानाध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित रही।

# महाशिवरात्रि को लेकर पंचकोशी परिक्रमा मार्ग पर सफाई कार्य शुरू

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बुधवार पंचकोशी परिक्रमा के तीसरे पड़ाव रामेश्वर मार्ग पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने की उम्मीद को देखते हुए दर्जनों सफाई कर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है । परिक्रमा मार्ग के से कूड़ा-कचरा हटाया जा रहा है तथा नालियों की भी सफाई की जा रही है ।सफाई कर्मियों ने सुबह से ही मार्ग पर झाड़ू लगाकर प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्र कर निस्तारण किया। मंदिर परिसर के आसपास विशेष ध्यान दिया गया ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि तक नियमित रूप से सफाई अभियान जारी रहेगा और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कर्मियों की भी तैनाती की जाएगी।स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्व के अवसर पर स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।लीडर शीतला प्रसाद ने बताया टीम लगातार पर्व तक सफाई कार्य करती रहेगी साथ महाशिवरात्रि के दिन दो शिफ्ट में सफाई कर्मचारी कार्य करेंगे।



# छात्र जीवन संघर्ष ,जिज्ञासा भरा जो मंजिल तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम होती है: के0एन0 सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी छात्र जीवन संघर्ष और जिज्ञासा भरा जीवन होता है,इसे कभी कम नही होने देना चाहिए जो मंजिल तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम होती है।

उक्त बातें राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 12वी (बालक वर्ग) के विदाई समारोह कार्यक्रम में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ करते हुए विद्यालय के निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक सिरीशकांत पांडेय, विनोद पांडेय, अशोक सिंह ने सभी बच्चों को सुभाशीष देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम से अभिभूत विद्यालय के निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने पुनः छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विदाई केवल अंत नहीं बल्कि एक शुरूआत है अतः एक नई संकल्पना के साथ जीवन में आगे बढ़ते रहने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिभाशाली बच्चों को उपहार भेंटकर उत्साहित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक व अध्यापिका उपस्थित रहे। छात्रों ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हुए यादगार स्मृति चिह्न भेंट किया। विदाई के भावनात्मक पल ने एक बार माहौल को स्तब्ध कर दिया लेकिन एक आत्मबल से लबरेज छात्रों ने खुशनुमा माहौल में तब्दील कर सबका दिल जीत लिया और सफल रहे।

# संगठन शिक्षिकाओं के हितों, महिलासशक्तिकरण, शिक्षा क्रांति, समाज मे समानता लाने की भूमिका में अग्रणी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ पांच वर्ष सफलतापूर्वक कार्यकाल पूर्ण किये जाने पर सोमवार को एस0आर0 प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में शानदार कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 खुशबू पांडेय, जिलाध्यक्ष अमृता सिंह ,राज्य पुरस्कार प्राप्त सरिता राय एवं जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की सदस्यों ने केक काटकर संगठन की एकजुटता और उपलब्धियों का जश्न मनाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमृता सिंह ने संगठन की पांच वर्षीय यात्रा पर प्रकाश डाला। संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के मार्गदर्शन की चर्चा की और बताया कि उनके नेतृत्व में प्रदेश भर की महिला शिक्षिकाओं की समस्याओं का त्वरित और समयबद्ध



निस्तारण सुनिश्चित हुआ है।संघ के माध्यम से महिला शिक्षिकाएं अब प्रत्येक स्तर पर अपनी बात मुखरता और सक्षमता के साथ रख पा रही हैं।

राज्य पुरस्कार प्राप्त सरिता राय ने बताया कि संगठन शिक्षिकाओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, शिक्षा क्रांति और समाज में समानता लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।स्थापना दिवस समारोह में कई शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बबीता सिंह, संगीता यादव, दीपशिखा, मनोरमा, सीमा यादव ,रचना राय, रत्नेश कुमारी, शालिनी, दामिनी, उत्तमा रानी,ज्योति गुप्ता सहित जनपद एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की कई अन्य पदाधिकारी व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

सभी सदस्यों ने भविष्य में संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0सीमा सिंह ने किया।

# जीवन के दुखों का स्थायी समाधान साधना है: सनातन संस्था

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। हमारे जीवन में आनेवाले अधिकतर दुखों का कारण आध्यात्मिक होता है । पूर्वजों की अतृप्ति के कारण भी लोगों को अनेक प्रकार के कष्ट सहन करने पड़ते हैं । पूर्वज कष्टों को दूर करनेवाले देवता श्री




दत्तात्रेय भगवान हैं । कलियुग में नामजप ही महत्वपूर्ण साधना है । इसलिए सभी को श्री गुरुदेव दत्त यह नामजप करना आवश्यक है । इसके साथ ही अपने कुलदेवता का भी नामजप करना आवश्यक है, सनातन संस्था के श्री सोनराज सिंह ने चकखरावन नटवा स्थित श्री चौरा माता मंदिर पर सनातन संस्था की ओर से आयोजित प्रवचन में बताया । साथ ही महाशिवरात्रि का शास्त्र, शिवजी को बेल पत्र चढाने का शास्त्राधार भी बताया । विषय सुनकर सभी ने नामजप आरंभ करने की तथा शास्त्र के अनुसार महाशिवरात्रि करने की तैयारी दर्शाई । इस प्रवचन में कुल 50 जिज्ञासु सम्मिलित हुए।

# उत्तर प्रदेश बजट 2026-27 का बजट एक ऐतिहासिक बजट: टी0 राम विधायक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी उत्तर प्रदेश का वर्ष 2026-27 का बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि राज्य की दीर्घकालिक विकास के साथ विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक बजट है। रोजगार व पूर्वांचल की नई आर्थिक धुरी है।

लगभग 9.12 लाख करोड़ के आकार वाला यह बजट प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। प्रदेश के बजट में पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। एक्सप्रेस-वे, मेट्रो, एयरपोर्ट, औद्योगिक पार्क, डिफेंस कॉरिडोर और लॉजिस्टिक हब जैसे बुनियादी ढाँचे पर विशेष बल दिया गया है।




बुनियादी ढाँचा किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। बेहतर सड़क, बिजली, जलमार्ग और औद्योगिक माहौल निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाती हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर और लॉजिस्टिक पार्क जैसी परियोजनाएँ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगार उत्पन्न करती हैं। निर्माण क्षेत्र में मजदूरी के अवसर बढ़ते हैं, जबकि परिवहन, होटल, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में भी नई संभावनाएँ खुलती हैं।बजट में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना, छात्राओं के लिए स्कूटी योजना,महिलाओं के आवासीय योजना शामिल है।

पूर्वांचल के जिलों के लिए भी आर्थिक , औद्योगिक और कृषि-आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने की नीति बजट में झलकती है।

पीएम मोदी के विकसित भारत 2047 के सपनों को मुख्यमंत्री योगी व वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने जमीन पर उतारने का बड़ा कार्य बजट में किया है।

# सीनियर विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, गाजीपुर में सीनियर विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर प्रीति सिंह, प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी और उप- प्रधानाचार्य आवेश कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

सरस्वती पूजा के बाद, कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने सभी गणमान्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा 11 के छात्रा नैना वर्मा एवं इकरा कमाल ने किया। इस दौरान कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर सभी शिक्षक और शिक्षिका बच्चों को परीक्षा से जुड़े बातों को बताते हुए अपना आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। तत्पश्चात सभी







बच्चों को उनके विदाई समारोह में उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज की प्रबंधक डॉक्टर प्रीति सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाता है इसलिए हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए, शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है। जीवन में कठिनाई उन्हीं को मिलती है। जिनके अंदर ईश्वर सामर्थ और शक्ति देते हैं।

आप जब आगे बढ़ते है तो बहुत से लोग आप को नकारात्मकता की ओर ले जाने का प्रयास करेंगे लेकिन आपको इन सभी चीजों से दूरी बनाते हुए आगे बढ़ना है, उम्मीद करती हूं कि आगे भी आप सभी ऐसी ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य



करते रहेंगे और आगे चलकर नई -नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे और साथ ही इस स्कूल का नाम भी रोशन करेंगे` बच्चे ही भविष्य के निर्माण कर्ता हैं।आप सभी को हम सब की तरफ से आने वाले सुनहरे भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं । प्रधानाचार्य चंद्र सेन तिवारी ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने को कहा । उन्होंने सभी छात्रों को बताते हुए कहा की वर्तमान समय में उनको आगे की पढ़ाई करने के लिए सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज भी एक बढ़िया संस्थान जो सस्ते दर पर एवं उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र है। उन्होंने कक्षा 10 के विद्यार्थियों को बेस्ट ऑफ लक एवं ट्वेल्थ के विद्यार्थियों को उनकी अनुशासन और विनम्र व्यवहार की सराहना करते हुए सभी को बोर्ड की परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दिए। कई छात्र अपने शिक्षकों और स्कूल की यादों को याद कर भावुक नजर आए। अंत में कक्षा अध्यापिका अंकिता राय ने सभी अतिथिगण तथा सीसीए कमेटी एवं आयोजन में लगे सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद व्यापित की। इस अवसर पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी स्कूल कोऑर्डिनेटर अमित कुमार सिंह सुनील सिंह , अवनीश राय समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# किसान मेले जुटे सैकड़ों किसान, ली अच्छी उपज की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मिर्जापुर।। नमामि गंगे योजना से जुड़े बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिटी विकासखंड के सिरसी बघेल गांव में जैविक किसान मेले का आयोजित किया गया। जैविक कृषि मेला में किसानों से जैविक खेती करने का आह्वान किया गया।विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने कम लागत में अधिक उत्पादन के तौर-तरीके बताए। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से उपजाऊ भूमि बदलते स्वभाव एवं लगातार हो रही कार्बन की कमी को लेकर किसानों को आगाह किया। किसानों से पशुपालन कर पशुओं के गोबर से तैयार खाद का प्रयोग करने की



अपील किया। डॉ सुरेश ने किसान प्रकृति में जो भी उपलब्ध है , उसका समावेश करके खेती में प्रयोग कर अपनी उपज को बढ़ाए। कार्यक्रम का संचालन शिवप्रकाश मास्टर जी ने किया। कार्यक्रम में वंश नारायण बिंद, महेश कुमार, अमृत लाल, कुंवर बहादुर, राजेश सिंह सहित सैकड़ों किसानो ने मेले में आ कर कृषि संबंधित जानकारी ली।

# थाना ए0एच0टी0 व विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में पुलिस उपाधीक्षक श्री आलोक कुमार की अध्यक्षता में थाना ए0एच0टी0 व विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में बालश्रम,बाल विवाह बाल दुर्व्यपार को रोकने हेतु चलाए जा रहे विभिन्न अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई

पुलिस उपाधीक्षकमहोदय ने सर्वप्रथम मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारीगण से परिचय प्राप्त कर फीडबैक लिया। तत्पश्चात महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी (SOP) अनुसंधान,थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक व जनपद में कार्यरत NGO के समक्ष आ रही समस्या, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, व बाल श्रम पुनर्वास,बाल विवाह विशेष राष्ट्रीय 100 दिवसीय अभियान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी बाल कल्याण अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर सरकार द्वारा बाल श्रम के विरूद्ध चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करने हेतु बताया गया, जिससे योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाया जा सके।अपर पुलिस अधीक्षक ने जनपद में बाल विवाह रोकने के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारीगण व समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी को बताया गया कि सभी गाँवों में निरन्तर जाये और वहाँ चौपाल लगाकर बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित करे साथ ही वहाँ के ग्राम प्रहरियों व अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों को बताये कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई मामला संज्ञान में आये तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस व सीडब्लूसी को दे जिससे समय रहते, कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ने बैठक के क्रम में निर्देश दिया कि बाल अपराध से जुड़े संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें साथ ही जनपद में बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाए जाएं, पीड़ितों को अधिक से अधिक आवश्यक सहायता प्रदान की जाय तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए। साथ ही बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया जाए ।

उक्त बैठक में थाना AHT प्रभारी श्री राजकुमार सरोज, SSB से निरीक्षक श्री राहुल कुमार, उपनिरीक्षक थाना एएचटीयू श्री रणविजय सिंह,बाल कल्याण समिति सदस्य श्री दिनेश सोनी बाल संरक्षण इकाई/थाना में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी AHT व SJPU के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से श्री प्रेम बाबू गिरी, देहात इन्डिया से श्री यूसुफ, श्री हंसराम, नीति आयोग से श्री अभिषेक, मां सरस्वती बलिका शिक्षा समिति से श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान श्री राजेश कुमार, जिला प्रोवेशन से श्री सत्यम,वनस्टाप सेन्टर ज्योति, लक्ष्मी,एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शपथ लेना है कि सभी शिक्षा के प्रति जागरूक हो

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वाधान मे ब्लॉक तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूपनगर के मदरसे परिसर में किशोरी समूह बैठक का आयोजन



किया गया। जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों किशोरी समूह बैठक के उद्देश्यों,बाल अधिकारों,टोल फ्री नंबर,बाल विवाह बाल श्रम,नेतृत्व क्षमता विकसित करना विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट अजय कुमार ने बताया कि हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है। जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए। और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।

किशोरी समूह सदस्य शहजादी ने बताया कि हमारे समाज में बेटियों को नहीं पढ़ाया जाता है। जिससे हम सभी का जीवन दुर्लभ हो जाता हैं। इसलिए हम सभी को आज यह शपथ लेना है कि हम सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होना है। और सभी को पढ़ने का अधिकार है।

आज के कार्यक्रम में किशोरी समूह सदस्य शहजादी, सानिया, शहनाज, सायमा, हसीना, परिमीना, सद्दाम, ताहिर, आजाद, तालीम, आयशा, सायना, सागवान, मौलवी साहब समसुददीन देहात संस्था से अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दूरदर्शी विचारक राष्ट्र निमार्ता की मनाई गई पुण्यतिथि!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! भारतीय जनसंघ अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर फिरोजाबाद द्वारा महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर के नेतृत्व में समर्पण दिवस व संगोष्ठी का आयोजन अमरदीप स्कूल में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष नानक चंद्र अग्रवाल व मुख्य वक्ता टी एन अग्रवाल रहे

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर लेबर कॉलोनी स्थित उनके प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारी द्वारा महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर के नेतृत्व माल्यार्पण माल्यार्पण किया गया

मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष नानक चंद अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी विचारक और राष्ट्र-निमार्ता थे, जिन्होंने अपना जीवन समाज की सेवा के लिए समर्पित किया एकात्म मानववाद का उनका सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है और करुणा व नैतिक सार्वजनिक जीवन के साथ वंचितों की सेवा का उनका संदेश विकसित भारत की यात्रा को प्रेरित करता है।

मुख्य वक्ता टी एन अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि मूल्यों पर आधारित उनके सिद्धांत और विचार देश की हर पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे उनका तपस्यापूर्ण जीवन देशसेवा के लिए समर्पित रहा और राष्ट्र पुनर्निर्माण की उनकी विचारधारा सदियों तक प्रेरणा देती रहेगी।

महापौर कामिनी राठौर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को निष्काम कर्मयोगी और महान विचारक बताते हुए कहा कि ह्यएकात्म मानवदर्शनह्ल के माध्यम से दिया गया ह्यअंत्योदयह्ल मंत्र आज भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार है राष्ट्रसेवा और समर्पण के उनके आदर्श सदैव मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

संगोष्ठी के समापन के अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए महानगर जिला अध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विचारधारा ने सेवा-भाव को राजनीति की आत्मा के रूप में स्थापित किया है समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की ज्योति पहुंचाने का उनका संदेश हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र के पुनर्निर्माण और अंत्योदय के संकल्प के लिए समर्पित रहा एकात्म मानववाद भारतीय चिंतन की समग्र अभिव्यक्ति है और प्रगति तभी सार्थक है जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे देश की सेवा और गरीब कल्याण के लिए उनके समर्पण के प्रति राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक महानगर महामंत्री केशव फौजी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ठाकुर विश्व दीप सिंह, आनंद अग्रवाल, कैलाश ओझा, शैलेंद्र गुप्ता शालू, दीपक गुप्ता, कालू आकाश गुप्ता, राम लड़ेति, लकी, दुर्गेश यादव, उदय प्रताप सिंह,अंकित तिवारी, सतीश यादव, भगवान सिंह झा, नमन बंसल, हिमांशु शर्मा, देश दीपक राजा,प्राचीर सेठ सत्य प्रकाश यादव,राजकुमार छिब्बर, अनार सिंह कुशवाहा,गौतम कुशवाहा, विनोद पचौरी, योगेंद्र बाबा, रामनरेश कटरा, लायक सिंह, शंखवार शिवम दिक्षित, पूनम शर्मा,पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा के के गाँधी आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे!

# प्रति नियुक्ति कर भूला प्रशासन

### तैनात शिक्षकों की चल रहा मन मर्जी का शासन




**समाज जागरण**

उमरिया -- उमरिया जिले में प्रति नियुक्ति पदस्थापना कर सहायक आयुक्त उमरिया भूल बैठे की जिन शिक्षकों की प्रति नियुक्ति की गयी है, वह महज दो वर्षों के लिए है, और उसकी समयावधि पांच साल पूर्व बीत चुकी है। ऐसा ही एक संवेदनशील मुद्दा इन दिनों समाचार पत्रों की सुर्खिया बटोर रहा है। बताया जाता है कि वर्ष 2019 में शिक्षा विभाग में पदस्थ शिक्षकों ने राज्य शासन के पोर्टल में आन लाइन आवेदन कर शिक्षा विभाग से आदिवासी विकास में जाने का अनुरोध किया था, उन दिनों प्रदेश में कांग्रेस की कमल नाथ सरकार थी और उस दरम्यान प्रतिनियुक्ति के सन्दर्भ में शिक्षा विभाग से अनापत्ति - सहमति के आधार पर उमरिया जिले के 09 शिक्षकों सशर्त दो वर्ष के लिये आदिवासी विकास विभाग में पदस्थापना संबधित आदेश आयुक्त आदिवासी भोपाल के व्दारा प्रदान किये गए थे। शिक्षा विभाग के शिक्षको ने आयुक्त के आदेश के परिपालन में सहायक आयुक्त उमरिया से संपर्क साधते हुए जिले के आदिवासी विकास विभाग के विद्यालयों में चुन चुन कर अपनी पदस्थापना करायी गयी और दो वर्षों के स्थान पर पिछले सात वर्षों से इन विद्यालयों को अपनी जागीर मानकर शिक्षकीय दायित्व निभाते आ रहें हैं। इन सात सालों में कितने सहायक आयुक्त आये और चले गए लेकिन प्रतिनियुक्ति के इस मामले पर किसी का ध्यान नही गया और न ही शिक्षा विभाग को अपने गयें हुये शिक्षकों की खोज खबर लेने की जरूरत समझ में आयी।

ध्यान देने योग्य है कि इस बीच संलग्नीकरण पर रोक लगाने और उस को समाप्त करने के लिए समय समय पर शिक्षा विभाग और आदिवासी विकास विभाग के लिये समय सीमा के अंदर वापसी के निर्देश प्रसारित किये गए हैं,परन्तु उमरिया जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों के पालन में सदैव फिसड्डी बना रहा है, यहाँ पर उन बाबूओं का ही राज कायम है जो दशकों से एक ही कुर्सी पर जमे मलाई छान रहे हैं। संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने संलग्नीकरण प्रथा पर रोक लगाते हुए संलग्न शिक्षकों को मूल स्थान पर भेजने के आदेश जारी किये गए थे, जिसके परिपालन में कार्यालय आयुक्त जन जातीय कार्य मध्यप्रदेश के पत्र क्र - स्था-4 टी - (27) / 2024/23422 भोपाल दिनांक 10-12-2024 में आदेश जारी करते हुए उल्लेख किया था कि विभाग में सभी तरह के संलग्नीकरण पर रोक लगाई गई है, और जो भी संलग्न शिक्षक है उन्हें 16-12-2024 तक अनिवार्य रूप से मूल पदांकित विद्यालयों में वापस पदांकित विद्यालयों में भेज कर पालन प्रतिवेदन संलग्न प्रपत्र में भेजना सुनिश्चित किया जाये।

आयुक्त के इस निदेर्शों का भी पालन सहायक आयुक्त उमरिया के व्दारा नहीं किया गया। अगर इसके पालन के लिए नजर घुमायी जाती तो यह मामला भी प्रकाश में जरूर आता, लेकिन जिले में वरिष्ठ कार्यालयों के आदेश का परिपालन तो कतिपय अधिकारियों के लिए तिजोरी भरने का एक जरिया है। दाद देनी होगी प्रति नियुक्ति पर गयें शिक्षकों की जिन्होंने एक साथ दोनों विभागों को साध कर अपने मन मर्जी का राज कायम कर रखा है। लोक शिक्षण संचालनालय शिक्षकों के तैनाती को लेकर गंभीर हैं वही पर उमरिया जिले का शिक्षा विभाग कुंभकर्णी नींद में सो रहा है, अपेक्षा है लोक शिक्षण संचालनालय इस ओर आवश्यक कदम उठायेगा।

# प्रिया श्रीवास्तव ने बढाया शहडोल संभाग का मान

### मैडल हासिल होने पर कांग्रेस ने किया अभिनंदन



**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- पाली नगर की बेटी प्रिया श्रीवास्तव ने देश भर में पाली नगर के साथ शहडोल संभाग का नाम रोशन किया है। कॉर्पोरल प्रिया श्रीवास्तव, पिता श्री प्रदीप श्रीवास्तव (के.के. पावर प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत) एवं माता श्रीमती मंजू श्रीवास्तव (शिक्षिका) की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सेंट जोसेफ स्कूल, बिरसिंहपुर पाली से पूर्ण की है। वर्तमान में वह पीपुल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल से बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी.कॉम) की पढ़ाई कर रही हैं तथा पीपुल्स यूनिवर्सिटी की एनसीसी आर्मी विंग, 4 एमपी गर्ल्स बटालियन की कैडेट हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। गणतंत्र दिवस परेड से जुड़े फ्लैग एरिया एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 28 जनवरी को आयोजित प्रधानमंत्री रैली के लिए उनका चयन हुआ। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स द्वारा मेडलियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें माननीय राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, थलसेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख एवं वायुसेना प्रमुख सहित कई गणमान्य व्यक्तियों से मिलने एवं उनके निवास पर जाने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त उन्होंने नौसेना प्रमुख के निवास पर जाकर माननीय रक्षा मंत्री एवं माननीय रक्षा राज्य मंत्री से भेंट की। उन्हें मध्यप्रदेश के राज्यपाल द्वारा पदक व प्रमाण पत्र तथा मुख्यमंत्री द्वारा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रिया को मिली इस असहज उपलब्धि से नगर में हर्ष की लहर बनी हुई है इस अनुकरणीय सफलता का सम्मान करने कांग्रेस ने कदम बढाया, और ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा अपने टीम के साथ पहुँच कर दैनंदनी, कलम और गुलदस्ता से भेंट कर सम्मान के पलों को दुगुणित कर दिया है । ब्लाक अध्यक्ष पाली के साथ रमेश सिंह, शनू उपाध्याय, रजनीश तिवारी, दुर्गेश नामदेव, अजीत श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, के साथ अन्य साथियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# महर्षि कश्यप व्यापार केंद्र से जैतहरी को मिला विकास का नया आयाम, नगर परिषद की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल



**समाज जागरण**
**जैतहरी (अनूपपुर)।**

नगर परिषद जैतहरी द्वारा वार्ड क्रमांक-05 में निर्मित महर्षि कश्यप व्यापार केंद्र का लोकार्पण नगर के इतिहास में विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में दर्ज हो गया है। आधुनिक डिजाइन, सुव्य वस्थित दुकानों एवं आवश्यक नागरिक सुविधाओं से युक्त इस भव्य व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण नगर परिषद अध्यक्ष श्री उमंग अनिल गुप्ता के कर-कमलों से संपन्न हुआ। लोकार्पण के साथ ही यह व्यापार केंद्र नगर में चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है और इसे जैतहरी के आर्थिक भविष्य से जोड़कर देखा जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष श्री उमंग अनिल गुप्ता ने कहा कि महर्षि कश्यप व्यापार केंद्र केवल एक भवन नहीं, बल्कि जैतहरी को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम है। इस परिसर से छोटे व्यापारियों, युवाओं एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों को अपने नगर में ही बेहतर अवसर मिलेंगे। नगर परिषद का प्रयास है कि विकास के लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में सड़क, प्रकाश व्यवस्था, जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं व्यापारिक आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

**अतिथियों ने बताया दूरगामी सोच का परिणाम**

लोकार्पण समारोह में उपस्थित मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि कश्यप व्यापार केंद्र नगर परिषद जैतहरी की दूरदर्शी सोच और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के व्यावसायिक परिसरों के निर्माण से नगरों की पहचान सुदृढ़ होती है, स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है तथा युवाओं को पलायन के बजाय स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।

**नगर को होंगे बहुआयामी और दीर्घकालिक लाभ**

महर्षि कश्यप व्यापार केंद्र के निर्माण से जैतहरी नगर को कई स्तरों पर लाभ मिलने की संभावना है। इस परिसर से स्थानीय व्यापार को संगठित स्वरूप मिलेगा, जिससे छोटे दुकानदारों को स्थायी एवं सुरक्षित व्यापारिक स्थान उपलब्ध होगा।

इसके साथ ही रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। व्यावसायिक गतिविधियों के बढ़ने से नगर परिषद के राजस्व में इजाफा होगा, जिसका प्रत्यक्ष लाभ भविष्य के विकास कार्यों में निवेश के रूप में मिलेगा।

साथ ही सड़क किनारे अव्यवस्थित दुकानों एवं अतिक्रमण में कमी आएगी, जिससे यातायात, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार होगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को भी बेहतर खरीदारी एवं सेवाओं की सुविधा मिलेगी।

**गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी कार्यक्रम की भव्यता**

लोकार्पण समारोह में विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हीरा सिंह श्याम, नगर परिषद अध्यक्ष श्री उमंग अनिल गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष विन्ध्य विकास प्राधिकरण श्री अनिल कुमार गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री बृजेश गौतम, श्री रामदास पुरी एवं श्री आद्याराम वैश्य, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मीक राठौर, पूर्व सैनिक संघ शहडोल के जिलाध्यक्ष श्री जे.पी. गुप्ता, नगर पालिका परिषद पसान अध्यक्ष श्री रामअवध सिंह, नगर परिषद डूमारकछार अध्यक्ष श्री सुनील चौरासिया, भाजपा जिला महामंत्री श्री सिद्धार्थ शिव सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता, प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी श्री बृजेंद्र गुप्ता एवं श्री बृजेंद्र गुप्ता (लल्लू भैया), जिला पंचायत सदस्य श्री रंजीत सरार्टी, मंडल अध्यक्ष श्री दिनेश सिंह राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त नगर परिषद के सभापति श्रीमती सुनीता जैन, श्री कैलाश मरावी, श्रीमती बिट्टी दिनेश कोल, श्रीमती सविता राठौर एवं श्री ऋषभ लंहगीर, पार्षदगण श्रीमती कविता राठौर, श्रीमती शकीला अब्दूल जलील, श्रीमती हेमलता मोटवानी, श्रीमती जानकी रजक, तथा पूर्व पार्षद श्री सिद्धार्थ सिंह (राजा भैया), श्री नरेश नापित एवं श्री आनंद अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गई।

नागरिकों और व्यापारियों में उत्साह लोकार्पण उपरांत नगरवासियों एवं व्यापारियों ने नगर परिषद की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि महर्षि कश्यप व्यापार केंद्र जैतहरी को एक सुव्यवस्थित, विकसित और आर्थिक रूप से सशक्त नगर के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# चकाचौंध में गायब हुई क्षेत्रीय विधायक की लोकप्रियता

### बिरासनी रामायण कमेटी के गडबड झाले का कमाल




**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली ---धर्म मय नगरी के नाम से प्रसिद्ध पाली नगरी में माँ जगत जननी बिरासनी के प्रांगण में संपन्न हुई रामायण कमेटी जो पिछले 35 वर्षों से रामायण प्रतियोगिता का आयोजन कर हर साल लाखों रुपये का गोल माल करते आ रहा है, यह प्रतियोगिता कमा चंदा माफिया बनकर रह गया है, और उसके सनक में उसने क्षेत्रीय विधायक सुश्री मीना सिंह के प्रतिष्ठा को ही भूला बैठे। यह महज आरोप नहीं बल्कि यह बिरासनी रामायण कमेटी के इतिहास में कैद हो चुका है। न जाने बिरासनी रामायण कमेटी से यह भूल कैसे कर बैठा, नहीं तो रामायण प्रतियोगिता के शुभारंभ के लिए जबलपुर जिले के पश्चिम क्षेत्र के विधायक अभिलाष पाण्डेय के हाथों से संपन्न कराया गया था, जबकि समापन अवसर पर शहडोल जिले की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के श्री मुख से संपन्न हुई। बिरासनी रामायण कमेटी के व्दारा बनाये गये पोस्टरों में भी उमरिया जिले के बांधवगढ़ विधा नसभा के विधायक शिव नारायण सिंह और श्रीमती मनीषा सिंह के साथ अन्य गण मान्य नागरिकों का नाम अंकित है, इन सब जन प्रतिनिधियों को जिस सम्मान और आदर के साथ आमंत्रित किया गया, मंच पर उनका मंच पर स्वागत,वंदन ,अभिनंदन किया गया फिर क्या वजह हुई की क्षेत्रीय विधायक की जानबूझकर यह अवहेलना,अपमान क्यों किया गया। इस घटना से क्षेत्रीय विधायक भी मर्माहत हुई है, जिसकी चर्चा नगर में जोरों से जारी है। बताया जाता है कि बिरासनी रामायण कमेटी के सर्वे सर्वा बिरासनी मंदिर कमेटी का पंडा ही है, जिसके ऊपर बिरासनी प्रबंध कमेटी की कृपा बनी रहती है, जिसके कारण वह मंदिर में भी काले पीले कारनामे के लिए चर्चा में बने रहते हैं और साल दर साल रामायण कमेटी के नाम पर हर साल लाखों का चंदा एकत्रित कर गडबड झालो को अंजाम देते हैं। मुफ़्त का प्रांगण, मुफ्त की बिजली, पानी, आवास ,पुरूष्कार सब कुछ मिलने के बाद लाखों का वारा न्यारा चर्चा में बना हुआ है। बिरासनी रामायण कमेटी का कभी कोई हिसाब - किताब नहीं होता और कितनी राशि आयी कभी सर्वजनिक नहीं की जाती। इससे अब दान दाताओं में भी आक्रोश बढता जा रहा है। अपेक्षा है कि जिला प्रशासन बिरासनी रामायण कमेटी के चंदे और भुगतान की वैधानिकता के लिए निष्पक्ष जांच कराने की कृपा करेंगी, ताकि सब कुछ पारदर्शिता के साथ जनता के सामने रखा जा सकें

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी वार्ड नं. 5 की मुख्य सड़क

### 6 साल से धूल और गड्ढों के बीच सफर करने को मजबूर नागरिक

**समाज जागरण**

कोतमा। नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 5 में विकास के दावों की जमीनी हकीकत 'उखड़ती सड़कों' के साथ साफ नजर आ रही है। बस स्टैंड से मुख्य बाजार को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। विडंबना यह है कि सड़क का निर्माण दो बार हुआ, लेकिन दोनों ही बार जनता के टैक्स का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

निर्माण का काला अध्याय

सीसी रोड से डामर तक का सफर इस सड़क की दुर्दशा की कहानी साल 2018-19 में शुरू हुई थी, जब नगर पालिका ने यहाँ सीसी रोड (CC Road) का निर्माण कराया था। ताज्जुब की बात यह है कि महज 2 महीने के भीतर ही उखड़ गई वार्डवासियों के कड़े विरोध के बाद, प्रशासन ने अपनी खामियों को छिपाने के लिए एक साल बाद सड़क के ऊपर डामर का लेप चढ़ा दिया। लेकिन तकनीकी देखरेख के अभाव और घटिया निर्माण सामग्री के चलते, यह डामरीकरण भी एक हफ्ते की मार नहीं झेल सका और पूरी सड़क फिर से धूल में तब्दील हो गई।

**विधानसभा में गूंजा मुद्दा, पर नहीं मिला जवाब**

सड़क की इस बदहाली पर राजनीति भी गरमाई। तत्कालीन विधायक सुनील सराफ ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया और सरकार से जवाब मांगा। लेकिन प्रशासनिक ढुलमुल रवैये का आलम यह है कि आज तक न तो विधानसभा के सवालों का संतोषजनक जवाब मिला और न ही वार्ड वासियों को एक सुसज्जित सड़क।

जनता की पीड़ा

'उपहार' में मिली धूल और बीमारियां वर्तमान में वार्डवासी, नगरवासी और राहगीर इस मार्ग पर सफर करने के लिए अभिशप्त हैं। सुंदर सड़क के बजाय जनता को मिला हैः

**गहरे गड्ढेः जो आए दिन हादसों को न्यौता देते हैं।**

धूल का गुबार जिससे पूरा वातावरण डस्ट से सना रहता है और लोगों को सांस संबंधी परेशानियां हो रही हैं।

व्यापार पर असरः बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क होने के कारण व्यापारियों का धंधा भी प्रभावित हो रहा है।

वार्ड वासियों का कहना है हमने कई बार स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका को अवगत कराया, लेकिन उनकी चुप्पी यह दशार्ती है कि उन्हें जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। यह सीधे तौर पर सरकारी धन की बबार्दी और भ्रष्टाचार का मामला है।

# CHC परासी में वित्तीय प्रभार की उलझन से चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं

### पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह परासी ने उठाई आवाज — स्थानीय डॉक्टर को सौंपें अधिकार, जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

**समाज जागरण**

जमुना कोतमा विकासखंड अनूपपुर अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासी (CHC परासी) इन दिनों वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों के अभाव में गंभीर अव्यवस्था का सामना कर रहा है इस संबंध में पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह परासी ने शासन और जिला प्रशासन को विस्तृत आवेदन सौंपते हुए तत्काल सुधा रात्मक कार्रवाई की मांग की है

आवेदन में बताया गया है कि वर्तमान में अस्पताल का वित्तीय प्रभार बीएमओ डॉ. धनीराम के पास है, जो फूनगा अस्पताल में पदस्थ हैं और परासी में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते परिणामस्वरूप छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी स्वीकृति प्रक्रिया लंबित रहती है, जिससे दवाइयों की उपलब्धता, वैक्सीन परिवहन, गंभीर मरीजों के रेफरल, एम्बुलेंस ईंधन प्रबंधन, भवन की लघु मरम्मत, बिजली-पानी व्यवस्था और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सेवाएं प्रभावित हो रही हैं

वीरेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि CHC परासी केवल एक ग्राम का नहीं, बल्कि परोड़, धूरवासिन, तितरी, पौड़ी, लतार, हरद, कोटमी सहित आसपास के अनेक गांवों की बड़ी आबादी के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है ऐसे में वित्तीय अधिकारों की कमी का सीधा असर हजारों मरीजों पर पड़ रहा है उन्होंने मांग की है कि परासी में पदस्थ डॉक्टर को ही वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभार सौंपा जाए, ताकि त्वरित निर्णय लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो जनआक्रोश बढ़ने की आशंका जताई गई है

# नवीन भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**समाज जागरण**

अमरकंटक ।मध्यप्रदेश की जीवन रेखा, पुण्य सलिला माँ नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में 9 से 11 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय महाअनुष्ठान के पश्चात माँ नर्मदा की नवीन भव्य प्रतिमा की विधिवत स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन ने अमरकंटक सहित आसपास के क्षेत्रों को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना से आलोकित कर दिया।

यह भव्य अनुष्ठान परम तपस्वी बाबा श्री कल्याण दास जी महाराज जी की प्रेरणा एवं कल्याण आश्रम के प्रबंधक स्वामी श्री हिमाद्री मुनि जी के मार्गदर्शन में माँ नर्मदा की नवीन प्रतिमा विशेष रूप से जयपुर से काले ग्रेनाइट पत्थर में उत्कृष्ट शिल्पकला के साथ निर्मित कर मंगाई गई थी। प्रतिमा का शांत, सौम्य और दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। तीन दिनों तक चले वैदिक अनुष्ठानों में मंदिर परिसर की शुद्धि, मंडप स्थापना, कलश स्थापना एवं गणेश-अंबिका पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात जलाधिवास, धान्याधिवास एवं घृताधिवास जैसी पारंपरिक विधियां सम्पन्न की गईं, जिनके माध्यम से प्रतिमा के दिव्यीकरण की प्रक्रिया पूर्ण हुई।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन एवं पंचामृत अभिषेक किया गया। दूध, दही, घी, शहद, शक्कर तथा पवित्र नदियों के जल से माँ नर्मदा का अभिषेक हुआ। शंखनाद, घंटाध्वनि और जय माँ नर्मदा के जयकारों से उद्गम कुंड परिसर गूंज उठा और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। माँ नर्मदा की की प्रतिमा 11 फरवरी को शुभ मुहूर्त में स्थापित की गई। अनुष्ठान का सबसे अलौकिक क्षण नेत्रोन्मीलन रहा, जब स्वर्ण शलाका से माँ की प्रतिमा की आंखों का उद्घाटन किया गया और दर्पण दर्शन कराया गया। वैदिक आचार्यों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रतिमा में दिव्य चेतना का संचार किया गया। षोडशोपचार पूजन, वस्त्राभूषण अर्पण एवं भव्य महाआरती के साथ अनुष्ठान पूर्ण हुआ। इस आयोजन में मुख्य यज मान के रूप में कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली सपत्नीक उपस्थित रहे उन्होंने विधि-विधान से हवन, पूजन एवं अर्चन कर प्रदेश, राष्ट्र तथा समस्त मानवता के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम का संचालन आचार्य पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में वैदिक आचार्यों द्वारा सम्पन्न कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत परंपरानुसार कन्या पूजन कर मातृशक्ति का सम्मान किया गया। कन्याओं को माँ नर्मदा का स्वरूप मानकर उनके चरण पूजे गए और प्रसाद व उपहार अर्पित किए गए। समापन अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के स्वयंसेवकों और सेवाभावी कार्यकताओं ने अत्यंत सुव्यवस्थित व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं की सेवा की। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, स्वामी नर्मदानंद जी महाराज, स्वामी राघवानंद जी महाराज, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, सहित अनेक गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गेट दफाई में फिर सजा अवैध 52 पत्ती का अड्डा !

### अशोक उर्फ डुग्गू पटेल पर घर में जुआ खिलाने का आरोप, मुन्ना रजक परिवार के 6 सदस्यों की आत्महत्या की घटना से दहला था क्षेत्र



**समाज जागरण**

जमुना-कोतमा कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत थाना भालूमाड़ा के गेट दफाई इलाके में अवैध जुए के फिर से सक्रिय होने की शिकायतों ने स्थानीय नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अशोक उर्फ डुग्गू पटेल के घर पर खुलेआम 52 पत्ती (ताश) का खेल संचालित किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी रकम दांव पर लगाई जाती है और देर रात तक जमावड़ा लगा रहता है स्थानीय लोगों के अनुसार इस जुए की चपेट में युवा, मजदूर वर्ग और कलारी कर्मचारी तेजी से फंसते जा रहे हैं मेहनत की गाढ़ी कमाई एक ही रात में हार जाने से परिवार आर्थिक तंगी, कर्ज और मानसिक अवसाद का शिकार हो रहे हैं कई घरों में कलह, मारपीट और पारिवारिक विघटन की स्थिति बन रही है सामाजिक असुरक्षा और अपराध की आशंका भी बढ़ती जा रही है गौरतलब है कि पूर्व में जमुना कॉलोनी निवासी मुन्ना रजक के परिवार के 6 सदस्यों द्वारा आत्महत्या किए जाने की दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था स्थानीय लोग उस त्रासदी को याद कर आशंका जता रहे हैं कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वैसी ही स्थिति दोबारा बन सकती है

नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान से तत्काल छापामार कार्रवाई कर अवैध जुए के इस कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है लोगों का कहना है कि कानून का भय समाप्त होता दिख रहा है और यदि प्रशासन ने शीघ्र हस्तक्षेप नहीं किया तो कई और परिवार बबार्दी की कगार पर पहुंच सकते हैं

# शहडोल संभाग का गौरवः आफरीन अख्तर

### मध्य प्रदेश जिलाझ्रशहडोल तहसील-बुढ़ार शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी में हिंदी विषय व्याख्याता पद पर पदस्थ श्रीमती आफरीन अख्तर

### आफरीन अख्तर ने इस वर्ष 2025-26 को यूजीसी नेट एनटीए असिस्टेंट प्रोफेसर की पात्रता परीक्षा विषय हिंदी से उत्तीर्ण की है, उनकी इस सफलता पर उन्हें अशेष शुभकामनाएँ....

**समाज जागरण**

आफरीन अख्तर ने इससे पूर्व 2019 में नेट 2022 में जेआरएफ (विषय-हिंदी) से पास किया है, एमपी सेट, सीजी सेट, सीजी टेट, एमपी टेट जैसे अन्य एग्जाम भी क्लियर किए हैं। वार्ड नंबर 18 धनपुरी जिला शहडोल में निवासरत आफरीन वर्तमान में धनपुरी बॉयज स्कूल में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं, साथ ही इन्होंने नवोदय विद्यालय जो कि केंद्र सरकार द्वारा आयोजित पीजीटी एग्जाम भी क्लियर किया है और 2022 की एमपी असिस्टेंट प्रोफेसर के एग्जाम की लिखित परीक्षा पास कर इंटरव्यू तक पहुँची हैं, इन्होंने लगभग सात-आठ सालों की लंबी अवधि तक मेहनत करके नेट जेआरएफ हिंदी के लिए एक बुक भी लिखी है जो इस दिशा में तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अति उपयोगी व रामबाण पुस्तक है अतः आप भी इस पुस्तक को अपने अध्ययन में जरूर शामिल कीजिए और सफल होकर अपने क्षेत्र, घर परिवार को गौरवान्वित होने का अवसर दीजिए।

आफरीन अख्तर का कहना है कि सफलता प्राप्त करने का एक ही मार्ग है निरंतरता अपने लक्ष्य के प्रति। आप पढ़ाई को अपनी आदत बनाएँ और लगातार मेहनत करते रहिए सफलता जरूर मिलेगी। घर के काम हाउसवाइफ होना समय का न मिल पाना यह सारे बहाने हैं कुछ अलग न करने के। हाँ! स्वास्थ्य का सही न होना सफलता में बहुत बड़ी रूकावट या बड़ा हो सकती है पर उसे भी आप अपनी इच्छा शक्ति से जीत सकते हैं।

**महिलाओं व लड़कियों के लिए खास संदेशः—**

आजकल महिलाओं का आत्मनिर्भर होना ठीक उतना ही जरूरी है जैसे मछली के लिए पानी। आप घर-गृहस्थी के साथ बाहर की जिम्मेदारियाँ भी निभाना सीखें। कुछ आर्थिक जिम्मेदारियां स्वयं भी उठाइए। आप सक्षम होंगे तभी किसी और का सहारा बन सकेंगे। कोई लक्ष्य मुकाम हासिल कीजिए और अपने घर परिवार, माता-पिता, पति को गौरवान्वित मेहसूस करने का अवसर दें। अपना अस्तित्व बनाएँ और कहीं ना कहीं स्वयं को स्थापित करें।

मेरी सफलता का सारा श्रेय मेरे पति -शहरयार रजा खान को जाता है, जिन्होंने मुश्किल वक्त में भी मुझे टूटने नहीं दिया। आफरीन अख्तर (लेखिका) उच्च माध्यमिक शिक्षक धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश

खुशियों की दास्तां

# गुलाब बाई को मिला सपनो का आशियाना

### जिला जनसंपर्क कार्यालय उमरिया

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण अंचलो में आम जनों को पक्की छत उपलब्ध हो रही है, जहां वे बिना किसी परेशानी के साथ अपना जीवन यापन कर रहे है। करकेली विकासखंड कि गुलाब बाई यादव निवासी ग्राम लोढा ने बताया कि वर्श 2017 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए पंचायत से संपर्क किया , जिसके बाद किश्त में 1.30 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई इसके साथ ही मनरेगा के तहत मजदूरी भी दी गई। उन्होने बताया कि मकान में दो कमरे , एक किचन बना हुआ है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गुलाबबाई को राशन प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है, जिसके माध्यम से पांच लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। उनका कहना है कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार लोगो की बेहतरी के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया है, जिसका लाभ मिलने पर हम एवं हमारा पूरा परिवार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# समर्पण दिवस के रूप में भाजपा ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**समाज जागरण**



उमरिया। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के द्वारा आज बुधवार को भाजपा के पित्र पुरुष कहे जाने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया है। भाजपा नेताओं ने स्थानीय भाजपा कार्यालय और नगर मंडल के द्वारा खलेसर में स्थित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। इस दौरान भाजपा के जिला और नगर मंडल उमरिया के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री दीपक छतवानी ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है इसके पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संघर्ष और समर्पण रहा है। एकात्म मानववाद का मूल मंत्र लेकर भाजपा आज अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक अपनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि जिले के सभी मंडल और बूथ स्तर पर मनाई गई।इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष धनुषधारी सिंह, अमित सिंह,महामंत्री राधेलाल कोल, नगर मंडल अध्यक्ष नीतू नम्रता यादव, उमरिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, सुशील प्रजापति, सुजीत सिंह भदौरिया, राकेश दद्वंर्शी, दीपक गुप्ता, जीतू बारी, सुनील खटीक, राजेंद्र कोल,आशिक बर्मन, राजेश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिंगरौली में रील बनाने के चक्कर में नाव का बिगड़ा बैलेंस, डैम में गिरे युवक का 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

**समाज जागरण**

सिंगरौली। रील बनाने के चक्कर में रियल लाइफ से खिलवाड़ की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसी ही एक घटना सिंगरौली से आई है, यहां रील बनाने के चक्कर में एक युवक डैम में गिर गया। यह युवक अपने 2 अन्य साथियों के साथ नाव से डैम में गया था, इसी दौरान एक युवक खड़ा होकर वीडियो बनाने लगा और नाव का बैलेंस बिगड़ गया और वह पानी में गिर गया। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक 19 वर्षीय युवक लापता है। एसडीआरएफ, होमगार्ड और आपदा मित्र लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं लेकिन युवक का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

**रील बनाने के चक्कर में डैम में गिरा युवक-:**

सिंगरौली के कोतवाली थाना क्षेत्र का बलियरी निवासी संतोष शाह उम्र 19 वर्ष अपने 2 साथियों अरविंद शाह और आशीष साकेत के साथ डैम घूमने गया था यहां सोनू खैरवार की नाव पर सवार होकर संतोष शाह अपने 2 साथियों के साथ डैम के गहरे पानी तक पहुंच गए। फिर क्या था संतोष शाह वीडियो बनाने के लिए खड़ा हुआ और रील बनाने लगा इतने में नाव का बैलेंस बिगड़ गया और देखते ही देखते संतोष शाह पानी में गिर गया लेकिन नाव पर सवार बाकी लोग बैठे रहने के कारण सुरक्षित रहे।
युवक के डैम में गिरते ही उसके साथियों ने इस घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी जिसके बाद तत्काल पुलिस के द्वारा एसडीआरएफ, होमगार्ड को मौके पर बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया लेकिन कई घंटों के बाद भी गहरे पानी और बड़े क्षेत्र में डैम होने के कारण लापता युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया 24 घंटे से ज्यादा का समय हो चुका है। इधर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।
कोतवाली थाना के उपनिरीक्षक उदय करिहार बताते हैं कि "यह घटना सोमवार सुबह 10:30 बजे सुबह की है। जब एक साथी की जिद और दबाव के कारण वोटिंग करने सभी चले गए और इस दौरान युवक खड़े होकर वीडियो बनाने लगा और इतने में नाव का बैलेंस बिगड़ने के कारण यह घटना हुई घटना के बाद ही तत्काल रेस्क्यू टीम लगी हुई है लेकिन डैम बड़ा और गहरा होने के कारण अभी समय लग रहा है। 24 घंटे से ज्यादा होने के बाद भी पुलिस को लापता युवक का कोई सुराग नहीं मिला है।

# शहडोल में CM के काफिले को काला झंडा दिखाने पर गिरफ्तारी, आरोपी छात्र की 12वीं की परीक्षा छूटी

**समाज जागरण**



शहडोल। जिले में बीते आठ फरवरी को मुख्यमंत्री के काफिले को काला झंडा दिखाने के मामले में पुलिस कार्रवाई पर विवाद गहरा होते जा रहा है। इस प्रकरण में गिरफ्तार किए गए नाबालिग छात्र की 12वीं बोर्ड की अंग्रेजी की परीक्षा छूट गई। हालांकि, छात्र को मंगलवार सुबह बुढ़ार उप जेल से रिहा किया गया, लेकिन तब तक परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय निकल चुका था। पुलिस ने नाबालिग छात्र को धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर बुढ़ार उप जेल भेजा था। स्वजनों का आरोप है कि उन्होंने सोमवार को तहसीलदार से कई बार गुहार लगाई थी कि छात्र की मंगलवार को बोर्ड परीक्षा है, इसके बावजूद उसे जमानत नहीं दी गई। मंगलवार सुबह छात्र को बिना स्वजनों को सूचना दिए जेल से छोड़ा गया, जिससे वह समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सका। वहीं, इस मामले में पुलिस ने कुल 40 कांग्रेस कार्यकताओं पर कार्रवाई की थी, जिनमें से 37 को पहले ही जमानत मिल चुकी थी। बुधवार की सुबह आशू चौधरी और शेख साजिद उर्फ सन्नी को भी बुढ़ार उप जेल से रिहा कर दिया गया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह, सूफियान खान, अभिषेक शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता जेल पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि निर्दोष कार्यकताओं पर लाठीचार्ज किया गया और राजनीतिक द्वेष के तहत उन्हें जेल भेजा गया। इसी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को धरना देकर ज्ञापन सौंपा था। कांग्रेस ने घोषणा की है कि शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शहडोल पहुंचेंगे और कलेक्ट्रेट का घेराव कर लाठीचार्ज व गिरफ्तारी के विरोध में बड़ा आंदोलन करेंगे।

# शादी समारोह में हर्ष फायरिंग रोकने पर शख्स ने 10 साल के बच्चे को मारी गोली

**समाज जागरण**



सतना। शादी समारोहों में हर्ष फायरिंग पर कानूनन सख्त मनाही के बावजूद ऐसे मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला सतना शहर के कोलगवां थाना क्षेत्र स्थित रिया मैरिज गार्डन का है, जहां सोमवार रात एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग रोकने पर सनकी आरोपी ने 10 वर्षीय मासूम बच्चे को गोली मार दी। घायल बच्चे को पहले जिला अस्पताल सतना में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिया मैरिज गार्डन के बाहर बारात का जश्न चल रहा था। इसी दौरान आरोपी सागर पांडे और उसके कुछ साथी अवैध रूप से बंदूक से फायरिंग कर रहे थे। गोली चलने से भयभीत होकर 10 वर्षीय शिवम पाल, पिता नवेलू पाल, निवासी गौहानी, थाना रामनगर ने आरोपियों से फायरिंग बंद करने की विनती की। इस बात पर कहासुनी हो गई, जिसके बाद सनकी मिजाज आरोपी सागर पांडे ने बच्चे के पेट से सटाकर राइफल से गोली चला दी। गोली लगते ही बच्चा लहूलुहान होकर गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल शिवम को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।
बताया जा रहा है कि घायल शिवम दुल्हन का मौसेरा भाई है और वह अपने मामा राजवेंद्र पाल पिता बालभद्र पाल, निवासी बरहा पतेरियान, थाना गोविंदगढ़ (रीवा) के साथ शादी में शामिल होने सतना आया था। दुल्हन की शादी सतना के सिद्धार्थ नगर निवासी यादव परिवार में हुई थी। कोलगवां पुलिस ने आरोपी सागर पांडे एवं उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मैरिज गार्डन प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त किए हैं, जिनके आधार पर जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि घटना में प्रयुक्त राइफल लाइसेंसी थी या अवैध। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह बच्चे के पेट से सटाकर गोली चलाई गई, उससे आरोपी की मंशा साफ तौर पर हत्या की प्रतीत होती है। फिलहाल आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

# विवाद हुआ तो पत्नी ने कहा, पति गांजा बेचता है, गांजे के पैकेट का वीडियो बना पुलिस कमिश्नर को भेजा, हो गई जेल

**समाज जागरण**

इंदौर। अकाउंटेंट महिला ने मादक पदार्थ बेचने वाले पति को हवालात में पहुंचा दिया। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली और सवा किलो गांजा बरामद किया। आरोपित का पत्नी से विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी ने घर में रखे गांजे के पैकेट का वीडियो बनाया और सीधे पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह को भेज दिया। लसूड़िया पुलिस ने सोमवार रात महालक्ष्मी नगर क्षेत्र से आरोपित बुद्ध किरण भिड़े (इंदिरा नगर) को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। भिड़े की बांबे अस्पताल के समीप पान की दुकान है। उसका पत्नी मंजू से विवाद हो गया था।

**कॉल कर बताया पति अवैध कामों में लिप्त है:**

महिला अकाउंटेंट है। उसने घर में छुपा रखा गांजे का वीडियो बनाया और आयुक्त को वाट्सएप पर भेज दिया। महिला ने कॉल कर बताया कि पति अवैध कामों में लिप्त है। पान-गुटखे की आड़ में गांजा और स्मैक बेचता है। स्कूली बच्चे भी नशे के आदी हो चुके हैं। आयुक्त ने अफसरों को वीडियो भेज तत्काल कार्रवाई करवाई। पुलिस ने भिड़े के घर की तलाशी ली तो सवा किलो गांजा मिल गया। उसने सनावद और बड़ी ग्वालटोली के पैडलर से गांजा खरीदना स्वीकारा है।

**महिला बोली- मेरी दो बेटियां हैं, पढ़ाई पर असर पड़ता है:**

महिला के अनुसार पति घर से ही गांजा बेच रहा था। उसने तराजू भी रखा था। पैडलर और नशेड़ी गांजा खरीदने आते थे। मेरी दोनों बेटियों पर इसका बुरा असर पड़ रहा था। विरोध करने पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा चार फरवरी को मारपीट तक कर दी। महिला मल्हारगंज थाना क्षेत्र में रहती है। उस वक्त भी महिला ने शिकायत की पर गांजा नहीं मिला। हालांकि पुलिस ने भिड़े को प्रतिबंधात्मक धारा में जेल भेज दिया था।

**सास-ससुर और दामाद पर भी सप्लाई का आरोप:**

महिला ने इंटरनेट मीडिया पर भी वीडियो बहुप्रसारित किया है। उसने कहा कि पुलिस के
नशामुक्ति अभियान से प्रभावित होकर सूचना दी। पति से महत्वपूर्ण कानून है।
महिला ने कहा कि गांजे की सप्लाई में ससुर शेषराव, सास शोभा, देवर भीमराव और दामाद दिलीप व दीपक भी शामिल हैं। बुद्ध किरण तो शहर में ही सप्लाई करता था। दामाद बाहर तक सप्लाई करने जाते थे।

# करोड़पति की कार से एक्सीडेंट मामले में रिपोर्ट कर्ता ने किया समझौता, बेटे की जगह चालक पेश

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां के बहुचर्चित करोड पति तम्बाकू व्यवसाई के के मिश्रा के बेटे शिवम द्वारा किए गये लेम्बोर्गिनी कार से चार लोगों को टक्कर मारने के मामले में एकदम से नया मोड़ आ गया है। ऐसा मुकदमा जारी करने वाले वादी द्वारा समझौता कर लेने और बेटे शिवम की जगह चालक मोहन द्वारा कार चलाने की बात कहने और इस आधार पर कोर्ट में अर्जी डालने की वजह से हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक पहले कथित ड्राइवर ने दोपहर में कोर्ट में सरेंडर कर दिया। फिर मुकदमा दर्ज कराने वाले मो. तौसीफ ने समझौता कर लिया।

यह बात अलग है कि कोर्ट ने आरोपी नहीं मानते हुए ड्राइवर मोहन की अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पुलिस रिपोर्ट में आरोपी शिवम है, मोहन का कहीं नाम नहीं है। इसलिए उसकी जमानत याचिका मंजूर नहीं की गई। कार अभी थाने में ही रहेगी।
इसी मामले में इससे पहले ड्राइवर मोहन वकील नरेंद्र कुमार यादव के साथ कोर्ट पहुंचा। मोहन ने कहा कि शिवम मिश्रा की गाड़ी मैं ही चला रहा था। शिवम को दौरा पड़ गया था। इस बीच उसने आगे जो बयान दिया उसके मुताबिक उसका कहना है कि उस वक्त मैं घबरा गया था। कुछ समझ नहीं आया। उसी वक्त हादसा हो गया। जब शीशा तोड़ा और दरवाजा खोला गया तो मैं नीचे से निकल गया था। बाउंसर ने शिवम को निकाला था। हादसे के बाद मैं कोने में खड़ा हो गया था। शिवम को दूसरी गाड़ी में ले जाया गया था।
फिलहाल पुलिसअपनी जांचके आधार पर ही अग्रिम कार्रवाई पर लगातार जुटी हुई है। पुलिस की जांच के जाड़े मेंकर चालक के रूप में अभी तक शिवम ही आरोपी साबित हुआ है। जिसके आधार परकार्रवाई की जा रही है।

# जनता मानगोवासी होने पर गर्व करेंगे, निरंतर विकास के लिए मेरा साथ दें : सुधा गुप्ता

## मानगो में सुधा गुप्ता ने चलाया जनसंपर्क अभियान, जनता का जबरदस्त रुझान

**दैनिक समाज जागरण 11.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर : मानगो में मेयर पद की प्रत्याशी सुधा गुप्ता ने अपील की है कि जनता निरंतर विकास के लिए उनको वोट करें ताकि हर व्यक्ति मानगोवासी होने पर गर्व कर सके. पानी, बिजली, सड़क, साफ सफाई और जाममुक्त मानगो बनाने के लिए लोग उनको वोट करें. पहले जिस तरह से पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने विकास किया, उसी तरह एक बार फिर से मेयर का पद पर सुधा गुप्ता को जीताकर विकास के स्पीड को फिर से तेज करने के लिए चुनाव में जिताये. यह अपील सुधा गुप्ता ने बुधवार को मानगो क्षेत्र में किये गये पदयात्रा के दौरान की. सुधा गुप्ता के साथ काफी संख्या में स्थानीय महिलाएं और पुरुष भी थे. इन लोगों ने सुधा गुप्ता को आशीर्वाद दिया. मानगो मेयर प्रत्याशी सुधा गुप्ता ने बुधवार को व्यापक पदयात्रा किया. डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन और वोट करने की अपील की. सुधा गुप्ता ने बस्तीवासियों से अपील की कि 23 फरवरी को अपने अपने घरों से निकलकर कारपेट के निशान क्रम संख्या 11 नंबर पर वोट डाल कर उनको विजयी बनाएं. पदयात्रा के क्रम में मानगो के शांतिनगर, लक्ष्मण नगर, गौड़ बस्ती, कृष्णा नगर, शंकोसाई रोड नंबर 1, रामनगर, सुभाष कॉलोनी सहित विभिन्न बस्तियों में गयी, जहां लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला. स्थानीय नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मानगो मेयर प्रत्याशी सुधा गुप्ता को वोट देने का आश्वासन दिया. जिस जिस क्षेत्र से पदयात्रा गुजरी, वहां बस्तीवासियों ने एकजुट होकर समर्थन जताया. सुधा गुप्ता ने बस्तीवासियों से अपील की कि 23 फरवरी को अपने अपने घरों से निकलकर कारपेट के निशान क्रम संख्या 11 नंबर पर वोट डाल कर उनको विजयी बनाएं. पदयात्रा में मानगो क्षेत्र के बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए, जिससे पूरे इलाके में चुनावी माहौल और उत्साह देखने को मिला

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में श्री राजेन्द्र दास जी आज से करेंगे गौ कथा एवं गौ आधारित खेती पर कथा

## आयोजन से गौसंरक्षण एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती व सनातन मूल्यों को मिलेगी नई दिशा - उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल

**समाज जागरण**

रीवा। बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 फरवरी से 14 फरवरी तक श्री जगदगुरू द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर एवं श्रीमलूक पीठाधीश्वर श्री राजेन्द्र दास जी महाराज अपनी अमृतवाणी से गौकथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक



खेती पर कथा करेंगे। यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस दिव्य आयोजन के माध्यम से गौसंरक्षण, गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं सनातन मूल्यों को नई दिशा और सशक्त प्रोत्साहन मिलेगा। गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी। उप मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त गौ भक्त एवं गौ कथा वाचक श्री राजेन्द्र दास जी की कथा का श्रवण करने का सभी से आह्वान किया है।

# साइबर क्राइम पुलिस सोनभद्र द्वारा साइबर फ्रॉड के ₹36,984.86/- पीड़ितों के खातों में कराए गए वापस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। आवेदक 1. नवीन कुमार पुत्र गोविन्द सिंह, निवासी वार्ड नं0 22, निराला नगर, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र एवं 2. श्रीमती बबीता सिंह पत्नी विपिन सिंह, निवासिनी सेक्टर नं0 03, कस्बा, ओबरा थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि आहरित कर ली गई थी। उक्त प्रकरण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की गई।
पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार के निर्देशन/पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना के नेतृत्व में साइबर टीम द्वारा ठउफ्द्ध पोर्टल का अवलोकन करते हुए संबंधित बैंक खातों में धनराशि को होल्ड कराया गया। तत्पश्चात संबंधित बैंक शाखाओं से समन्वय स्थापित कर विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कुल ₹36,984.86/- (छत्तीस हजार नौ सौ चौरासी रुपये छियासी पैसे) की धनराशि पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। जिसमें क्रमशः - नवीन कुमार को ₹30,884.86/-, श्रीमती बबीता सिंह को ₹6,100/-

उनके मूल बैंक खातों में वापस कराए गए। पीड़ितों द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र एवं साइबर क्राइम पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# पन्ना पुलिस ने सतना बॉर्डर पर जुए के अड्डे पर छापामार 11 लोगों को किया गिरफ्तार, 15 लाख का माल बरामद होने का दावा

**समाज जागरण पन्ना**

पन्ना पुलिस ने जिले के देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्ना-सतना बॉर्डर पर चल रहे एक बड़े जुआ ठिकाने पर छापामार कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 11 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार बॉर्डर के आसपास अपनी लोकेशन बदल-बदल कर जुआ खिला रहे थे। देवेंद्रनगर पुलिस के अनुसार, मौके से ताश के पत्तों के साथ एक बलेनो कार, एक बोलेरो गाड़ी और 12 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आधिकारिक तौर पर 27 हजार रुपये नकद जब्त करने का दावा किया है। जब्त किए गए वाहनों, मोबाइल और नकदी की कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है। एक तरफ जहाँ पुलिस ने 27 हजार रुपये नकद बरामद होने की बात कही है, वहीं स्थानीय सूत्रों और क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है।

सूत्रों के मुताबिक जब्त की गई वास्तविक नकदी पुलिस द्वारा बताए गए आंकड़ों से काफी अधिक हो सकती है। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परीक्षा से घबराकर दो बच्चे ट्रेन में बैठकर दिल्ली भागे

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्कूल में परीक्षा चल रही हैं और बच्चों ने इसकी तैयारी नहीं की। घर से बैग लेकर 2 और बच्चों ने निकले और दो दोस्तों ने तय कर लिया कि वे शहर से भाग चलते हैं। दोनों बच्चे ट्रेन से बैठकर दिल्ली चले गए। बच्चों के गायब होने से परिवारों के साथ साथ पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सीसीटीवी से खोजा तो पता चला कि बच्चे ट्रेन से बैठकर गए हैं। दिल्ली में जाकर पुलिस ने दोनों बच्चों को बरामद कर परिवार को सौंप दिया। मामला थाना रसूलपुर के नीबूं वाला बाग से जुड़ा है। यहां के रहने वाले दो बच्चे उम्र 12 साल और 13 साल आपस में दोस्त हैं। एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूलों में इन दिनों पेपर चल रहे हैं। पेपर की तैयारी नहीं होने से दोनों बच्चों में घबराहट हो गई थी। दोनों बच्चों ने घर छोड़ने का मन बनाया और स्कूल जाने के लिए बैग और टिफिन लेकर निकले और सीधे रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बैठकर चले गए ।सोमवार की हुई घटना के बाद परिवार में जब दोनों बच्चे दोपहर बाद नहीं लौटे तो पता लगाया। स्कूल में भी बच्चे नहीं पहुंचे थे। थाना पुलिस को
पुलिस को जानकारी हुई तो सीसीटीवी से ट्रेस कर बरामद किया



**दोनों की उम्र 12 और 13 साल है, परिवार के लोग हो गए थे परेशान**

सूचना दी गई। थाना प्रभारी रसूलपुर प्रदीपकुमार ने दोनों बच्चों के गायब होने को गंभीरता से लेकर टीम गठित की। टीमों ने घर से बच्चों के निकलने से लेकर रेलवे स्टेशन तक ट्रेन में बैठने की लोकेशन सीसीटीवी कैमरों से खंगाली। दर्जनों कैमरों से जब चला कि बच्चे दिल्ली गए हैं तो टीम दिल्ली पहुंची। यहां भी आसपास के कैमरों को देखते हुए टीम बच्चों तक जा पहुंची। दोनों बच्चों को सकुशल मंगलवार को बरामद कर लिया।

उनको फिरोजाबाद लाकर परिजनों को देर शाम सौंप दिया। दोनों बच्चों को पाकर परिवार के सदस्य खुश हो गए। बच्चों ने पुलिस को बताया कि स्कूल की पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए और परिवार के भय से कि कहीं अच्छे नम्बर नहीं आने कहासुनी होगी इसलिए वे ट्रेन में बैठकर चले गए थे।

# पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न !

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद जन कल्याण विकास समिति एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयोजन से महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रियदर्शिनी उपाध्याय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर निशा एवं डॉक्टर आकांक्षा के नेतृत्व में सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिवस दिनांक- पर्यावरण जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में जन कल्याण विकास समिति प्रमुख सचिव कृष्ण मोहन चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष पवन चक्रवर्ती, प्रदूषण विभाग से जूनियर इंजीनियर अमन दीप , योगेश कुमार , धर्मेंद्र यादव (वरिष्ठ लिपिक)उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथि वक्ताओं ने कार्यक्रम को उद्देश्यपूर्ण बनाने हेतु उत्तर प्रदेश की नागरिकों को वायु प्रदूषण के प्रति जागरूक करना है एवं अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए वायु प्रदूषण पर नियंत्रण बनाए रखना है ,इस हेतु सरकार द्वारा वायु प्रदूषण के नियंत्रण, रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करानी है। चौराहों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु लाल सिग्नल होने पर गाड़ी के इंजन को बंद कर देना है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने के स्थान पर मिट्टी की बने वस्तुओं का प्रयोग करना है एवं प्लास्टिक के थैलों का



प्रयोग बिल्कुल नहीं करना है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निस्तारण सरकार द्वारा अपने स्तर से किया जाए जिसमें प्रत्येक नागरिक को सहयोग प्रदान करना है। अकाल वहां के स्थान पर सामूहिक वाहन का प्रयोग किया जाए। पर्यावरण को बचाने के लिए स्वयं भी वृक्षारोपण करें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें। बढ़ता प्रदूषण हमारी दिनचर्या एवं जीवन शैली को इस तरह से प्रभावित कर रहा है कि पुनः हमें अपने जीवन शैली पर विचार करने की आवश्यकता है। हम धरती को माता तो कहते हैं परंतु उसे माता का सम्मान देना भूल जाते हैं क्योंकि हमारे द्वारा प्रयोग किए जाने वाली ऐसी वस्तुएं जिससे न केवल मनुष्य बल्कि हमारी प्राकृतिक संपदा भी प्रभावित हो रही है एवं पशुओं का जीवन भी संकटमय है। पर्यावरण को बचाना न केवल सरकार की जिम्मेदारी है और न ही इन्हें सिर्फ संगोष्ठियों एवं विचारों के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है बल्कि आवश्यकता है कि हम इस पर चिंतन करें एवं अपने पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाएं जिससे हमारा हमारा जीवन भी स्वस्थ रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा छात्राओं को वायु प्रदूषण यह संदर्भ में जागरूक किया गया और यह भी बताया गया कि इसकी पहल हमें पहल स्वयं से करनी है क्योंकि राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य भी यही है कि स्वयं सजे वसुंधरा संवार दे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशा और डॉ.आकांक्षा द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया एवं समस्त पदाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य जीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया!

# नगर परिषद का डस्टबिन उखाड़कर फेंका, स्थानीय लोगों में आक्रोश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंजः शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों पर हजारों रुपये खर्च कर डस्टबिन लगाए गए हैं। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इन सार्वजनिक सुविधाओं को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं सामने आ रही हैं।



ताजा मामला शहर के मोती बाग वार्ड नंबर 7 स्थित शिवाजी नगर के पास का है, जहां नगर परिषद द्वारा लगाया गया डस्टबिन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उखाड़कर फेंक दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी का माहौल है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगाए गए डस्टबिन को नुकसान पहुंचाना गलत है और इससे आम लोगों को परेशानी होती है। लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

नगरवासियों का कहना है कि शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

# पटना में मिली महिला अधिवक्ता की अधजली शव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के कदमकुआं थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर रोड नंबर-2 स्थित एक मकान से 65 वर्षीय महिला अधिवक्ता की अधजली लाश बरामद हुई। मृतका की पहचान डॉ. इंद्रा लक्ष्मी के रूप में हुई है। वे पटना सिविल कोर्ट और उच्च न्यायालय में वकालत करती थीं। बताया जा रहा है कि वे राजेंद्र नगर स्थित अपने दो मंजिला मकान में अकेली रहती थीं। उनके पति अमरेंद्र कुमार फिलहाल झारखंड के रांची में रहते हैं, जबकि उनकी बेटी बेंगलुरु में रहती है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार, उसी मकान में रहने वाले किरायेदारों ने बुधवार सुबह गेट के पास एक अधजली लाश देखी।




शव की स्थिति देखकर वे घबरा गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में कदमकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस ने लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की अपील की और प्रारंभिक जांच शुरू की।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और आसपास के हिस्सों की बारीकी से जांच की। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आग कैसे लगी और क्या महिला की मौत आग लगने से हुई या पहले किसी अन्य कारण से उनकी जान गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला हादसे का है या किसी साजिश का परिणाम। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। आसपास के लोगों और किरायेदारों से पूछताछ की जा रही है। घर के अंदर और बाहर के हिस्सों की भी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना के समय कोई संदिग्ध व्यक्ति वहां मौजूद था या नहीं। राजेंद्र नगर जैसे रिहायशी इलाके में इस तरह की घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। पड़ोसियों का कहना है कि डॉ. इंद्रा लक्ष्मी शांत स्वभाव की महिला थीं और अपने काम से मतलब रखती थीं। वे नियमित रूप से अदालत जाती थीं और समाज में उनकी अच्छी पहचान थी। ऐसे में उनकी अधजली लाश मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। डॉ. इंद्रा लक्ष्मी सिविल कोर्ट और उच्च न्यायालय में सक्रिय रूप से वकालत करती थीं। उनकी मौत की खबर से अधिवक्ताओं में भी शोक और आक्रोश है। आशंका जताई जा रही है कि इस घटना के कारण सिविल कोर्ट का कामकाज प्रभावित हो सकता है। बुधवार को अदालत में कुछ महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई भी प्रस्तावित थी, जिनमें सांसद पप्पू यादव से जुड़े दो मामलों की सुनवाई भी शामिल थी। पुलिस ने मृतका के पति और बेटी को घटना की जानकारी दे दी है। दोनों के पटना पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में रंगदारी वसूलते अपराधी की पुलिस से हुई भिड़ंत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ आलमगंज थाना के गायघाट के पास रंगदारी वसूलने आए एक अपराधी राजीव कुमार उर्फ सूर्या पुलिस पर हमला के दौरान जवावी कारवाई मे जख्मी हो गया है। नगर पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि अपराधी राजीव कुमार उर्फ सूर्या रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से गायघाट आने वाला है। पुलिस द्वारा एसटीएफ के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए उक्त स्थल पर पहुंच घेराबंदी की। अभियुक्त ने पुलिस पर हमला किया।



पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में एक गोली लगी है। घटनास्थल से एक देसी कट्टा, एक गोली तथा एक खोखा बरामद किया गया है। जख्मी का उपचार पुलिस अभिरक्षा मे किया जा रहा है। नगर पुलिस अधीक्षक के अनुसार जख्मी अपराधी के खिलाफ एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है।

# पटना के पालीगंज में सड़क हादसे के दौरान एक की मौत

**ट्रक चालक फरार, परिजनों में कोहराम**

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज-चंढोस मुख्य पथ पर सेहरा गांव के समीप सोमवार की देर रात तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। मोटरसाइकिल से घर लौट रहे चाचा-भतीजा की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों उछलकर




सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच पीछे से तेज गति में आ रहे एक ट्रक ने सड़क पर गिरे भतीजे को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। किसी तरह गंभीर रूप से घायल चाचा ने हिम्मत जुटाकर पुलिस और परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सिगोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक की पहचान प्रखंड के सिकरिया गांव निवासी अर्जुन सिंह के 42 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार के रूप में की गई है। वहीं, घायल चाचा दिलीप सिंह का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। स्थानीय लोगों ने पालीगंज-चंढोस पथ पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर सवाल उठाए हैं।

लोगों का कहना है कि रात के समय ट्रकों की बेकाबू गति आए दिन हादसों को दावत दे रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छानबीन शुरू कर दी है।

# अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कारवाई, दो शराब भट्टी नष्ट तीन तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभि यान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के धुंधुआ गांव के समीप सोन दियारा इलाके में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब निर्माण से जुड़े सामानों को नष्ट किया।छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने मौके से कुल 2000 लीटर महुआ जावा घोल, 02अवैध शराब भट्ठी, तथा शराब बनाने में प्रयुक्त ड्रम, पाइप, बर्तन सहित अन्य सामग्रियों को बरामद किया। पुलिस ने सभी जब्त जावा घोल, भट्ठी एवं उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं मौके से 85 लीटर शराब बरामद किया गया और तीन तस्कर को



गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार किए गए तस्कर थाना क्षेत्र के मांगाबार गांव निवासी हीरल चौधरी,राजधानी चौधरी और रोहित कुमार है।

यह कार्रवाई थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल, एस आई दीपक कुमार एवं सशस्त्र बल के नेतृत्व में की गई। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है । उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों एवं तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।

# भाजपा जमशेदपुर महानगर ने समर्पण दिवस के रूप में मनाई पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा- मूल्य आधारित राजनीति के पुरोधा थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय

**दैनिक समाज जागरण 11.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर भाजपा जमशेदपुर महा नगर ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाया। बुधवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा की अध्यक्षता में साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान बरकट्टा के विधायक अमित यादव, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद समेत पार्टी के वरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। मौके पर कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे एवं भारत माता की जय से कार्यालय परिसर गुंजायमान रखा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति में मूल्य आधारित आचरण,



नैतिकता और राष्ट्रवाद के सशक्त स्तंभ थे। उनका संपूर्ण जीवन सिद्धांतों पर आधारित राजनीति के प्रतीक हैं। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि मात्र 15 वर्षों के सक्रिय राजनीतिक जीवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ को अखिल भारतीय स्वरूप दिया, उसे वैचारिक आधार प्रदान किया और कार्यकताओं में मातृभूमि की सेवा का आजीवन संकल्प जगाया। 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' जैसे राष्ट्रीय भावों को उन्होंने राजनीतिक संस्कार का हिस्सा बनाया। उनका एकात्म मानव दर्शन आज भी भारतीय राजनीति को दिशा दे रहा है।

उन्होंने कहा कि पंडित जी के अंत्योदय के विचार को अटल बिहारी वाजपेयी जी की एनडीए सरकार ने आगे बढ़ाया और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं भाजपा शासित राज्य सरकारें उसी मार्ग पर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना, किसानों के हित में योजनाएं, कोरोना काल में टीकाकरण जैसे अभियान अंत्योदय की भावना के सशक्त उदाहरण हैं, जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का उत्थान है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समृद्ध, शक्तिशाली और वैभवशाली भारत के सपने को साकार करने के लिए संकल्प लें। 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर भारत को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं, बरकट्टा के विधायक अमित यादव ने कहा कि अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता थे। समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए वे हमेशा संघर्षरत रहे। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के कल्याण हेतु दर्जनों हितग्राही मूलक योजनाएं चला रही हैं।

कार्यक्रम में स्वागत संबोधन करते हुए जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित किया। मात्र तीन वर्ष की आयु में उनके पिता और सात वर्ष की आयु में उनकी माता का निधन हो गया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे। वर्ष 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई। 1952 में प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ और दीनदयाल उपाध्याय जी महामंत्री बने तथा 1967 तक वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती पर हम सभी को उनके विचारों से प्रेरणा लेना चाहिए। इस दौरान मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री पप्पू सिंह ने किया। विभिन्न मंडलों में मनाया गया समर्पण दिवसः पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा महानगर अंतर्गत सभी 28 मंडलों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात कर संगठन और समाज के उत्थान में सतत कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, मनोज सिंह, अनिल सिंह, कल्याणी शरण, राजन सिंह, रमेश हांसदा, जिला पदाधिकारी बबुआ सिंह, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, संजीव सिंह, पप्पू सिंह, मिली दास, कृष्णा शर्मा काली, सुबोध झा,

प्रेम झा, बिनोद सिंह, अखिल सिंह, उज्ज्वल सिंह, किशोर ओझा, मंजीत सिंह, सागर राय, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रसाद, अमिताभ सेनापति, रितेश झा, मारुति नंदन पांडेय, रंजीत सिंह, कुमार अभिषेक, रविन्द्र सिसोदिया, अजीत सिंह, अप्पा राव, अजय श्रीवास्तव, हरिकिशोर तिवारी, पंचम जंघेल, राकेश सिंह, माणिक सिंह, ओमप्रकाश सिंह, जीवन साहू, अजय सिंह, दीपक झा, शशांक शेखर, रॉकी सिंह, चिंटू सिंह, रीना चौधरी, मिष्टु सोना, जया शर्मा, मनोज सिंह, गणेश मुंडा, सुख सागर गुप्ता, उपेंद्र गिरी व अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# पटना के पालीगंज में मनाया गया दिन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बुधवार को जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत जरखा गांव में भाजपा कार्यकताओं द्वारा भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दिन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मनाया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल सह प्रखण्ड क्षेत्र के जरखा गांव में भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दिन दयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को लेकर भाजपा कार्यकताओं की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके दौरान भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया तथा पुष्पांजलि अर्पित किया।



मौके पर भाजपा के पालीगंज पूर्वी मंडल अध्यक्ष लवकुश कुमार ने पंडित दिन दयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर भाजपा के पालीगंज पूर्वी मंडल अध्यक्ष लवकुश कुमार, सुनील शर्मा, बेंकटेश कुमार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोलमुरी थाना के पास दिनदहाड़े फायरिंग, कन्हैया यादव गंभीर घायल बाइक सवार हमलावर फरार, पुलिस सीसीटीवी खंगालते हुए जांच में जुटी।

**दैनिक समाज जागरण 11.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर गोलमुरी थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर बुधवार को दिनदहाड़े हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में सनसनी फैल गई। बाइक सवार अपराधियों ने कन्हैया यादव नामक युवक पर अचानक हमला कर कई राउंड गोलियां चला दीं और मौके से फरार हो गए। इस घटना में कन्हैया यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि उसे तीन से अधिक गोलियां लगी हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर तेज रफ्तार बाइक पर पहुंचे और निशाना साधकर लगातार फायरिंग की। अचानक हुई गोलीबारी से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल कन्हैया यादव को तुरंत टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में



उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी सिटी सुधीर चौधरी और गोलमुरी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। साथ ही संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की जा रही है। घायल कन्हैया यादव नामदाबस्ती ए-ब्लॉक, रेल लाइन किनारे हनुमान मंदिर के पास का निवासी है। वह फल का कारोबारी है और परसुडीह मंडी से अपना व्यवसाय संचालित करता है। बताया जाता है कि उसके पिता, जो पहलवान नाम से जाने जाते थे, टिनप्लेट चौक पर फल का ठेला लगाते थे। थाना और सिटी डीएसपी कार्यालय के बेहद नजदीक दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# वार्ड नंबर 30 के पार्षद प्रत्याशी सुधीर चौधरी का चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 11 फरवरी 2026: आदित्यपुर नगर निगम चुनाव का सरगर्मी हुआ तेज ,वार्ड नंबर 30 के पार्षद प्रत्याशी सुधीर चौधरी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन। प्रत्याशी सुधीर चौधरी ने कहा कि मेरी अगर मैं चुनाव जीतूंगा तो अपने वार्ड को विकसित करूंगा. कोई कमी नहीं छोड़ेंगे.वार्ड नंबर 30 को विकसित वार्ड बनाएंगे.

**प्रत्याशी सुधीर चौधरी का तूफानी जनसंपर्क**

आदित्यपुर वार्ड नंबर 30 के प्रत्याशी सुधीर चौधरी का तूफानी जनसंपर्क विकास मॉडलह्व को पूरे निगम में लागू करने का संकल्प, पेयजल संकट दूर करना और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार पहली प्राथमिकता आदित्यपुर नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही वार्ड 30 के प्रत्याशी ने अपना ह्यतूफानीह्व जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को उन्होंने निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 30 का दौरा कर



मतदाताओं से सीधे संवाद किया और अपने पक्ष में मतदान की अपील की।

**जनसमर्थन से उत्साहित प्रत्याशी**

अभियान के दौरान सुधीर चौधरी ने दावा किया कि उन्हें जनता का भरपूर स्नेह और समर्थन मिल रहा है। उनके पत्नी ने भी ने भी प्रचार की कमान संभालते हुए कहा कि उनके पास वार्ड स्तर पर काम करने का लंबा अनुभव है, जिसे अब धरातल पर उतारकर पूरे निगम क्षेत्र को आदर्श बनाया जाएगा। अपनी शैक्षणिक योग्यता और पिछले कार्यों के दम पर सुधीर चौधरी ने अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं। सुधीर चौधरी ने अपने चुनाव चिह्न ह्यब्लैक बोर्ड छापह्न (क्रम संख्या 6) के लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान वार्ड संख्या 30 में विकास का एक सफल मॉडल स्थापित किया है, उसी तर्ज पर वह अब पूरे आदित्यपुर नगर निगम का कायाकल्प करना चाहती हैं।

उनके चुनावी एजेंडे में प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं:

* पेयजल समाधानः क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पानी को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाना।
* बुनियादी ढांचाः साफ-सफाई, नालियों का पुख्ता निर्माण और बिजली की सुचारू व्यवस्था।
* अनुभव का लाभः पति और पूर्व पार्षद बिरजू राम हांसदा के साथ मिलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कार्ययोजना। इस पूरे कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक झा, चंदन सिंह, सूरज रवानी, टिंकू झा, झुन्नु, पिंकू झा, मनीष झा, पंकज झा, राजेश शर्मा, मनोज सिंह, अंकित रोहित इत्यादि शामिल रहे

# रसोईया धमना में सनातन हिन्दू सम्मेलन की तैयारी तेज , 27 मातृशक्ति की बैठक आयोजित

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**

बरही। 22 फरवरी 2026, रविवार को प्रस्तावित सनातन हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर सुनैना देवी की सूचना पर मंगलवार को भगवती मंदिर, रसोईया धमना में बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई, जिसमें 27 मातृशक्ति की उपस्थिति रही। बैठक में यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता का उद्घोष करते हुए भारतीय सनातन संस्कृति में नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि धर्म और संस्कृति को मर्यादित बनाए रखने में महिलाओं का योगदान सर्वोपरी रहा है। रसोईया धमना में लगभग 550 हिन्दू परिवार निवास करते हैं। सम्मेलन गांव में आयोजित होने के कारण शत-प्रतिशत घरों से सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए



घर-घर संपर्क अभियान चलाने की योजना बनाई गई। बरही के समाजसेवी त्रिवेणी साव ने इस अभियान को योजनाबद्ध तरीके से संचालित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए सुनैना देवी, शोभा रानी, रिंकी देवी, संजु देवी और आरती देवी ने सतत कार्य करने का संकल्प लिया। शोभा रानी ने अपने संबोधन में उपस्थित महिलाओं को अपने शौर्य और कर्तृत्व के प्रदर्शन के इस अवसर का पूर्ण उपयोग करने का संदेश दिया। संजय कुमार ने तन, मन और धन से जुटकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कल्याण मंत्रोच्चार कर बैठक का समापन किया।

# दिनदहाड़े फायरिंग से दहला गोलमुरी: थाना और सिटी डीएसपी कार्यालय के सामने कन्हैया यादव को मारी गोली, दिनेश कुमार ने उठाए कानून-व्यवस्था पर सवाल

**दैनिक समाज जागरण 11.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित नामदा बस्ती निवासी कन्हैया यादव को अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मार दी। घटना गोलमुरी थाना और सिटी डीएसपी कार्यालय से महज कुछ दूरी पर हुई, जिससे शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल कन्हैया यादव का इलाज टीएमएच में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार कार्यकताओं के साथ टीएमएच पहुंचे और डॉक्टरों से घायल का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिले में आचार संहिता लागू है, इसके बावजूद अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि थाना और डीएसपी कार्यालय के सामने दिनदहाड़े फायरिंग पुलिस की सक्रियता पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। दिनेश कुमार ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और शहर में सख्त कानून-व्यवस्था बहाल करने की मांग की।

जमशेदपुर में ऐसी हालत कभी नहीं थी लेकिन आज सरकार और शासन के कमजोर रवैए से अपराधी बेलगाम और शहर अशांत।